रांची का तापमान
कांके: अधिक. 29.4° न्यून. 14.6°
रांची: अधिक. 30.0° न्यून. 15.2°
रांची, शुक्रवार
06 मार्च 2026
वर्ष-27, अंक-33, पृष्ठ-12
मूल्य 2 रु.

चैत्र कृष्ण पक्ष 03, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/00155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर







# रांची का नवदंपती दुबई में फंसा, खाड़ी में बढ़ते तनाव से उड़ानें रद्द

● सुरक्षित वापसी का इंतजार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अपने जीवन के नए शुरुआत तथा खास पल को यादगार बनाने दुबई पहुंचे रांची के रहने वाले स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (SAIL) के अधिकारी अतुल उरांव और उनकी नई-नवेली दुल्हन डॉ. कंचन बाड़ा के लिए शादी के बाद की पहली विदेश यात्रा अचानक चिंता में बदल गई है। दोनों हनीमून मनाने दुबई गए थे, लेकिन खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते सैन्य तनाव के कारण कई उड़ानें रद्द हो गईं और अब वे वहीं फंस गए हैं। परिवार के लोग उनकी सुरक्षित वापसी का इंतजार कर रहे हैं। शेष पेज 11 पर

## 22 फरवरी को हुई थी पारंपरिक रीति-रिवाजों से शादी



अतुल उरांव और डॉ. कंचन बाड़ा की शादी 22 फरवरी 2026 को रांची में आदिवासी पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ हुई थी। शादी के बाद घर में खुशी का माहौल था और रिश्तेदारों की बधाइयों के बीच दोनों ने अपने नए जीवन की शुरुआत की। इस पल को यादगार बनाने के लिए दोनों ने हनीमून के लिए दुबई जाने का फैसला किया और 27 फरवरी को दुबई पहुंच गए। उनकी वापसी 4 मार्च को तय थी, लेकिन इसी बीच अंतरराष्ट्रीय हालात बदल गए।

## खाड़ी में तनाव बढ़ने से कई उड़ानें रद्द

बताया जा रहा है कि अमेरिका, इज़राइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव का असर खाड़ी देशों में भी देखने को मिल रहा है। सुरक्षा के मद्देनजर दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट से कई उड़ानों को एहतियातन रद्द कर दिया गया है। इसके कारण हजारों पर्यटक और यात्री वहां फंस गए हैं। होटल परिसरों और कई सार्वजनिक स्थानों पर आवाजाही भी सीमित कर दी गई है। इसी वजह से रांची का यह नवविवाहित जोड़ा भी दुबई में ही ठहरने को मजबूर है।

## खाड़ी देशों में एक करोड़ लोग फंसे हैं

**नई दिल्ली।** पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री बलबीर सिंह ने आईएएनएस से बातचीत करते हुए कनाडा में भारतीय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर की मौत, खाड़ी देशों में फंसे लोगों पर प्रतिक्रिया दी। पंजाब के मंत्री बलबीर सिंह ने कहा, "वर्तमान हालात में हमारे कई लोग खाड़ी देशों में फंसे हुए हैं। लगभग एक करोड़ लोग वहां फंसे हुए हैं। उन्होंने बताया कि उनके पास पैसे खत्म हो गए हैं। इस पर मैंने अपने एक परिचित व करीबी दोस्त के माध्यम से उनके होटल के बिलों का भुगतान करवाया। कुल मिलाकर छह लोग थे। हम उन्हें जल्द से जल्द वापस लाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

**भारतीय नागरिकों के लिए हेल्पलाइन और दूतावास संपर्क :** विदेश मंत्रालय ने नागरिकों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं: 1800118797 (टोल फ्री), 91 11 2301 2113, 91 11 2301 4104, 91 11 2301 7905। इसके अलावा पश्चिम एशिया और खाड़ी देशों में स्थित भारतीय दूतावासों के आपातकालीन संपर्क नंबर भी सक्रिय हैं। उदाहरण के लिए, बहरीन में 973 39418071, ईरान में 98 9128109115 / 98 9128109102 / 98 9128109109 / 98 9932179359, इराक में 964 771 651 1185 / 964 770444 4899, और संयुक्त अरब अमीरात में 971 543090571 (व्हाट्सएप) / 800 46342 (टोल फ्री) हैं। बता दें कि पीएम नरेन्द्र मोदी और विदेश मंत्रालय लगातार क्षेत्रीय नेताओं से संपर्क बनाए हुए हैं और भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की बात कर रहे हैं।

## एक नजर

### बाइक और ऑटो की टक्कर में दो की मौत

**खूंटी।** कर्रा थाना क्षेत्र के चेरवादाग मोड़ पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। खबर है कि बाइक और ऑटो की आमने-सामने टक्कर में जीजा-साले की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में बाइक पर सवार उनका दोस्त और ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, कर्रा की तरफ से आ रहा एक ऑटो और कर्रा से जलटंडा साप्ताहिक हाट जा रही बाइक के बीच चेरवादाग मोड़ पर टक्कर हुई। बाइक पर तीन लोग सवार थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार रमेश और उसका साला मुन्ना उरांव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

### एक-दूजे के हुए अर्जुन तेंदुलकर-सानिया चंदोक



**मुंबई ।** भारत के महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर और सानिया चंदोक शादी के बंधन में बंध चुके हैं। दोनों ने गुरुवार पांच मार्च को सात फेरे लिए। शादी के समारोह में खेल जगत और बॉलीवुड के कई सितारे मौजूद रहे। शादी के बाद अर्जुन और सानिया मीडिया के सामने आए और तस्वीरें भी खिंचवाईं। वहीं, इसके बाद पूरा तेंदुलकर परिवार भी मीडिया के सामने आया। सचिन और उनकी पत्नी अंजलि भी बेटे की शादी पर खुश नजर आईं। इसका वीडियो भी सामने आया है।

मुख्यमंत्री पैतृक गांव नेमरा में आयोजित 'बाहा पर्व' में हुए सम्मिलित

# पूजा-अर्चना कर राज्यवासियों के सुख, समृद्धि की कामना की

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सपरिवार अपने पैतृक गांव नेमरा में आयोजित 'बाहा पर्व' में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ग्रामीणों के साथ नेमरा गांव स्थित जाहेर थान पहुंचे। मुख्यमंत्री वहां पारम्परिक विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर राज्यवासियों की सुख, समृद्धि, खुशहाली एवं उन्नति की कामना की। परंपरा के अनुरूप पूजन कार्य गांव के नाइके बाबा (पाहन) चैतन टुडू एवं कुडम नाइके बाबा (उप पाहन) छोटू बेसरा ने संपन्न कराया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नेमरा के ग्रामीणों के साथ 'बाहा पूजा' के लिए अपने निवास स्थान से पदयात्रा करते हुए जाहेर थान पहुंचे।

**मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर ग्रामीणों का उत्साह चरम पर :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 'बाहा पर्व' में शामिल होने अपने पैतृक गांव नेमरा पहुंचे। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर नेमरा सहित आस-पास क्षेत्र के लोग काफी उत्साहित नजर आए। संस्कृति के अनुरूप नेमरा के ग्रामीण ढोल-नगाड़ा एवं मांदर बजाते हुए मुख्यमंत्री के साथ जाहेर थान पहुंचे। मौके पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने स्वयं मांदर बजाकर ग्रामीणों का उत्साहवर्द्धन किया। मौके पर उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन का हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत किया।




## मुख्यमंत्री सपरिवार पहुंचे नेमरा

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन अपनी धर्मपत्नी विधायक कल्पना सोरेन सहित सपरिवार दो दिवसीय दौरे पर नेमरा पहुंचे। मुख्यमंत्री के आगमन की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में आस-पास क्षेत्र के लोग नेमरा गांव पहुंचे तथा मुख्यमंत्री से मुलाकात की। मुख्यमंत्री भी आत्मीयता के साथ लोगों से मिले एवं उनकी बातों को सुना। मौके पर मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों को 'बाहा पर्व' की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# नामकुम थाने में बच्चे की हत्या के आरोपी ने फांसी लगाकर दी जान

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** नामकुम थाना परिसर में हत्या के एक आरोपी ने पुलिस हवालात के भीतर कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान खूंटी जिले के रहने वाले जगय मुंडा (45) के रूप में हुई है, जिसे 12 वर्षीय बच्चे के अपहरण और हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपी को 4 मार्च को हिरासत में लिया गया था और गुरुवार को उसे न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया होनी थी। गिरफ्तारी के बाद उसे नामकुम थाना की हाजत में रखा गया था। इसी दौरान देर रात उसने ओढ़ने के लिए दी गई चादर का इस्तेमाल कर आत्महत्या कर ली। गुरुवार दिन में घटना की जानकारी मिलते ही थाना परिसर में हड़कंप मच गया।

सूचना पर थाना प्रभारी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। रांची ग्रामीण पुलिस अधीक्षक प्रवीण पुष्कर ने बताया कि मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में हाजत से शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम भी मजिस्ट्रेट की निगरानी में कराया जाएगा और पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। पुलिस के मुताबिक, जगय मुंडा पर नामकुम थाना क्षेत्र की एक महिला के 12 वर्षीय बेटे के अपहरण और हत्या का आरोप था। जांच में सामने आया कि आरोपी ने बच्चे को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले लिया और बाद में उसे रामगढ़ इलाके में ले जाकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को जमीन में दफना दिया गया था। मामले का खुलासा होने पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। प्रारंभिक जांच में यह भी संकेत मिले हैं कि घटना के पीछे व्यक्तिगत संबंधों से जुड़ा विवाद था। बताया जाता है कि आरोपी का एक महिला के साथ संबंध था, लेकिन बाद में महिला का संबंध किसी अन्य व्यक्ति से हो गया। इसी विवाद को लेकर आरोपी ने महिला के बेटे को निशाना बनाया। इस मामले में नामकुम थाना में अपहरण और हत्या की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

## नामकुम थानेदार समेत 7 पुलिसकर्मी सस्पेंड



**रांची।** नामकुम थाना हाजत में बंद आरोपी की मौत मामले में पुलिस प्रशासन ने निष्पक्ष जांच के आदेश दिए हैं। एसएसपी ने मामले की जांच दूसरे क्षेत्र के पुलिस निरीक्षक को सौंपी है। साथ ही हाजत में बंद आरोपी की सुरक्षा व निगरानी में लापरवाही बरतने के आरोप में नामकुम थाना प्रभारी समेत सात पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त जगाई मुंडा पर बदले की भावना से एक नाबालिग लड़के का अपहरण कर उसकी हत्या करने का आरोप था। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने साक्ष्य छिपाने की नियत से इस जघन्य वारदात को अंजाम दिया था। उसे गिरफ्तार कर नामकुम थाना के हाजत में रखा गया था। इसी दौरान हाजत में आरोपी की मौत हो गई, जिसके बाद पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी। एसएसपी ने स्पष्ट किया है कि घटना की निष्पक्ष व पारदर्शी जांच कराई जाएगी, ताकि पूरी सच्चाई सामने आ सके। पुलिस प्रशासन ने यह भी बताया कि हाजत में बंद आरोपी की सुरक्षा व निगरानी में लापरवाही बरतने वाले पुलिस पदाधिकारी व पुलिस कर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है। प्राथमिक जांच के आधार पर नामकुम थानेदार सहित 7 पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। थाना प्रभारी के विरुद्ध विभागीय अनुशासनिक कार्रवाई भी की जाएगी।

# नीतीश कुमार ने राज्यसभा के लिए किया नामांकन, गृह मंत्री अमित शाह रहे मौजूद

**पटना (आईएएनएस)**



बिहार की राजनीति में राज्यसभा चुनाव को लेकर हलचल तेज है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के निर्णय को प्रदेश की सियासत में बड़े उलटफेर की संभावना है। इस बीच गुरुवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन सहित एनडीए के सभी पांच उम्मीदवारों ने गुरुवार को राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी मौजूद रहे। बिहार एनडीए के सभी उम्मीदवार नीतीश कुमार, नितिन नवीन, रामनाथ ठाकुर, शिवेश कुमार राम और उपेंद्र कुशवाहा विधानसभा परिसर पहुंचे और राज्यसभा के लिए नामांकन का पर्चा दाखिल किया।

इससे पहले नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ''केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के साथ पटना में शिष्टाचार मुलाकात की। गुरुवार को ही बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया शेष पेज 11 पर

### बंगाल के राज्यपाल और लद्दाख के एलजी ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल चुनाव से एक महीने पहले राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने अपना इस्तीफा दे दिया है। इसके बाद तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि को पश्चिम बंगाल की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। उधर, लद्दाख के उपराज्यपाल कवींद्र गुप्ता ने भी इस्तीफा दे दिया है। बोस ने अपना इस्तीफा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भेजा है और फिलहाल वे दिल्ली में मौजूद हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बोस के इस्तीफे पर हैरानी जताई। शेष पेज 11 पर

# ईरान युद्ध : गेल को कतर से एलएनजी सप्लाई बंद, भारत में गैस सप्लाई पर पड़ सकता है असर

● हालात जारी रहे तो डाउनस्ट्रीम ग्राहकों को गैस कटौती संभव

**नई दिल्ली(आईएएनएस)**




इजरायल-अमेरिका-ईरान युद्ध और मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव का असर अब भारत की गैस सप्लाई पर भी दिखने लगा है। सरकारी गैस कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड ने बताया है कि कतर से मिलने वाली तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की सप्लाई फिलहाल पूरी तरह बंद हो गई है। कंपनी ने चेतावनी दी है कि अगर हालात ऐसे ही बने रहे तो डाउनस्ट्रीम ग्राहकों को गैस आपूर्ति में कटौती करनी पड़ सकती है। कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग में बताया कि उसके दीर्घकालिक सप्लायर पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड (पीएलएल) ने 3 मार्च को फोर्स मेजर नोटिस जारी किया है। यह कदम इसलिए उठाया गया क्योंकि कतर और भारत के बीच एलएनजी जहाजों के आवागमन में स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में समुद्री नेविगेशन प्रतिबंधों के कारण बाधाएं आ रही हैं। इसके अलावा कतर के रास लाफान में स्थित एलएनजी लिक्विफिकेशन प्लांट भी बंद कर दिया गया है।

फाइलिंग के मुताबिक, पेट्रोनेट के अपस्ट्रीम सप्लायर कतर एनर्जी ने भी क्षेत्र में हालिया सैन्य टकराव के कारण संभावित फोर्स मेजर की स्थिति की जानकारी दी है। इसी वजह से पेट्रोनेट द्वारा गेल को दिए जाने वाले एलएनजी कोटे को 4 मार्च 2026 से शून्य कर दिया गया है। गेल ने कहा है कि वह इस स्थिति का आकलन कर रही है और जरूरत पड़ने पर अपने ग्राहकों को गैस सप्लाई में कटौती करने का फैसला ले सकती है। हालांकि, कंपनी ने यह भी स्पष्ट किया कि अन्य स्रोतों से मिलने वाली एलएनजी सप्लाई फिलहाल प्रभावित नहीं हुई है। कंपनी लगातार हालात पर नजर रखे हुए है और किसी भी बड़े अपडेट की जानकारी शेयर बाजार को देती रहेगी। शेष पेज 11 पर

**गर्व का पल**

न्यूजीलैंड से खिताबी जंग के लिए भारत पूरी तरह तैयार भिड़ंत

# टी20 वर्ल्ड कप फाइनल में एंट्री, इंग्लैंड को हराया

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारतीय टीम ने सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में टी20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में एंट्री कर ली है। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल मैच खेला गया जिसमें भारतीय टीम का सामना इंग्लैंड से था। इस मैच में टीम इंडिया ने टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर्स में 7 विकेट के नुकसान पर 253 रनों का स्कोर बनाया, जिसमें संजू सैमसन के बल्ले से 89 रनों की शानदार पारी ने अहम योगदान दिया। इसके बाद टारगेट का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम 20 ओवर्स में 246 रनों के स्कोर तक ही पहुंचने में कामयाब हो सकी और उसे इस मुकाबले में 7 रनों से हार का सामना करना पड़ा। अब खिताबी मैच में टीम इंडिया का सामना 8 मार्च को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में न्यूजीलैंड की टीम से होगा।

**पहले 6 ओवर्स में इंग्लैंड ने गंवा दिए तीन विकेट, बेथेल ने संभाला एक छोर :** इंग्लैंड की टीम जब इस सेमीफाइनल मुकाबले में टारगेट का पीछा करने उतरी तो उनकी शुरुआत काफी खराब देखने को मिली। पारी के दूसरे ओवर की पहली गेंद पर इंग्लैंड को पहला शेष पेज 11 पर



## बेथेल को मिला विल जैक्स का साथ, मुकाबला हुआ रोमांचक

पावरप्ले खत्म होने के साथ जैकब बेथेल ने काफी आक्रामक रुख अपनाया जिसमें उन्होंने एक छोर से लगातार बड़े शॉट खेलने शुरू कर दिए, इस दौरान इंग्लैंड की टीम ने अपना चौथा विकेट 95 के स्कोर पर टॉस बैंटन के रूप में गंवा दिया जो 5 गेंदों में 17 रनों की पारी खेलने के बाद पवेलियन लौटे। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरे विल जैक्स ने जैकब बेथेल का शानदार तरीके से साथ देने के साथ पांचवें विकेट के लिए सिर्फ 39 गेंदों में 77 रनों की शानदार साझेदारी करने के साथ इस मैच को पूरी तरह से रोमांचक बना दिया।

## बुमराह की शानदार गेंदबाजी, टीम इंडिया फाइनल में

जैकब बेथेल ने विल जैक्स के आउट होने के बाद सैम करन के साथ मिलकर रन बनाने की गति को धीमे नहीं पड़ने दिया, लेकिन इसी दौरान जसप्रीत बुमराह जिन्होंने इस दौरान अपने 2 ओवर्स किए उसमें उनका कमाल देखने को मिला, जहां पर इंग्लैंड की टीम के दोनों ही बल्लेबाज बड़ा शॉट खेलने में कामयाब नहीं हो सके। सैम करन 18 रन बनाकर आउट हुए।

# खामेनेई की मौत पर विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने जताया शोक




**नई दिल्ली(आईएएनएस)**

भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने राजधानी में मौजूद ईरानी दूतावास जाकर ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत पर दुख जताया। उन्होंने ईरानी राजदूत मोहम्मद फथाली से भी मुलाकात कर संवेदनाएं व्यक्त कीं। एक दिन पहले ही ईरानी दूतावास ने ऐलान किया था कि खामेनेई की 'शहादत' के बाद वो कंडोलेंस बुक यानी शोक पुस्तिका रखेंगे जिस पर लोग आकर अपनी संवेदनाएं जता सकते हैं। इससे पहले भारत दोनों ही पक्षों से संयम बरतने की अपील करता रहा है। नई दिल्ली स्थित ईरान के दूतावास पहुंचे और वहां रखी गई श्रद्धांजलि पुस्तिका में भारत की तरफ से हस्ताक्षर किए और संवेदना व्यक्त की। दुनिया भर में ईरानी लोगों और उनके समर्थकों को हुए गहरे नुकसान के जवाब में शेष पेज 11 पर



नेमरा में बाहा पर्व पर **विधायक कल्पना सोरेन** ने प्रकृति के प्रति अपनी गहरी आस्था और सम्मान व्यक्त करते हुए सभी राज्यवासियों को इस पावन पर्व की शुभकामनाएं दीं।



तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री के सुपुत्र सूर्य विक्रमादित्य का विवाह समारोह संपन्न हुआ। मौके पर **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन** ने शिरकत कर वर-वधू को अपना आशीर्वाद दिया।

## अनगड़ा शराब दुकान फायरिंग मामला: पुलिस ने तीन आरोपियों को दबोचा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अनगड़ा थाना क्षेत्र में शराब दुकान पर हुई फायरिंग के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बीते 3 मार्च की रात अपराधियों ने शराब दुकान पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर पूरे इलाके में दहशत फैला दी थी।

### 3 मार्च की रात चली थीं पांच गोलियां

जानकारी के मुताबिक 3 मार्च की रात कुछ बदमाश अचानक शराब दुकान के पास पहुंचे और ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। बदमाशों ने दुकान की ओर करीब पांच राउंड गोलियां चलाईं। गोली चलने की आवाज सुनते ही आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई थी।



सीसीटीवी में कैद हुई पूरी वारदात बताया जा रहा है कि इस घटना को देव सिंह मुंडा और उसके दो साथियों ने अंजाम दिया। पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। फुटेज में आरोपी साफ तौर पर नजर आ रहे हैं, जिससे पुलिस को उनकी पहचान करने में आसानी हुई। अनगड़ा थाना प्रभारी गौतम कुमार रजवार ने मीडिया को बताया कि मुख्य आरोपी की पहचान देव सिंह मुंडा के रूप में हुई थी। पुलिस ने लगातार छापेमारी कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में आगे की जांच जारी है और अन्य पहलुओं को भी खंगाला जा रहा है।

# नीतीश कुमार को अचानक राज्यसभा भेजना उनकी राजनीतिक हैसियत के अनुकूल नहीं : सरयू राय

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री पद छोड़ने और राज्यसभा जाने के फैसले पर झारखंड में जदयू के इकलौते



विधायक और राज्य के पूर्व मंत्री सरयू राय ने असंतोष जाहिर किया है। उन्होंने पूरे घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह नीतीश कुमार की राजनीतिक हैसियत के अनुरूप नहीं है। सरयू राय ने कहा कि वर्ष 2005 से बिहार की बागडोर संभालने वाले नीतीश कुमार ने राज्य में 'सुशासन' की अवधारणा को स्थापित किया और लंबे समय तक प्रशासनिक व राजनीतिक नेतृत्व दिया। ऐसे में उनके पद छोड़ने की प्रक्रिया अधिक गरिमापूर्ण और सुविचारित होनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि जिस तरह अचानक उन्हें मुख्यमंत्री पद से हटाकर राज्यसभा भेजे जाने का निर्णय सामने आया, उससे कई लोग असहज महसूस कर रहे हैं।

विधायक राय ने पिछले दो दिनों के दौरान दिल्ली से पटना तक चली राजनीतिक गतिविधियों पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि घटनाक्रम को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि यह सब पहले से तय योजना के तहत हुआ है। उनके अनुसार यदि नेतृत्व परिवर्तन की आवश्यकता थी और स्वयं नीतीश कुमार भी इसके पक्ष में थे, तो इसे अधिक व्यवस्थित और संतुलित तरीके से किया जा सकता था।

उन्होंने कहा कि इस फैसले के बाद से उन्हें जदयू के कार्यकर्ताओं और समर्थकों के लगातार फोन आ रहे हैं। राय के अनुसार, जमीनी स्तर पर जुड़े कई कार्यकर्ता इस निर्णय से निराश और आहत महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के लिए यह स्थिति 'कड़वा घूंट' जैसी है, जिसे स्वीकार तो किया जा सकता है, लेकिन सहज रूप से पचाना कठिन है।

सरयू राय ने नीतीश कुमार की ओर से सोशल मीडिया पर जारी किए गए बयान का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इतने वरिष्ठ और अनुभवी नेता को इस तरह सार्वजनिक स्पष्टीकरण देने की आवश्यकता क्यों पड़ी, यह सवाल भी उठता है।

उनके मुताबिक संभव है कि उस बयान के माध्यम से पूरे घटनाक्रम को लेकर उठ रहे सवालों को शांत करने की कोशिश की गई हो।

हालांकि राय ने स्पष्ट किया कि उन्हें भाजपा और जदयू के साथ मिलकर सरकार चलाने पर कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन उनकी चिंता नीतिगत निरंतरता को लेकर है।

## नीतीश कुमार को साजिश का शिकार बनाया जा रहा है : कांग्रेस

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की



कार्यशैली हमेशा से अपने सहयोगियों को समाप्त करने की रही है और अब नीतीश कुमार इस साजिश के अगले शिकार बनने जा रहे हैं। बिहार विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए को जनादेश मिला, लेकिन चार महीने बाद ही विश्वासघात करने का काम किया गया।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह समेत भाजपा के तमाम नेताओं ने नीतीश कुमार के नाम पर वोट मांगा था, बिहार की जनता ने नीतीश कुमार परी भरोसा जताते हुए एनडीए को स्पष्ट बहुमत देने का काम किया लेकिन अब बिहार की जनता के साथ एक बड़ा छलावा किया गया है। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री की कुर्सी से हटाकर राज्यसभा भेजने की जो स्क्रिप्ट दिल्ली में लिखी गई है, वह भाजपा की पुरानी इस्तेमाल करो और फेंको की नीति का हिस्सा है। भाजपा ने पहले नीतीश कुमार की पार्टी को कमजोर किया, उनके विधायकों में सेंधमारी की कोशिश की और अब उन्हें अपमानित कर बिहार की सक्रिय राजनीति से दूर करने की साजिश रची है।

## भाजपा ने नीतीश कुमार का राजनीतिक करियर समाप्त कर दिया : विनोद पांडेय

**रांची।** बिहार में बदलते राजनीतिक समीकरण को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर हमला



बोला है। पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने गुरुवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि भाजपा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का राजनीतिक करियर समाप्त कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह बिहार की जनता के जनादेश का अपमान है। हालांकि बिहार में भाजपा की ओर से की गई साजिश को झारखंड में किसी भी हाल में सफल नहीं होने दिया जाएगा। भाजपा के खिलाफ उनकी पार्टी की लड़ाई पहले भी थी और आगे भी जारी रहेगी।विनोद पांडेय ने कहा कि झारखंड की जनता लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए हमेशा सतर्क रही है। राज्य में भाजपा की किसी भी राजनीतिक चाल को कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। बिहार में भाजपा की चाल, चरित्र और चेहरा एक बार फिर देश की जनता के सामने आ गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस चेहरे पर बिहार की जनता ने भरोसा जताते हुए जनादेश दिया था, उसी चेहरे को राजनीति की मुख्यधारा से दूर कर दिया गया। पांडेय ने दावा किया कि बिहार में भाजपा की यह साजिश काफी पहले से चल रही थी। आने वाले समय में जनता दल (यूनाइटेड) का विलय भी भाजपा में हो सकता है।

## बाबूलाल मरांडी ने नीतीश कुमार को राज्यसभा के लिए दी बधाई

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री और विपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री नीतीश



कुमार को राज्यसभा की सदस्यता के लिए नामांकन दाखिल करने पर बधाई दी।मरांडी ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि नीतीश कुमार पिछले तीन-चार दशकों से बिहार की राजनीति के केंद्र में रहे हैं और राज्य को जंगल राज से बाहर निकालकर सुशासन स्थापित करने में अहम योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने प्रशासनिक स्थिरता, विकास और बेहतर शासन के लिए एक नई पहचान बनाई है। मरांडी ने यह भी कहा कि नीतीश कुमार ने सार्वजनिक जीवन में हमेशा ईमानदारी, सम्मान और नैतिकता के मूल्यों को प्राथमिकता दी है। बाबूलाल मरांडी ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में उनका कार्यकाल राज्य के इतिहास में एक सुनहरे अध्याय के रूप में याद किया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि राज्यसभा सदस्य के रूप में नीतीश कुमार का अनुभव और नेतृत्व संसद के उच्च सदन को भी गौरवान्वित करेगा। मरांडी ने नीतीश कुमार को उनके उज्ज्वल भविष्य और देश के विकास में उनके योगदान के लिए हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं।

## निगम की जांच में 53 भवनों के निर्माण में नियमों का उल्लंघन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची नगर निगम की डेडिकेटेड रोड मैनेजमेंट टीम (डीआरएमटी) की ओर से गुरुवार को राजधानी में व्यापक भवन जांच अभियान चलाया गया। प्रशासक के निर्देश पर शहर के प्रमुख मार्गों एचबी रोड, सर्कुलर रोड, मेन रोड, बिरसा चौक स्थित विभिन्न व्यवसायिक व आवासीय भवनों में अवैध निर्माण, अतिक्रमण व भवन नियमों के उल्लंघन की जांच की गई। निगम के मुताबिक इस दौरान 53 भवनों में निर्माण संबंधी विसंगतियां और नियमों के संभावित उल्लंघन सामने आए हैं। कहीं सेट बैक एरिया में अतिक्रमण मिला तो कहीं गिफ्ट डीड पर अतिक्रमण और वैध नक्शा के अतिरिक्त निर्माण के मामले भी मिले।

इसके बाद निगम की टीम ने संबंधित भवन मालिकों को तीन दिन के भीतर सभी वैधानिक दस्तावेज सक्षम प्राधिकार के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।निगम के अनुसार इस अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि शहर में सभी भवन निर्माण स्वीकृत नक्शा, निर्धारित नियमों एवं भवन उपविधियों के अनुरूप हों। किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण, अतिक्रमण या भवन नियमों के उल्लंघन पर अब सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस जांच अभियान के तहत स्वीकृत भवन प्लान, गिफ्ट डीड के तहत भूमि पर अवैध कब्जा या अतिक्रमण, सेटबैक एरिया का उल्लंघन या अन्य निर्माण संबंधी विसंगतियों की गहन जांच की जा रही है, ताकि शहर में सुरक्षित, सुव्यवस्थित और नियम आधारित शहरी विकास सुनिश्चित किया जा सके।कहां किन भवनों की जांचएचबी रोडशौकत अली (आई केयर ऑप्टिकल शॉप भवन), तपुरा कॉम्प्लेक्स, डून डिकोर्स, ग्रेट ब्रिटेन बाफले भवन, यूनिवर्सल हेल्थ क्लब बिल्डिंग, न्यू दिल्ली स्वीट्स बिल्डिंग, होटल राज, श्री दुर्गा टावर, सुमित्रा कॉम्प्लेक्स, राजेश चंद्रालय भवन, श्रीलोक कॉम्प्लेक्स, यूनिवर्सल ट्रेड भवन, आनंद कॉम्प्लेक्स, नर्सरियां भवन, एआरके कॉम्प्लेक्स, कैलाश एनक्लेव, गणेश प्लाजा, शिवांगी अपार्टमेंट, काली टावर, कोरल टावर, क्लीन यू ड्राई क्लीनर्स भवन, होटल रॉयलसंस, होटल आर्या, मंजूषा कॉम्प्लेक्स, मां तारा मिष्ठान भंडार।- सर्कुलर रोड- इंडसइंड भवन, खादिम शोरूम, पासा हाउस, श्याम सुंदर चांदीवाला, रांची मटन ढाबा भवन, पारिजात भवन, एसबीआई लालपुर।- मेन रोडपंचरत्न गैलेरिया, होटल पर्ल,

## घर का ताला तोड़ नगदी और जेवर ले भागे चोर

**रांची** । रांची के अरगोड़ा आवासीय कॉलोनी में रहने वाले संतोष कुमार के घर का ताला तोड़कर चोर नगदी समेत छह लाख के जेवरात चुराकर फरार हो गए। इस संबंध में संतोष कुमार ने अरगोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। संतोष ने पुलिस को बताया कि तीन मार्च की सुबह दस बजे वह परिवार के साथ घर में ताला लगाकर रिश्तेदार के यहां चले गए थे। शाम सवा पांच बजे जब वह पहुंचे तो देखा कि उनके घर का ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर रखा बक्सा खुला हुआ था। उसमें रखे 4.30 लाख नगदी के अलावा सोने की कान की बाली, मंगटीका, चांदी के पायल गायब थे। जिसके बाद वह थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया। पुलिस जांच में जुट गई है।

## कार में लगायी आग, पड़ोसियों पर केस

**रांची।** प्रमुख संवाददाता रांची के ओल्ड एचबी रोड निवासी अश्विनी कुमार जायसवाल की गाड़ी में आग लगाने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। अश्विनी कुमार जायसवाल के बयान पर प्रियाभरत राय और उनके पुत्र सोमनाथ राय के खिलाफ अरगोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। अश्विनी कुमार ने पुलिस को बताया कि तीन मार्च को उनकी कार घर के बाहर खड़ी थी। रात में अचानक उनकी कार धू-धूकर जलने लगी। स्थानीय लोगों के सहयोग से आग बुझायी गई। इसी बीच पुलिस मौके पर पहुंची। सीसीटीवी कैमरा देखने पर पता चला कि उनके पड़ोसी ने ही इस घटना को अंजाम दिया है।


## रांची के विभिन्न इलाकों में छह को छह घंटे नहीं रहेगी बिजली

**रांची।** राजधानी रांची के हरिहर सिंह रोड फीडर से संबंधित इलाकों में शुक्रवार को छह घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। हरिहर सिंह रोड फीडर, कोकर डिवजीन के सब डिवीजन आरएमसीएच और मोरहाबादी के पावर हाउस यह जानकारी बिजली विभाग ने गुरुवार को दी। विभाग के अनुसार विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल, आरएमसीएच के अधीन (आरडीएसएस) कार्य करने के लिए हरिहर सिंह रोड के मंडाटांड, मस्जिद गली, खलिहान गली, हरिहर सिंह रोड क्षेत्र का ट्रांसफार्मर बंद रहेगा।

### तीन महीने पुराने हत्याकांड का खुलासा

## केयरटेकर ने ही प्रेमी के साथ मिलकर की थी बुजुर्ग दिव्यांग महिला की हत्या

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** लगभग तीन महीने पहले जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र में हुई बुजुर्ग दिव्यांग महिला विश्वासी हन्ना तिरू की सनसनीखेज हत्या की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। यह एक ब्लाइंड मर्डर केस था, जिसकी साजिश किसी बाहरी ने नहीं, बल्कि महिला की सबसे भरोसेमंद केयरटेकर ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर रची थी। बीते 5 दिसंबर 2025 को हटिया सिंहमोड़ स्थित विजेता इंक्लेव के एक फ्लैट में विश्वासी हन्ना तिरू की गला रेतकर बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। मृतका के पति स्टीफन तिरू (मेकॉन के पूर्व कर्मचारी) के निधन के बाद वह अकेली रहती थीं और चलने-फिरने में असमर्थ होने के कारण वॉकर का सहारा लेती थीं। घटना के दिन जब उनका भतीजा अनिल खाना देने आया, तो उसने अपनी चाची को खून से लथपथ फर्श पर पड़ा पाया। पास ही खून से सना ब्लेड भी बरामद हुआ था।

### साजिश के पीछे लालच और अवैध संबंध

एसएसपी राकेश रंजन के निर्देश पर जगन्नाथपुर थाना प्रभारी दिग्विजय सिंह की टीम ने जब बारीकी से जांच की, तो शक की सुई घर के करीबियों पर जाकर टिकी। जांच में सामने आया कि मुख्य साजिशकर्ता केयरटेकर सलोमी होरो और उसका प्रेमी मोहम्मद शाहीन हैं। मृतका ने सलोमी पर भरोसा कर उसे अपनी 10 लाख रुपए की एफडी में नॉमिनी बनाया था।

## बीएड डिग्रीधारी प्राथमिक शिक्षकों के लिए 6 माह का ब्रिज कोर्स अनिवार्य

**रांची।** सीबीएसई ने स्कूलों में कार्यरत बीएड डिग्रीधारी प्राथमिक शिक्षकों के लिए छह माह का ब्रिज कोर्स अनिवार्य कर दिया है। इस संबंध में बोर्ड ने संबद्ध स्कूलों के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जारी अधिसूचना के अनुसार, राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) ने राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) को इस छह माह के ब्रिज कोर्स के संचालन की मान्यता प्रदान की है। यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट के 11 अगस्त 2023 के आदेश के अनुपालन में लिया गया है। सर्कुलर के स्पष्ट निर्देश हैं कि यह ब्रिज कोर्स केवल उन प्राथमिक शिक्षकों के लिए है, जिनकी नियुक्ति बीएड डिग्री के आधार पर हुई थी और जो 11 अगस्त 2023 से पहले ही सेवा में आ चुके थे।

## संजय सेठ के आवास पर आयोजित होली मिलन समारोह में उड़े रंग और गुलाल



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** नमो श्रीअन्न होली मिलन समारोह का आयोजन केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ जी के आवास पर आयोजित की गई इस कार्यक्रम में सभी ज्येष्ठ श्रेष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं सम्मानित नागरिकों के साथ खुशियां साझा करने का सौभाग्य मिला। सभी साथियों का उत्साह और स्नेह ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। इस अवसर पर भाजपा झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष सह राज्यसभा के सांसद आदित्य साहू पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, रांची के विधायक सी पी सिंह, हटिया के विधायक नवीन जयसवाल, रांची की नवनिर्वाचित मेयर रोशनी खलखो, यदुनाथ पांडेय, रांची महानगर के अध्यक्ष वरुण साहू, भाजपा ग्रामीण पूर्वी जिलाध्यक्ष धीरज महतो और ग्रामीण पश्चिम के जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह, पूर्व विधायक समरी लाल, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, इनकम टैक्स कमिश्नर निशा उरांव सहित रांची लोकसभा क्षेत्र के सभी विधानसभा से आए लोगों एवं रांची के सभी सामाजिक एवं धार्मिक संगठन के लोगों की उपस्थिति ने इसकी शोभा को और भी बढ़ा दिया।

# रांची रेल मंडल में ब्लॉक, कई ट्रेनें रद्द व कुछ विलंब से चलेंगी

- विकास कार्य पूर्ण होने के बाद परिचालन सामान्य होगा
- यात्रियों से यात्रा से पूर्व अद्यतन जानकारी लेने की अपील

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची रेल मंडल के अंतर्गत टाटी स्टेशन पर विकास कार्यों के लिए ब्लॉक लिया जाएगा, जिसके कारण कई ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से यात्रा से पूर्व ट्रेन की स्थिति की जानकारी लेने की अपील की है।



### ये ट्रेनें रहेंगी रद्द

ट्रेन संख्या 58659 हटिया–राउरकेला पैसेंजर, यात्रा प्रारंभ दिनांक 06/03/2026, 07/03/2026 एवं 08/03/2026 को रद्द रहेगी। ट्रेन संख्या 58660 राउरकेला–हटिया पैसेंजर, यात्रा प्रारंभ दिनांक 07/03/2026, 08/03/2026 एवं 09/03/2026 को रद्द रहेगी। ट्रेन संख्या 18175/18176 हटिया–झारसुगुड़ा–हटिया मेमू एक्सप्रेस, यात्रा प्रारंभ दिनांक 06/03/2026, 07/03/2026 एवं 08/03/2026 को रद्द रहेगी।

### इन ट्रेनों के प्रस्थान समय में परिवर्तन

ट्रेन संख्या 15027 सम्बलपुर–गोरखपुर एक्सप्रेस, 06/03/2026, 07/03/2026 एवं 08/03/2026 को अपने निर्धारित समय से 1 घंटा विलंब से सम्बलपुर से प्रस्थान करेगी। ट्रेन संख्या 18310 जम्मू तवी–सम्बलपुर एक्सप्रेस (वाया रांची), 06/03/2026 को 2 घंटे विलंब से जम्मू तवी से प्रस्थान करेगी। ट्रेन संख्या 18309 सम्बलपुर–जम्मू तवी एक्सप्रेस (वाया रांची), 07/03/2026 को 1 घंटा विलंब से सम्बलपुर से प्रस्थान करेगी। ट्रेन संख्या 18106 जयनगर–राउरकेला एक्सप्रेस, 06/03/2026 को 2 घंटे विलंब से जयनगर से प्रस्थान करेगी। ट्रेन संख्या 22357 लोकमान्य तिलक टर्मिनस–गया एक्सप्रेस (वाया रांची), 06/03/2026 को 2 घंटे विलंब से लोकमान्य तिलक टर्मिनस से प्रस्थान करेगी। रेल प्रशासन ने बताया कि विकास कार्य पूर्ण होने के बाद परिचालन सामान्य कर दिया जाएगा। यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए अद्यतन जानकारी प्राप्त कर ही यात्रा करें।

## लोकतंत्र का गला घोंट रही है भाजपा : आलोक

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव आलोक कुमार दूबे ने बिहार के मौजूदा राजनीतिक घटनाक्रम पर आलोचना करते हुए कहा देश में लोकतांत्रिक मूल्यों पर लगातार हमला हो रहा है। दूबे ने कहा कि बिहार में जिस तरह की राजनीतिक स्थिति बनाई गई है, उससे साफ दिखाई देता है कि भाजपा सत्ता हासिल करने के लिए किसी भी नैतिक सीमा को पार करने को तैयार है। जनता ने जिस विश्वास के साथ अपना मत दिया था, आज उसी जनादेश के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

## नीतीश को राज्य सभा भेजने का तरीका गलत : पंकज मिश्र

**रांची।** जयप्रकाश जनता दल के राष्ट्रीय सचिव पंकज मिश्र ने कहा कि नीतीश कुमार का व्यक्तित्व इतना विशाल है कि कोई भी पद उनके



लिए मायने नहीं रखता। राज्य सभा जाने का निर्णय पर कोई प्रश्नचिन्ह नहीं उठाया जा रहा। मगर दस बार सीएम रहे नेता को जिस तरह बेदखल किया गया वह तरीका गलत है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार अपने करीबियों के शिकार हो गए। उनके अगल - बगल घूमने वाले सभी नेता शुरु से भाजपा के लिए काम कर रहे थे। सीटों के बंटवारे से लेकर प्रत्याशियों के चयन तक में सबने नीतीश को अंधकार में रखा। बिहार की जनता नीतीश कुमार के नाम पर वोट की है। इस बात को एनडीए के नेता भी स्वीकार करते हैं।

# रांची में पर्यावरण अनुकूल कैरी बैग उत्पादन यूनिट स्थापित करने की पहल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा में रांची नगर निगम की ओर से एक नई पहल की जा रही है। शहरवासियों को पर्यावरण अनुकूल विकल्प उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अटल स्मृति वेंडर मार्केट एवं नागा बाबा वेजिटेबल मार्केट में नॉन वोवन कैरी बैग उत्पादन यूनिट स्थापित करने का प्रस्ताव है।

**मशीन संचालन से पूर्व महिलाओं को दिया जाएगा प्रशिक्षण :** प्रशासक सुशांत गौरव की अध्यक्षता में यह बैठक आयोजित की गई। इसमें एएलएफ एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की टीम गठित की जाएगी। इसके साथ ही यूनिट के संचालन, उत्पादन, मार्केटिंग, मांग-आपूर्ति एवं प्रशिक्षण से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

प्रशासक ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि मशीन संचालन से पूर्व सभी महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जाए। उत्पादित बैग की गुणवत्ता, बाजार की मांग-आपूर्ति और आर्थिक विश्लेषण का नियमित आकलन किया जाए। उन्होंने कहा कि डे-एनयूएलएम के अंतर्गत इस पहल से महिलाओं को रोजगार मिल पाएगा। इसके साथ ही महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकेंगी। शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक के विकल्प को बढ़ावा देगी। उन्होंने कहा कि नॉन वोवन कैरी बैग वर्तमान पर्यावरण संरक्षण की अवधारणा के अनुरूप हैं। ये बैग पुनः प्रयोज्य, टिकाऊ और लागत प्रभावी होने के कारण सिंगल यूज प्लास्टिक का एक बेहतर विकल्प हैं। नगर निगम क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध कड़ी दंडात्मक कार्रवाई भी सुनिश्चित की जा रही है। मौके पर अपर प्रशासक संजय कुमार, उप प्रशासक गौतम प्रसाद साहू, सहायक प्रशासक निकेश कुमार, नगर अभियान प्रबंधक, ALF प्रतिनिधि, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं एवं अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे।



## अपर बाजार में लाइसेंस शुल्क भुगतान को लगेगा विशेष कैंप

रांची । नगर निगम वित्तीय वर्ष 2025-26 समाप्त होने से पहले अपर बाजार क्षेत्र के लाइसेंसधारियों को लाइसेंस शुल्क जमा करने की सुविधा देने के उद्देश्य से विशेष कैंप का आयोजन कर रहा है। यह शिविर अपर बाजार स्थित डिबरी पट्टी दुर्गा मंदिर के बेसमेंट में 9 से 11 मार्च तक लगेगा। जिसमें सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक नगर निगम द्वारा आवंटित भूमि या दुकानों के लाइसेंसधारी मासिक किराया और लाइसेंस शुल्क आसानी से जमा कर सकेंगे। निगम के अनुसार जिन दुकानदारों या लाइसेंसधारियों पर बकाया शुल्क है, वे इस कैंप में पहुंचकर आसानी से अपना भुगतान कर सकते हैं। निगम प्रशासन का कहना है कि शिविर लगाने का उद्देश्य लाइसेंसधारियों को अलग से निगम कार्यालय जाने की परेशानी से बचाना और उन्हें एक ही स्थान पर बकाया जमा करने की सुविधा देना है।

### समाहरणालय में आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक

# पीडीएस व्यवस्था सुदृढ़ करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



समाहरणालय सभागार में मंगलवार को जिला स्तरीय आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) से संबंधित योजनाओं एवं वितरण व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान राशन कार्ड की रिक्तियों की समीक्षा की गई तथा अयोग्य लाभुकों के नाम हटाने और योग्य लाभुकों के नाम जोड़ने की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। साथ ही लाभुकों के ई-केवाईसी कार्य में तेजी लाने के लिए एनआईसी के साथ समन्वय स्थापित कर चार दिनों के भीतर सुधार सुनिश्चित करने को कहा गया। अधिकारियों को प्रखंडवार चावल वितरण की तिथियों तथा गोदामों में उपलब्ध खाद्यान्न की अद्यतन रिपोर्ट प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया गया, ताकि वितरण व्यवस्था पारदर्शी और समयबद्ध रहे। बैठक में धान अधिप्राप्ति की भी समीक्षा की गई। किसानों को किए गए भुगतान की जानकारी ली गई तथा पंजीकृत किसानों को विभागीय संदेश भेजने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त गोदामों में खाद्यान्न के सुरक्षित भंडारण हेतु सीसीटीवी, अग्निशमन यंत्र एवं अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं को अद्यतन रखने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पीडीएस व्यवस्था में पारदर्शिता, जवाबदेही और समयबद्धता सुनिश्चित कर लाभुकों तक योजनाओं का लाभ प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए।

# सीनियर सिटीजन के चेहरे पर बिखरी मुस्कान



हास्य कवि की प्रस्तुति पर लगे ठहाके

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** रांची के हास्य कवि नरेश बंका की प्रस्तुति पर सीनियर सिटीजन के चेहरों पर मुस्कान आ गई। मौका था सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसायटी नोएडा के होली मिलन समारोह का। हास्य कवि नरेश बंका की हास्य क्षणिकाओं और वन लाइनर की प्रस्तुति पर उपस्थित वरिष्ठजनों ने ठहाके लगाए। लोग कहते हैं मोहब्बत नहीं करेंगे, लेकिन होनी को कौन टाल सकता है..., बेलन भी गजब का आविष्कार दिखती है , रोटी तो गोल और पति को सीधा करती है.... जैसी हास्य व्यंग्य प्रस्तुति पर लोग ठहाके लगा रहे थे। नरेश बंका ने बताया कि वरिष्ठ लोगों के चेहरों पर मुस्कान देख अच्छा लगा। समारोह के दौरान मोबाइल का प्रयोग छोड़ सभी एक दूसरे से उत्साहित होकर मिल रहे थे।

# कोयंबटूर-रांची (हटिया) दैनिक ट्रेन सेवा के शीघ्र परिचालन की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार ने कोयंबटूर-रांची (हटिया) के बीच प्रस्तावित दैनिक ट्रेन सेवा के शीघ्र परिचालन के लिए उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन को पत्र प्रेषित किया है।

अपने पत्र में श्री पोद्दार ने उल्लेख किया है कि कोयंबटूर और रांची (हटिया) के बीच प्रस्तावित रेल सेवा की घोषणा का झारखंड एवं तमिलनाडु के लोगों ने हर्षपूर्वक स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह ट्रेन सेवा दोनों राज्यों के बीच सामाजिक एवं आर्थिक संबंधों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

उन्होंने आगे कहा कि इस रेल सेवा के प्रारंभ होने से श्रमिकों, विद्यार्थियों, मरीजों तथा व्यापार-उद्योग से जुड़े लोगों को सुरक्षित, सुविधाजनक और किफायती यात्रा का लाभ मिलेगा। दक्षिण भारत के प्रमुख औद्योगिक एवं चिकित्सा केंद्रों से सीधा रेल संपर्क स्थापित होने से रोजगार के अवसरों, स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और व्यापारिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी, जिससे संतुलित क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा मिलेगा।

श्री पोद्दार ने माननीय उपराष्ट्रपति से आग्रह किया कि इस बहुप्रतीक्षित ट्रेन सेवा के शीघ्र संचालन हेतु आवश्यक पहल की जाए, ताकि दोनों राज्यों के नागरिकों को जल्द से जल्द इसका लाभ प्राप्त हो सके। उक्त जानकारी दक्षिण पूर्व रेलवे के जेडआरयूसीसी सदस्य अरुण जोशी ने दी।

# मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने बुजुर्गों संग मनाई होली

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा द्वारा "होली के रंग, असहायों के संग" अभियान के अंतर्गत पहाड़ी मंदिर के पास बुजुर्गों के साथ सादगी और आत्मीयता के साथ होली मनाई गई। इस अवसर पर शाखा सदस्यों ने बुजुर्गों के साथ गुलाल लगाकर उत्सव की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम के दौरान शाखा की ओर से चिप्स के पैकेट, 100 जूस, टॉफी, फूड पैकेट तथा गुलाल का वितरण किया गया। उपहार पाकर सभी बुजुर्ग काफी उत्साहित और भावुक नजर आए। शाखा अध्यक्ष पूजा अग्रवाल ने कहा कि बुजुर्गों की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। उन्होंने कहा कि होली जैसे पावन पर्व पर समाज के जरूरतमंद और असहाय लोगों के साथ खुशियां बांटना ही सच्ची मानवता है। इस अवसर पर ममता भिवानिया की ओर से



चिप्स और जूस का विशेष सहयोग प्रदान किया गया। कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष पूजा अग्रवाल, कविता सोमानी, दीपिका मोतिका सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

## तेज रफ्तार कार से धक्का लगने से अधिकारी जख्मी

**रांची।** चुटिया के मकचुंद टोली में रहने वाले व इंफोसिमेंड के अधिकारी संतोष रजक तेज रफ्तार काले रंगे की कार से धक्का लगने से जख्मी हो गए। घटना के बाद चालक कार लेकर मौके से भाग निकलने में कामयाब रहा। अस्पताल में इलाज कराने के बाद उन्होंने कार चालक के खिलाफ हिट एंड रन का केस दर्ज कराया है। इसमें बताया गया है कि वे पिछले दिन शाम में कचहरी रोड में रांची नगर निगम के कार्यालय से बाहर निकलने के बाद सड़क पार कर रहे थे। इसी क्रम में तेज रफ्तार से आ रही कार से उन्हें धक्का लग गया। इसके बाद वह अचेत हो गए और शरीर के विभिन्न अंगों में अंदरूनी चोट भी लगी। इधर, केस दर्ज किए जाने के बाद पुलिस उस कार की तलाश में जुट गई है, जिससे संतोष रजक धक्का लगने से जख्मी हो गए थे।

# चश्मा के संबंध में नहीं बताने पर छुरा से वारकर जख्मी किया

**नवीन मेल संवाददाता।रांची।** रंगों का त्योहार होली पर बुधवार को दिन में खुशियां मनाने के लिए दोस्त के साथ परिचित के यहां गए मनस्वी चौरसिया पर छुरा से कई वार किए गए। वहीं मनस्वी के दोस्त विवेक चौरसिया का सिर रिवाल्वर की बट से वारकर फोड़ दिया। बीच-बचाव करने पर हमलावरों ने सुरेंद्र चौरसिया को भी जख्मी कर दिया। इसके बाद समूह में आए हमलावर मौके से भाग निकलने में कामयाब हो गए।मामले में पुंदाग ओपी क्षेत्र के लाला लाजपत नगर में रहने वाले मनस्वी की लिखित शिकायत पर अन्नी कुमार, रौनक ठाकुर एवं छह अन्य के खिलाफ बिना वजह मारपीट कर जानलेवा हमला करने का केस दर्ज हुआ है। सूचक ने बताया है कि वह होली पर अपने दोस्त के यहां रंग खेलने के लिए मधुकम के रोड नंबर पांच में गए हुए थे। वह और विवेक दोस्त के मकान के बगल में निर्माणाधीन भवन परिसर में बैठकर बातचीत कर रहे थे। इसी समय ऊपर की छत पर पहले से मौजूद अन्नी, विवेक व अन्य उनके पास आ धमके और उनके द्वारा लगाए गए चश्मे के बारे में पूछने लगे। उनके सवालों का उत्तर नहीं देने पर उसने पास रखे छुरा से मनस्वी के पेट में कई वार किए। इसी क्रम में समूह में शामिल युवकों में से एक ने पास रखा रिवाल्वर बाहर निकाला और उसकी बट से विवेक के सिर पर दे मारा, जिससे उसका सिर फूट गया।

## बाइक-टैंकर में टक्कर, एक की मौत

**रांची।** होली की रात को थाना क्षेत्र के नामकुम खटाल के रहने वाले 27 वर्षीय अविनाश राय की दुर्घटना में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि अविनाश गैस गोदाम अमेठीया नगर से गाय दुहकर अपनी बाइक संख्या जेएच 1 ईएल 7955 से लौट रहा था। उसी दौरान उसने सडक किनारे खड़े टैंकर संख्या जेएच 02 ए डब्लू 2902 में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची नामकुम पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम हेतु रिम्स भिजवा दिया है। थानेदार मनोज कुमार ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया है, साथ ही दोनो दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर थाने ले आई है।

**आज / कल**




# बीआईटी में झारखंड की जनजातीय विरासत और डिजिटल नवाचार पर राष्ट्रीय कार्यशाला आज से

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान, मेसरा (बीआईटी मेसरा) अपने मेसरा परिसर में कला, संस्कृति, आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस और सतत उद्यमिता पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित करने जा रहा है। यह वर्कशॉप 6 मार्च से 8 मार्च तक होगी। "रूट्स टू रेनैसांः झारखंड की जनजातीय विरासत, नवाचार और डिजिटल उद्यमिता का समन्वय" शीर्षक से आयोजित यह कार्यक्रम प्रबंधन अध्ययन विभाग और मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को झारखंड सरकार के पर्यटन, कला एवं संस्कृति निदेशालय का सहयोग प्राप्त है।

तीन दिवसीय इस कार्यशाला में झारखंड की जनजातीय विरासत और पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसमें विभिन्न विद्वान, नीति-निर्माता, सांस्कृतिक कार्यकर्ता और उद्यमी भाग लेंगे। कार्यक्रम के दौरान यह चर्चा की जाएगी कि मौखिक कहानी कहने की परंपरा और हस्तशिल्प जैसी पारंपरिक सांस्कृतिक धरोहरों को डिजिटल माध्यमों की सहायता से किस प्रकार दर्ज, डिजिटल रूप में सुरक्षित और संरक्षित किया जा सकता है।

इस अवसर पर संस्थान के कुलपति प्रोफेसर इंद्रनील मन्ना उपस्थित रहेंगे। झारखंड सरकार के कला एवं संस्कृति विभाग के निदेशक आसिफ एकराम मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल होंगे।

उद्घाटन सत्र में प्रबंधन अध्ययन विभाग के अध्यक्ष संजय कुमार झा भी अपना संबोधन देंगे। कार्यक्रम में झारखंड की जनजातीय विरासत पर केंद्रित सांस्कृतिक आदान-प्रदान भी आयोजित किए जाएंगे। सत्रों में यह बताया जाएगा कि डिजिटल उपकरणों की मदद से लोककथाओं, बोलियों और पारंपरिक संगीत का दस्तावेजीकरण कैसे किया जा सकता है।

कार्यक्रम के अंतर्गत पारंपरिक मिट्टी के बर्तन बनाने की कला का प्रदर्शन, मोटे अनाज आधारित पारंपरिक खाद्य प्रणालियों पर चर्चा तथा मौखिक इतिहास को सुरक्षित रखने पर कार्यशालाएँ भी आयोजित होंगी। इसके साथ ही उद्यमिता प्रयोगशाला, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ जैसे छऊ नृत्य और पैका नृत्य, तथा विद्यार्थियों की प्रस्तुतियाँ भी कार्यक्रम का हिस्सा होंगी।

यह कार्यशाला झारखंड में सांस्कृतिक संरक्षण और विरासत से जुड़े उद्यमों पर कार्य कर रहे शोधकर्ताओं, कारीगरों और नीति-निर्माताओं के बीच सहयोग को बढ़ावा देने की अपेक्षा रखती है।

# विद्याधन छात्रवृत्ति योजना : 206 उत्कृष्ट छात्रों को मिला सम्मान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सरोजिनी दामोदरन फाउंडेशन, बेंगलुरु द्वारा संचालित विद्याधन छात्रवृत्ति कार्यक्रम के तहत रांची प्रेस क्लब सभागार में आयोजित एक समारोह में मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति राशि वितरित की गई। इस योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली छात्रों का चयन किया जाता है। परीक्षा के माध्यम से झारखंड के विभिन्न जिलों से कुल 206 मेधावी छात्रों का चयन किया गया था।




प्रेस क्लब रांची के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड अधिविद परिषद के सदस्य डॉ. राधा रमण साहू उपस्थित थे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में सरोजिनी दामोदरन फाउंडेशन के छह राज्यों के प्रभारी प्रबंधक उमा शंकर राव मौजूद थे इनके हाथों चयनित छात्रों को प्रमाण पत्र और छात्रवृत्ति राशि के चेकप्रदान किए गए। इस अवसर पर अतिथि के रूप में अधिवक्ता आनंद राम महतो, राजनाथ महतो, बिहार के प्रभारी दीपेंद्र प्रसाद और झारखंड की कार्यक्रम पदाधिकारी रीता कुमारी सहित विद्याधन के कई स्कॉलर भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित भी किया गया।

# सदगुरु कृपा अपना घर आश्रम में मनाया गया होली उत्सव



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पुंदाग स्थित सदगुरु कृपा अपना घर आश्रम में रह रहे 50 से अधिक निराश्रितों, दिव्यांग प्रभुजनों के बीच होली हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। यह आयोजन श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर के प्रांगण में संपन्न हुआ, जहां रंगों के इस महापर्व ने सेवा, समर्पण और सामाजिक समरसता का सुंदर संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर के पुजारी पंडित अरविंद पांडे द्वारा श्री राधा रानी की विधिवत पूजा-अर्चना एवं महाभोग अर्पण से हुई। वैदिक मंत्रोच्चार और भक्तिमय वातावरण के बीच उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान से सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। पूजा के उपरांत आश्रम में रह रहे निराश्रित जनों, दिव्यांगों एवं सेवादारों के बीच अबीर-गुलाल के साथ होली खेली गई।होली के पारंपरिक गीतों और भजनों की मधुर धुन पर सभी ने एक-दूसरे को रंग लगाकर प्रेम और भाईचारे का परिचय दिया। आश्रम परिसर रंगों से सराबोर हो उठा और हर चेहरे पर मुस्कान खिल उठी। विशेष रूप से निराश्रित एवं दिव्यांग प्रभुजनों के चेहरे पर उत्साह और आत्मीयता की झलक ने कार्यक्रम को भावुक और प्रेरणादायक बना दिया।इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने उपस्थित सभी लोगों को होली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, सद्भाव और सामाजिक एकता का प्रतीक है। समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों के साथ पर्व मनाना ही सच्ची सेवा और मानवीयता है।कार्यक्रम के अंत में सभी के बीच स्वादिष्ट व्यंजनों का वितरण किया गया, जिसका सभी ने आनंद लिया। इस प्रकार सेवा, श्रद्धा और सौहार्द के वातावरण में होली का यह उत्सव यादगार बन गया। यह जानकारी ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने दी।

### सरला बिरला स्कूल में होली मिलन का उल्लासपूर्ण आयोजन

# शिक्षकों ने बिखेरे एकता और उत्साह के रंग, एक दूसरे को दी बधाई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



सरला बिरला पब्लिक स्कूल परिसर में उस समय उत्सव के जीवंत रंग बिखर उठे, जब शिक्षकगण "रंगोत्सव–होली मिलन 2026" के लिए एकत्रित हुए। विशेष रूप से शिक्षकों के लिए आयोजित इस कार्यक्रम ने आत्मीयता, एकता और होली के वास्तविक उत्सवी भाव को साकार रूप में अभिव्यक्त किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत मधुर समूहगान से हुआ, जिसने पूरे आयोजन को सुरमय और सौहार्दपूर्ण वातावरण प्रदान किया। इस भावपूर्ण प्रस्तुति ने होली के आनंद, उत्साह और एकजुटता के संदेश को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इसके पश्चात ऊर्जावान समूह नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई, जिसमें शिक्षकों ने आकर्षक कोरियोग्राफी के माध्यम से अपनी सशक्त टीम भावना और उत्साह का प्रदर्शन किया। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजे शिक्षक समारोह में लय, ऊर्जा और उल्लास का संचार करते हुए इसे जीवंत एवं स्मरणीय बना गए। आयोजन स्थल को थीम के अनुरूप आकर्षक सजावट से सजाया गया था, जिसने उत्सवी वातावरण को और अधिक मनोहारी बना दिया तथा होली के रंगमय स्वरूप को सजीव रूप से प्रतिबिंबित किया। उत्साह को बढ़ाने के लिए अंताक्षरी एवं हाउजी जैसी रोचक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। इन सहभागितापूर्ण कार्यक्रमों ने सहकर्मियों के मध्य हँसी, उल्लास और आत्मीय जुड़ाव को प्रोत्साहित किया तथा सौहार्द, सहयोग और सामंजस्य की भावना को सुदृढ़ किया। समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय की प्राचार्या मनीषा शर्मा ने कहा कि होली समरसता, नवचेतना और सकारात्मक ऊर्जा का अनुपम उत्सव है। उन्होंने कहा कि जब शिक्षक परस्पर सम्मान और सहयोग की भावना के साथ एकत्रित होते हैं, तो वे विद्यार्थियों के लिए अधिक प्रेरणादायी और सृजनात्मक वातावरण का निर्माण करते हैं। यह केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि शिक्षकों की जीवंतता और संस्थान द्वारा संजोए गए सांस्कृतिक मूल्यों का सशक्त प्रतिबिंब है। कार्यक्रम का समापन शिक्षकों द्वारा एक-दूसरे को उत्सवी शुभकामनाएं देने के साथ हुआ। 'रंगोत्सव–होली मिलन 2026' शिक्षकों के मध्य रंगों, आत्मीयता और सामूहिक उत्साह का प्रेरणास्पद उत्सव बनकर यादगार बन गया।



# लापुंग में धूमधाम से मनी होली

नवीन मेल संवाददाता



**लापुंग।** लापुंग प्रखंड में रंगों का त्यौहार होली लापुंग प्रखंड एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग एवं निगरानी में आपसी भाईचारगी तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो गया। दो मार्च होलिका दहन व भद्रा नक्षत्र और चंद्र ग्रहण होने कारण फगुआ का पर्व पूरे लापुंग प्रखंड में बुधवार चार मार्च को रंग और ग़ुलाल लगाकर एक दूसरे क़ो बधाई दी और परंपरागत तरीके से गोड़लगी कर बड़े बुजुर्गो का पांव छूकर आशीर्वाद लिया गया। गांव के अखाड़ों में पारम्परिक होली गीत ढोलक, झाल, मंजिरा व नगाड़ा तथा मांदर की थाप पर अद्भुत तरीके से मनाया गया। वहीं कई गांवों में पारंपरिक पद्धति नाचने और अखाडा सजने की परम्परा विलुप्त होती दिख रही है। गांवों में पूर्व में बूढ़े बुजुर्ग शाम के समय अखड़ा महीनो से राग रंग और गीत में हार-जीत और एक दूसरे क़ो चिढ़ाने की परम्परा नागपुरी फागुआ में झलक दिखती थी। अब इस राग रंग से लोग दूर होकर डीजे और स्पीकर की आवाज में नाचने और थिरक़ने की आधुनिक परंपरा को अपनाने को मजबूर हो रहे है। वहीं दूसरी ओर लापुंग के फतेहपुर, महुगांव, कक़रिया, दौलैचा,लालगंज के अलावे अन्य गांव में फागुआ का त्यौहार शांति पूर्वक सम्पन्न हुआ। फतेहपुर में युवक युवतियों ने डीजे की साउंड के साथ नाचते गाते पुरे गांव में रंग अविर एक दूसरे क़ो लगाते हुए पुरे गांव भ्रमण किया। पूरे लापुंग प्रखंड में शांति व्यवस्था के लिए लापुंग थाना प्रभारी गोबिंद कुमार सदल बल भ्रमण करते दिखे साथ ही वाहन चेकिंग कर होली के शांतिपूर्ण आयोजन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## लूट के प्रयास में युवक को गोली मारने के दो आरोपी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी थाना क्षेत्र के पोसेया गांव स्थित गंडू सरमाली में आयोजित मेला देखकर लौट रहे मुरहू थाना क्षेत्र के गुरमी निवासी विष्णु महतो को लूट के इरादे से गोली मारकर घायल करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में सायको थाना क्षेत्र के ग्राम जिलिंगकेला बुरुटोला निवासी 20 वर्षीय अमित मुंडू और मुरहू थाना क्षेत्र के ग्राम बगमा टोला गिड़ुम निवासी 25 वर्षीय मुनी पूर्ति उर्फ डेके उर्फ बिरसा पूर्ति शामिल हैं। पुलिस के अनुसार इनमें से एक आरोपी घटना में सीधे तौर पर शामिल था, जबकि दूसरा रेकी करने में संलिप्त था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुरहू के गुरमी गांव निवासी विश्वकर्मा महतो उर्फ विष्णु महतो 8 फरवरी को खूंटी थाना क्षेत्र के गंडू सरमाली गांव में आयोजित मेला देखकर देर शाम अपनी मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान मुरहू थाना क्षेत्र के बगमा स्थित मारंगटोली रोड के सुनसान स्थान पर तीन-चार अज्ञात अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर उनका वाहन रोकने का प्रयास किया और पैसे की मांग की। पैसा नहीं देने पर अपराधियों ने उनके पैर में गोली मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए।इस संबंध में मुरहू थाना में कांड संख्या 09/26 के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले के शीघ्र उद्भेदन के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी खूंटी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसके बाद मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक की-पैड मोबाइल भी बरामद किया है।

## बुढ़मू के हतपसर्द के मूक बधिर नाबालिग के साथ दुष्कर्म

**बुढ़मू।** थाना क्षेत्र के हतनाई में एक विकलांग मंदबुद्धि व मूक बधिर नाबालिग युवती के साथ बलात्कार का सनसनीखेज मामला सामने आया है।घटना सोमवार 2 मार्च की बतायी जा रही है ।जानकारी के अनुसार युवती गांव से सटे जंगल की ओर बकरी चराने गयी थी और आरोपी जंगल किनारे अपने खेत में मटर लगाया था जिसे निगरानी कर रहा था इसी क्रम में सुनसान जंगल में अकेली मंदबुद्धि युवती को देख फायदा उठाते हुए गांव के ही फुचई मुंडा का पुत्र अमित मुंडा ने युवती का यौन शोषण किया।घर लौटने पर युवती की हालत देख उसकी माँ को शक हुआ काफी पूछने पर किसी प्रकार युवती ने घटना की जानकारी परिजनों को दिया।ईधर सूचना फैलने पर आरोपी ने धमकी व पैसे का लालच देकर मामले को गांव स्तर पर ही दबाने का काफी प्रयास किया ।इस बीच बुधवार को होली होने की वजह से परिजनों ने गुरुवार को पीड़िता के साथ बुढ़मू थाना आकर मामला दर्ज कराया।पुलिस ने त्वरित करवाई करते हुए आरोपी युवक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया वहीं पीड़िता को मेडिकल जांच केलिये रांची भेजा गया।

शादीशुदा है आरोपी,पहले भी कर चुका है हरकत--नाम नहीं छापने की शर्त पर ग्रामीणों ने बताया की आरोपी युवक शुरू से ही कई युवतियों के साथ ऐसी हरकतें करता रहा है।गांव में पांच छः बार इसको लेकर पंचायती हो चुकी है हर बार आरोपी मामले को गांव स्तर पर ही समझौता कर समाप्त करा लेता था।उसकी इन्ही हरकतों से परेशान परिजनों ने वर्ष 2011-12 में ही उसकी शादी कर दिया था जिससे उसकी संतान भी है।इस मामले को भी उसने दबाने का भरपूर प्रयास किया परंतु उसकी बार बार की हरकतों से परेशान ग्रामीणों,पीड़िता के परिजनों व स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने पीड़िता को न्याय दिलाने केलिये बुढ़मू थाना में आवेदन दिलाया।मामले को लेकर थाना प्रभारी नवीन शर्मा ने बताया की आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजकर पीड़िता की मेडिकल जांच करायी गयी है।जांच रिपोर्ट आते ही आरोपी को कठोर सजा दिलाने का प्रयास किया जायेगा।

### नरमेदेश्वर शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली कलश यात्रा

# उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, भक्ति गीतों और जयकारों से गूंजा क्षेत्र

- आयोजन स्थल पर पांच दिवसीय महायज्ञ के साथ चल रहा भंडारे का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता





**रातू।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पाली में नरमेदेश्वर शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त आयोजित पांच दिवसीय महायज्ञ के अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु, विशेषकर महिलाओं ने सिर पर कलश लेकर पूरे गांव में श्रद्धा और भक्ति के साथ यात्रा में भाग लिया। पूरा गांव भक्ति गीतों और जयकारों से गूंज उठा। महायज्ञ के आयोजन को लेकर गांव में उत्सव जैसा माहौल बना हुआ है। आयोजन स्थल पर पांच दिवसीय महायज्ञ के साथ 24 घंटे का भंडारा भी चल रहा है, जिसमें दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। कार्यक्रम में चान्हों जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी भी शामिल हुए और आयोजन समिति तथा ग्रामीणों को इस धार्मिक आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आस्था, भाईचारा और एकता का संदेश देते हैं। इस आयोजन की खास बात यह है कि गांव की यज्ञ समिति को मुस्लिम समाज सहित सभी समाज के लोगों का भरपूर सहयोग मिल रहा है, जिससे क्षेत्र में आपसी सौहार्द और भाईचारे की मिसाल देखने को मिल रही है। यज्ञ समिति के सदस्यों ने बताया कि पांच दिनों तक विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, पूजा-पाठ और भजन-कीर्तन का कार्यक्रम चलता रहेगा, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग ले रहे हैं।

## बच्चा चोर के शक में तीन युवक गिरफ्तार, गांव में मचा हड़कंप



**मांडर।** गली-गली घुमकर अचार बेचने वाला बच्चों को जबरन खिलाने के आरोप डुमरी प्रखंड क्षेत्र के कठगांव में बच्चा चोर होने के शक में तीन युवकों को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। गुरुवार को हुई इस घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस फिलहाल मामले की गंभीरता से जांच में जुटी हुई है कि यह वास्तव में बच्चा चोरी का मामला है।

## मांडर में धूमधाम व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाई गई होली

**मांडर।** मांडर क्षेत्र में रंगों का पावन पर्व होली हर्षोल्लास, उत्साह और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। क्षेत्र के विभिन्न गांवों एवं मोहल्लों में लोगों ने एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। सुबह से ही बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों में त्योहार को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। लोग अपने घरों से निकलकर मित्रों, रिश्तेदारों और पड़ोसियों के घर पहुंचे तथा अबीर-गुलाल लगाकर आपसी भाईचारे का संदेश दिया।ोली के अवसर पर कई स्थानों पर होली मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया, जहां लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर पर्व की खुशियां साझा कीं। पूरे क्षेत्र में ढोल-नगाड़ों और होली गीतों की गूंज सुनाई देती रही, जिससे माहौल पूरी तरह उत्सवमय बना रहा। होली से एक दिन पूर्व मांडर क्षेत्र में परंपरा के अनुसार अगजा कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस दौरान विधि-विधान के साथ अग्नि प्रज्वलित की गई और लोगों ने होलिका दहन कर बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीकात्मक संदेश दिया। अगजा स्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## कमंता डैम में नहाने गया युवक लापता, डूबने की आशंका

**खूंटी।** खूंटी थाना क्षेत्र के कमंता डैम में दोस्तों के साथ नहाने गया एक युवक गुरुवार दोपहर रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया। आशंका जताई जा रही है कि युवक डैम के गहरे पानी में डूब गया होगा। लापता युवक की पहचान अनिगड़ा गांव निवासी 21 वर्षीय आकाश पूर्ति के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार आकाश पूर्ति अपने गांव के पांच दोस्तों करण सिंह, बिंदेश्वर होरो, सुखराम पाहन, घसिराय पाहन और सुबोध सारुकद पूर्ति के साथ गुरुवार दोपहर करीब दो बजे एक टेम्पो से कमंता गांव स्थित कमंता डैम नहाने के लिए पहुंचे थे। काफी देर तक डैम में नहाने के बाद जब सभी युवक बाहर निकले तो उन्होंने देखा कि डैम किनारे आकाश पूर्ति के कपड़े और मोबाइल रखा हुआ है, लेकिन वह खुद वहां मौजूद नहीं था। जब कोई पता नहीं चल सका तो युवकों ने घटना की जानकारी ग्रामीणों को दी। ग्रामीणों ने मामले की सूचना खूंटी थाना को दी। सूचना मिलते ही खूंटी के अंचल अधिकारी प्रदीप कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी तथा थाना प्रभारी अशोक कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचेऔर युवकों से पूछताछ कर लापता युवक की तलाश शुरू कर दी।

### पूर्व सैनिकों के लिए विशेष रोजगार मेले का आयोजन

# देश के 18 स्थानों में 17 मार्च को पूर्व सैनिकों के लिए लगेगा रोजगार मेला

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** पूर्व सैनिकों को नागरिक कार्यबल में सशक्त बनाने और उनके पुनर्गठन में सहायता करने की एक ऐतिहासिक पहल के तहत, रक्षा मंत्रालय के पूर्व सैनिक कल्याण विभाग के महानिदेशालय पुनर्वास द्वारा 17 मार्च को चंडीगढ़ में पूर्व सैनिकों के लिए एक रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह रोजगार मेला भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना के पूर्व सैनिकों को सुरक्षा, आईटी, प्रशासन, रसद (लॉजिस्टिक्स), स्वास्थ्य सेवा और इंजीनियरिंग सहित विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख कॉर्पोरेट और औद्योगिक नियोक्ताओं के साथ जोड़ने के लिए एक समर्पित मंच के रूप में कार्य करेगा। यह पहल पूर्व सैनिकों के पुनर्वास और कल्याण के प्रति पूर्व सैनिक कल्याण विभाग (रक्षा मंत्रालय) की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि उनके अनुशासन, नेतृत्व और तकनीकी विशेषज्ञता को पहचान मिले—ऐसे कौशल जिन्हें नागरिक नौकरी बाजार में अत्यधिक महत्व दिया जाता है। डीजीआर द्वारा वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान पूरे भारत में विभिन्न स्थानों पर पूर्व सैनिकों के लिए 18 रोजगार मेले आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें से अब तक दिल्ली, चेन्नई, अहमदाबाद, लखनऊ, वाराणसी, कोलकाता, सिकंदराबाद, जम्मू, भोपाल, कोच्चि, गुवाहाटी, देहरादून, बेंगलुरु और पुणे में सोलह मेलों का आयोजन किया जा चुका है। पूर्व सैनिकों को उन भर्तीकर्ताओं के सामने अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा जो पूर्व सैनिकों द्वारा कार्यबल में लाए जाने वाले अद्वितीय मूल्य को समझते और सराहते हैं। पंजीकरण करने पर नियोक्ताओं को समर्पित, कुशल और मिशन-तैयार पेशेवरों के बायोडाटा (रेज़्यूमे) तक निःशुल्क पहुंच प्राप्त होगी। नियोक्ता रोजगार मेले के दौरान पहले से शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों के साक्षात्कार और चयन की योजना बना सकते हैं।

**धर्म**

### राय बाजार में मटका फोड़ कार्यक्रम का भव्य आयोजन

# सभी सनातनियों का आगे आना जरूरी: भैरव

- होलिका दहन बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है

नवीन मेल संवाददाता



**खलारी।** खलारी प्रखंड अंतर्गत राय बाजार में होली पर्व के अवसर पर मटका फोड़ कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित समाजसेवी एवं 'हिंदू सम्राट' के नाम से प्रसिद्ध भैरव सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में भैरव सिंह ने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा के लिए सभी हिंदुओं को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि होलिका दहन बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और उसके बाद होली का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। उसी प्रकार मटका फोड़ कार्यक्रम भी एक लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जिस तरह इस कार्यक्रम में मटका फोड़ना लक्ष्य होता है, उसी प्रकार सनातन धर्म और हिंदू संस्कृति की रक्षा करना हम सभी हिंदुओं का सामूहिक लक्ष्य होना चाहिए। इससे पूर्व मुख्य अतिथि के आगमन पर राय मटका फोड़ आयोजन समिति के सदस्यों ने उन्हें फूलों की माला पहनाकर तथा अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि होली का पर्व एक दूसरे के साथ मिलकर मनाने से सौहार्द बढ़ता है। इस मौके लोग एक दूसरे के घरों में जाते हैं और लजीज पकवान का लुत्फ लेते हैं, जिससे हमलोगों में सौहार्द का वातावरण बढ़ता है।

कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर आरएसएस के उदय सिंह, समाजसेवी जगदीश सोनी, समाजसेवी नरेश महतो, सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण कुमार मंडल, भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष रामलाल महतो, राय पंचायत के पूर्व मुखिया प्रदीप उरांव, मिंटू अग्रवाल, छवि सिंह, मंदिर के पुजारी एस.के. मिश्रा, गणेश महतो, खलारी थाना के सब इंस्पेक्टर शंकर राम, एएसआई सहित अन्य अतिथि उपस्थित थे। मटका फोड़ कार्यक्रम को सफल बनाने में राय बाजार मटका फोड़ समिति के कुणाल कुमार साव, पारस चौहान, सचिन सोनी, रवि सोनी, कुंदन चौहान, सूरज कुमार समेत आयोजन समिति के अन्य सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही।

## करमटोली में अप्पा टेंट हाउस के गोदाम में लगी आग

**रांची।** रांची के करमटोली स्थित अप्पा टेंट हाउस के गोदाम में बुधवार को आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि देखते ही देखते टेंट हाउस में रखा सामान धू-धूकर जलने लगा। घटना के बाद स्थानीय निवासियों में हड़कंप मच गया और लोग सुरक्षा की दृष्टि से अपने घरों से बाहर निकल आए। घटना की जानकारी मिलते ही अग्निशमन विभाग को सूचित किया गया। सूचना पाकर दमकल की गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंच गई। फायर ब्रिगेड के आने से पहले ही मुहल्ले के युवाओं और बुजुर्गों ने एकजुट होकर बाल्टियों से पानी डालना शुरू किया और उपलब्ध संसाधनों की मदद से आग की लपटों को आसपास के घरों में फैलने से रोका।

# न्यूज बॉक्स

## तीन मई को नीट यूजी परीक्षा में खूंटी के 154 परीक्षार्थी होंगे शामिल



**खूंटी।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) यूजी को कदाचार मुक्त और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए खूंटी जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी क्रम में उपायुक्त आर रॉनिटा के निर्देश पर गुरुवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त (डीडीसी) आलोक कुमार ने की। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने जानकारी दी कि इस वर्ष खूंटी जिले में नीट यूजी परीक्षा में लगभग 154 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा का आयोजन तीन मई को निर्धारित किया गया है। इसके लिए पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय को परीक्षा केंद्र के रूप में चयनित किया गया है। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने परीक्षा को पूरी तरह कदाचार मुक्त वातावरण में संपन्न कराने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को परीक्षा केंद्र का पूर्व निरीक्षण करने और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही परीक्षा के दिन सुरक्षा, निगरानी और प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत रखने पर भी चर्चा की गई। डीडीसी ने कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या कदाचार की संभावना को समाप्त करने के लिए सभी विभागों के बीच समन्वय बनाए रखना आवश्यक है। इसके लिए सभी संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने दायित्वों का समय पर निर्वहन करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) मुख्यालय, संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## 20 मार्च को सरहुल मनाने को लेकर बैठक निकलेगी भव्य शोभायात्रा



**लापुंग।** लापुंग प्रखंड मुख्यालय के ऐतिहासिक मुख्य स्टेडियम में आदिवासी सरना धर्मावलंबियों तथा मुंडा आदिवासी समाज के संयुक्त तत्वावधान में इस बार लापुंग प्रखंड में 20 मार्च को प्रखंड स्तरीय आदिवासी सरहुल पूजा एवं सरहुल पूर्व संध्या समारोह का भव्य आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का आयोजन पाहन पुजार महतो कोटवार पईनभरा सहित सभी धर्मगुरूओं के मार्गदर्शन एवं अगुवाई में 20 मार्च को सरहुल पूर्व संध्या समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। लापुंग पुलिस प्रशासन के संरक्षण में आदिवासियों का विशाल एवं भव्य जुटान होगा। इस दौरान आदिवासियों से भव्य आयोजन को सफल बनाने के लिए पारंपरिक आदिवासी वेशभूषा, ढोल नगाडा. मांदर सहित डीजे गाजा बाजा के साथ भाग लेने की अपील की गई है।

## शरारती तत्वों ने शिवमंदिर से गणेश प्रतिमा चोरी की, लोगों में आक्रोश



**खूंटी)।** जरियागढ़ थाना क्षेत्र के गोविंदपुर के पास कारो नदी तट पर बने शिव मंदिर से शरारती तत्वों ने गणेश की संगमरमर की प्रतिमा और पीतल के शेषनाग को चोरी कर ली। इस संबंध में तोरपा थाने में गुरुवार को मामला दर्ज कराया गया है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम 7:00 बजे तक लोगों ने मंदिर में पूजा अर्चना की, लेकिन गुरुवार की सुबह जब लोग वहां पहुंचे, तो गणेश की प्रतिमा और पीतल के शेषनाग गायब मिले। यह देखते ही लोगों में आक्रोश भर गया और भारी संख्या में सनातनी लोग मंदिर के पास पहुंच गए। मामले की सूचना मिलते ही जरिया गढ़ के थाना प्रभारी बीरेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ वहां पहुंचे और आक्रोशित लोगों को समझा बुझा कर माहौल को शांत कराया। थाना प्रभारी ने कहा कि इसमें शरारती तत्वों का हाथ हो सकता है। उन्होंने बताया कि बहुत जल्द मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

## सड़क दुर्घटना में अज्ञात बाइक सवार युवक की मौत, अब तक नहीं हो पाई पहचान



**मांडर।** ब्राम्बे के निकट मंगलवार की रात करीब नौ बजे सड़क दुर्घटना में पल्सर बाइक जेएच 01एफएन-4091पर सवार एक युवक की मौत हो गई। नीले रंग का ट्रैक शूट पहने करीब 25 साल के इस युवक की पहचान नहीं हो पाई है। युवक के दाहिने हाथ में सफेद रंग का कड़ा भी है।

## सिल्ली आसपास के क्षेत्रों में होली पर्व हर्षोल्लास के साथ हुआ संपन्न



**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली, मुरी एवं आसपास के क्षेत्रों में रंगों का पर्व होली बुधवार को हर्षोल्लास एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। सुबह से ही गांव एवं कस्बों में लोगों के बीच होली का उत्साह देखने को मिला। महिला, पुरुष, बच्चे एवं युवाओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर पर्व की खुशियां साझा की।युवाओं की टोली अपने दोस्तों के साथ रंग-गुलाल उड़ाते हुए होली खेलते नजर आए, वहीं बच्चों में भी होली को लेकर काफी उमंग देखने को मिली। महिलाओं ने भी पारंपरिक तरीके से एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की बधाई दी। पूरे क्षेत्र में आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का माहौल बना रहा। वहीं पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। विभिन्न स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी ।

### रंगों का उत्सव होली धूमधाम के साथ संपन्न

# फगुआ गीतों की बही बयार डीजे की धुन पर थिरके युवक



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** रंगों का त्योहार होली प्रखंड क्षेत्र में हर्षोल्लास,शांति व सौहार्द के साथ मनाया गया। वहीं लोगों ने होली पर्व पर अबीर गुलाल लगाकर व गले मिलकर एक दूसरे को बधाई दी।

इस अवसर पर सोशल मीडिया पर भी शुभकामनाएं और बधाई देने का दौर खुब चलता रहा। इस निमित विधायक अमित कुमार यादव,अध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग झारखंड सह पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया, जिप सदस्य कुमकुम देवी, प्रमुख रेणु देवी,बरकट्ठा मुखिया संघ अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव समेत तमाम जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र वासियों को होली की बधाई दी ।साथ ही पर्व को शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

वहीं प्रखंड के बरकट्ठा बेलकपी, कोनहारा कला, घंघरी , झुरझुरी, बरवां, सलैया, चेचकपी, शिलाडीह, गोरहर, बेड़ोकला, गैड़ा, कपका, गंगपाचो समेत विभिन्न जगहों पर होली के पारंपरिक गीतों पर ढोल नगाड़ों के साथ लोग झूमते नजर आए।

त्यौहार को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर प्रशासन भी मुस्तैद दिखी। बरकट्ठा थाना प्रभारी पंकज कुमार सिंदुरिया, गोरहर थाना प्रभारी नितिश कुमार सिंह व पुलिस बल के द्वारा क्षेत्र भ्रमण कर शांति व्यवस्था कायम रखने का सफल प्रयास किया गया। वहीं लोगों ने लजीज व्यंजनों का जमकर आनंद उठाया तथा देर रात तक गीत संगीत का आनंद लेते दिखे।

## पासवान कल्याण समिति का होली मिलन समारोह आयोजित

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत तूईयो के रामपुर बुचई में पासवान कल्याण समिति के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पासवान समाज के लोग उपस्थित थे। मिलान समारोह में गायक प्रदीप बेचारा टीम के द्वारा होली और बाबा चुहडमल पर गाये गीतों पर जमकर लोग झूमते नजर आये। मौके पर उपस्थित लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई और शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में द्वारिका पासवान, प्रखंड अध्यक्ष दीपक पासवान, प्रखंड सचिव मुनिलाल पासवान, सकलदेव पासवान, अशोक पासवान, किशोर पासवान, रवि पासवान, दामोदर पासवान, अजय पासवान, सुजीत पासवान, लालमोहन पासवान, कुलदीप पासवान, रामदेव पासवान, प्रेम पासवान, देवानंद पासवान, भीम पासवान, सुनील पासवान, श्याम पासवान, रामचंद्र पासवान, शिवपूजन पासवान, कैलाश पासवान, किशोर पासवान, सुरेन्द्र पासवान, प्रयाग पासवान, इंद्रदेव पासवान, मिश्ररलाल पासवान समेत आदि लोग उपस्थित थे।

# भैंसुर पर मारपीट और छेड़खानी का आरोप प्राथमिकी दर्ज



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** रसोइया धमना गांव की एक महिला के साथ अपने ही भैंसुर के खिलाफ मारपीट, छेड़खानी और धमकी देने का मामला सामने आया है। घटना 1 मार्च की बताई जा रही है। इस संबंध में पीड़िता के लिखित बयान पर बरही थाना में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने पुलिस को दिए आवेदन में आरोप लगाया है कि 1 मार्च की सुबह करीब 8 बजे जब वह छत पर रोटी बना रही थी आरोपी भैंसुर ने उसके साथ जबरन छेड़खानी की। विरोध करने पर उसने मारपीट करते हुए उसके कपड़े फाड़ दिए और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता के शोर मचाने पर आसपास के लोग जुट गए, जिसके बाद किसी तरह मामला शांत हुआ। घटना के बाद पीड़िता ने बरही थाना पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई।

मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) 2023 की विभिन्न धाराओं 115(2), 126(2), 109(1), 74, 76, 79, 352 एवं 351(2) के तहत प्राथमिकी संख्या 0080/2026 दर्ज कर ली है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है तथा तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज बॉक्स

### रामगढ़ जिले में धूमधाम से मना रंगों का त्योहार होली, खूब उड़े गुलाल



**रामगढ़।** शहर सहित सहित जिलाभर में 4 मार्च को रंगों का पर्व होली उत्साह के साथ मना। होली के मौके पर जिलावासी उत्साह और उमंग से भरे नजर आए। मंगलवार की देर रात्रि पुरोहित द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर होलिका दहन करवाया गया। होली के अवसर पर लोगों ने एक-दूसरे को रंग-अबीर लगाया। साथ ही एक-दूसरे के गले मिलकर होली पर्व की बधाई दी। इसके पश्चात एक-दूसरे के घर जाकर लजीज व्यंजनों का सामूहिक रूप से लुत्फ उठाया। इस मौके पर विभिन्न स्थानो पर पर मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मटका फोड़ने वाले को उपहार देकर पुरस्कृत किया गया। होली के गीतों पर लोग देर रात तक नाचते-गाते नजर आए। शहर सहित कुरूम, छत्तर मांडू, लारी, दुलमी, चितरपुर, गोला, मांडू, पतरातू आदि स्थानो में लोगों ने जमकर होली खेली और एक दूसरे को होली की बधाई दी। इधर, होली पर्व शातिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने के लिए प्रशासन द्वारा सभी प्रमुख चौक चौराहों पर पुलिस बलों की तैनाती की गई थी। ताकि पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो।

### सलैया देवी मंडप में चैती दुर्गा पूजा को लेकर नई समिति का गठन, मुकेश दास बने अध्यक्ष



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम सलैया स्थित देवी मंडप परिसर में ग्रामीणों की एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी चैती दुर्गा पूजा के सफल आयोजन को लेकर नई समिति का गठन सर्वसम्मति से किया गया। ग्रामीणों ने निर्णय लिया कि इस वर्ष पूजा को भव्य,श्रद्धापूर्ण और अनुशासित तरीके से संपन्न कराया जाएगा। नवगठित समिति में मुकेश दास को अध्यक्ष, जीबलाल पंडित को उपाध्यक्ष, रोहित प्रसाद को कोषाध्यक्ष, यशराज साहा को सचिव तथा विकास कुमार को सह सचिव की जिम्मेवारी सौंपी गई ।वहीं पूजा के सफल संचालन, मार्गदर्शन और सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी के लिए अधिवक्ता रामसेवक प्रसाद को मुख्य संरक्षक सह निगरानी समिति अध्यक्ष बनाया गया है। मुखिया इंद्रदेव प्रसाद और सूर्यदेव मंडल को संरक्षक की जिम्मेवारी दी गई ।समिति को सशक्त बनाने के लिए बिनोद प्रसाद, सहदेव प्रसाद, हीरामन प्रसाद, सरयू रविदास, बुलाकी प्रसाद, रमन प्रसाद, हीरालाल प्रसाद, छोटीलाल मंडल, अरुण मंडल तथा सीताराम प्रसाद को सक्रिय सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

### हजारीबाग से बिहार की मजबूरी भरी यात्रा, बस के साथ-साथ ट्रेन की परेशानी

**हजारीबाग।** हजारीबाग टाउन रेलवे स्टेशन से पटना, बिहार के लिए सिर्फ एक ट्रेन है। वंदे भारत एक्सप्रेस 22350, जो हजारीबाग टाउन स्टेशन से शाम 6:23 बजे प्रस्थान करती है। यह ट्रेन अपनी तेज रफ्तार, आधुनिक सुविधाओं और कम समय में यात्रा पूरी करने के लिए यात्रियों के बीच खासा लोकप्रिय है। वहीं यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पटना-विशाखापट्टनम (भाया राजगीर-तिलैया) स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। यह स्पेशल ट्रेन सीमित तिथियों में दोनों दिशाओं में चलेगी, जिससे बिहार, झारखंड और ओडिशा के यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। खासकर हजारीबाग, कोडरमा और रांची क्षेत्र के यात्रियों को लंबी दूरी की यात्रा में सहूलियत मिलेगी। हजारीबाग से बिहार की यात्रा इन दिनों मजबूरी का सफर बन गई है। जहां ट्रेन राहत नहीं दे पा रही और बसें जेब पर भारी पड़ रही हैं। पटना जाने वाली मुख्य गाड़ी रात में है, इसलिए मजबूरन लोग रात में ही सफर पकड़ रहे हैं। प्लेटफॉर्म पर खचाखच भीड़ थी। जनरल कोच में पैर रखने की जगह तक नहीं थी। स्टेशन पर सुरक्षा इंतजाम नाकाफी नजर आए।भीड़ के अनुपात में सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन कमजोर नजर आया। प्लेटफॉर्म पर अतिरिक्त बल या गाइडेंस की कमी से यात्रियों को ट्रेन पकड़ने में दिक्कतें हो रही हैं। बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे सबसे ज्यादा परेशान दिखे ट्रेन न मिलने पर बड़ी संख्या में यात्री बस स्टैंड का रुख कर रहे थे। हजारीबाग बिहार रूट पर बसों की संख्या सीमित होने से किराया डेढ़ गुना तक बढ़ा दिया गया था। हजारीबाग से बस के कई यात्री पटना जाते हैं। जो टाइम को लेकर सचेष्ट रहते हैं वे ट्रेन से चले जाते हैं। बाकी लोग से से ही यात्रा करते हैं।

### विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का होली मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के बरवां में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के तत्वावधान में होली मिलन समारोह कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में विहिप अध्यक्ष भागीरथ प्रसाद ने लोगों से कहा होली आपसी भाईचारे का त्योहार है। बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। मिलन समारोह में पारंपरिक होली गीत में लोग खूब झूमे। कार्यक्रम में संयोजक विनोद कुमार, मंत्री सत्यम भारती, उपाध्यक्ष धीरज गुप्ता, रामचंद्र चौधरी, शिवलाल यादव कृष्णा जय पांडेय, राजकुमार गिरी, मुकेश पांडेय, दिनेश प्रसाद, रीतलाल प्रसाद, रामेश्वर प्रसाद, खुबलाल प्रसाद, टहल महतो, गोपी प्रसाद, बिनोद, बालेश्वर, सुरेन्द्र, शंभु महतो मुकेन्द्र, पप्पू, भुनेश्वर, राहुल, देवकुमार, राजेश, केदार, जिबलाल, हरिलाल, प्रकाश प्रसाद, ईश्वर मोदी, गोविंद, इन्द्रदेव, जगदीश, बालेश्वर, राजेन्द्र, मुर्ती, दिलीप, तुलसी प्रसाद, बजरंगी साव, मनोज कुमार, दीपक कुमार, अमित सोनी, सुखदेव यादव, विशाल कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

### कूद डंपिंग यार्ड में आग लगने से गुजरने वाले लोगों की मुश्किलें बढ़ी

**हजारीबाग।** नगर निगम क्षेत्र के कूद स्थित डंपिंग यार्ड के आग लगने से स्थानीय निवासियों और इस रास्ते से गुजरने वाले लोगों को काफी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। पिछले कुछ समय से इस यार्ड से कचरे के ढेरों से आग लगने से जो जहरीला धुंआ उठ रहा है। उससे पर्यावरण दूषित हो ही रहा है।

यह सवाल उठाते सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने नगर आयुक्त ओमप्रकाश गुप्ता से आग बुझाने की गुहार लगाई है। सांसद मीडिया प्रतिनिधि ने कहा है कि डंपिंग यार्ड में याद लगने से इसके आसपास के खिरगांव, कूद, यशवंत नगर इलाके के रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर इसका सीधा असर पड़ रहा है। यहां से उठने वाले धुएं से लोग त्रस्त और परेशान हैं। नगर निगम क्षेत्र का पूरा कचड़ा इसी डंपिंग यार्ड में डंप किया जा रहा है। यहां पर आग लगा देने के बाद उठ रही आग से इस क्षेत्र में रहने वाले बच्चे, बुजुर्ग और बीमार लोगों के लिए यह धुंआ जानलेवा साबित साबित हो रहा है। जनहित में इस डंपिंग यार्ड में लगे आग को बुझाने की दिशा में त्वरित पहल करने की मांग की है। नगर आयुक्त ने आश्वस्त किया कि इसपर वे यथाशीघ्र पहल जरूर करेंगे।

### राष्ट्रीय ज्योतिष महाकुंभ का आयोजन

## डॉ. दिनेश महतो लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से हुए सम्मानित




**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** उत्तराखंड स्थित ऋषिकेश के त्रिवेणी घाट के जयराम आश्रम में काशी ज्योतिष संस्थान के तत्वावधान में विगत 23फरवरी से 25 फरवरी 2026 तक तीन दिवसीय राष्ट्रीय ज्योतिष महाकुंभ का आयोजन किया गया।


इस निमित संपूर्ण भारत के कोने कोने से आये ज्योतिष महारथियों के द्वारा ज्योतिष,वास्तुशास्त्र एवं आयुर्वेद के द्वारा जनकल्याण के संबंध में जानकारी दी गई। संबंधित जानकारी देते हुए प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय परबत्ता के प्रधानाध्यापक सह ज्योतिषाचार्य डॉ0 दिनेश महतो ने बताया कि कार्यक्रम के आयोजन कर्ता आचार्य डॉ अंजन ने सभी विद्वानों को बारी बारी से अपने शोध एवं विचारों को रखने का मोका दिया गया। सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त डॉ एच एस रावत ,डॉ0 के इ रामामूर्ति, डॉ0 संजय कुमार सिंह जैसे गणमान्य लोगों के द्वारा ज्योतिषी डॉ डी0 महतो को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड, मेडल तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ।सम्मेलन में विभिन्न राज्यों के लगभग दो सौ ज्योतिषियों ने भाग लिया।

### लोगों ने सनातनी परंपरा का पालन करते हुए उत्साह के साथ खेली होली

# गीतों पर थिरकते नजर आए युवा

- बुजुर्गों की टोलियां भी ढोल-नगाड़ों व करताल की थाप पर झूम उठीं

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरही।** गिले-शिकवे भुलाकर प्रेम और सद्भाव के साथ रंगों का पर्व होली बरही प्रखंड में उल्लासपूर्वक मनाया गया। सोमवार की देर रात होलिका दहन के साथ ही रंगोत्सव की शुरुआत हो गई थी। मंगलवार को आंशिक चंद्रग्रहण के कारण लोगों ने सनातनी परंपरा का पालन करते हुए बुधवार को पूरे उत्साह के साथ होली खेली। सुबह होते ही स्वयंसेवी संगठनों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को संवत की राख लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और फगुआ गीतों पर थिरकते नजर आए। दिन चढ़ते ही बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों की टोलियां ढोल-नगाड़ों व करताल की थाप पर झूम उठीं। गौरियाकरमा पंचायत भवन के समीप युवा समाजसेवी राजन ओम की अगुवाई में नवयुवकों ने पारंपरिक अंदाज में कुर्ता फाड़ व धूल-धूसरित होली खेलकर उत्सव का भरपूर आनंद लिया। वहीं बरही सहित मलकोको, रसोइया धमना, करियातपुर, धनवार, बेंदगी और करसो समेत विभिन्न पंचायतों में लोग टोलियों में बंटकर एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाते और नृत्य करते दिखे। शाम चार बजे के बाद गुलाल का दौर शुरू हुआ। लोग एक-दूसरे के घर पहुंचकर गुलाल लगाते, आशीर्वाद लेते और प्रेम व भाईचारे का संदेश देते रहे। देर रात तक कीर्तन मंडलियों के साथ फगुआ गीतों की गूंज सुनाई देती रही। इसी के साथ लोगों ने हिंदू नववर्ष संवत्सर का स्वागत करते हुए एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।

होली के दौरान बरही प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा। पुनि सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार पुलिस बल के साथ क्षेत्र में लगातार गश्त करते दिखे। वहीं एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल विभिन्न थाना प्रभारियों से स्थिति की जानकारी लेते रहे। विधायक मनोज कुमार यादव ने भी अपने आवास पर क्षेत्रवासियों को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और कहा कि बरही क्षेत्र सदियों से शांति और सौहार्द की परंपरा के लिए जाना जाता है, जिसे लोगों ने इस बार भी कायम रखा।

## बी.एम. मेमोरियल स्कूल में होली मिलन समारोह का किया गया आयोजन

**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड के ठाकुर मोहल्ला रोड स्थित बी.एम. मेमोरियल स्कूल में होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन। सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने एक दूसरे को रंग अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। विद्यालय के निदेशक संदीप कुशवाहा ने कहा कि होली आपसी भाईचारे का पर्व है। इस पर्व में लोग एक दूसरे के प्रति जो भी गिले शिकवा होता है उसे भूल कर रंग अबीर गुलाल लगाकर आपसी भाईचारे का संदेश देते हैं। मौके पर प्राचार्य कैलाश कुमार, उप प्राचार्य पूनम कुमारी , पिंटू कुशवाहा, रंजीत कुमार, ब्रह्मदेव सिंह चौहान, महेंद्र विश्वकर्मा, ऋषभ अग्रवाल, मुकेश दास सोनू कुमार कुलदीप कुमार,देवंती देवी, अंजली मिश्रा, आनंदिता दास, नीलम बेदीया, रेखा कुमारी, गंगा भारती, अफसाना परवीन,कृष्ण यादव, अभिषेक कश्यप,पम्मी देवी सहित सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### रामनवमी की तैयारी शुरू

## 10 मार्च को निकलेगा पहला मंगला जुलूस, विभिन्न अखाड़ों के सदस्य होंगे शामिल

**बरही।** फाल्गुन माह के समाप्त होते ही हजारीबाग जिले में रामनवमी की तैयारियां शुरू हो गई हैं और पूरा क्षेत्र राममय होता नजर आने लगा है। जगह-जगह भगवा ध्वज लहराते दिख रहे हैं तथा जय श्रीराम के नारों के साथ वीर बजरंगी के जयकारे गूंजने लगे हैं। परंपरा के अनुसार प्रत्येक मंगलवार को मंगला जुलूस निकाले जाते हैं। इस वर्ष पहला मंगला जुलूस 10 मार्च को निकलेगा, जिसमें विभिन्न अखाड़ा समितियों के सदस्य पारंपरिक हथियारों और भगवा ध्वज के साथ शामिल होंगे। बरही में अंजनी अखाड़ा, हनुमान मंदिर अखाड़ा, भगवती मंदिर अखाड़ा तथा हजारीबाग रोड समेत कई अखाड़ों के रामभक्त ऐतिहासिक श्री चैत्र रामनवमी को लेकर अभी से उत्साहित हैं। जुलूस के दौरान अखाड़ा समितियां पारंपरिक शस्त्र प्रदर्शन और धार्मिक झांकियों के साथ नगर भ्रमण करेंगी।

इधर इस वर्ष मुस्लिम समुदाय का पवित्र माह रमजान भी चल रहा है, जिसे देखते हुए प्रशासन ने दोनों समुदायों से आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाए रखते हुए त्योहार मनाने की अपील की है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जुलूस के दौरान डीजे पर प्रतिबंध रहेगा तथा निर्धारित नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा। पुलिस प्रशासन ने कहा है कि रामनवमी और रमजान दोनों ही आस्था और श्रद्धा के पर्व हैं।

### कोयलांचल में धूमधाम से मना रंग व उमंगों का पर्व होली

# एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर दी पर्व की बधाई, लजीज व्यंजनों का लिया आनंद

**नवीन मेल संवाददाता**



**भुरकुंडा।** कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल, सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बुधवार को धूमधाम से रंग व उमंगों का पर्व होली मनाया गया। इस अवसर पर लोग रंगों में सराबोर रहें। इसके पूर्व मंगलवार की देर रात्रि पुरोहित द्वारा पुरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर होलिका दहन कराया गया। होली के अवसर पर लोगों ने एक-दूसरे को जमकर रंग-अबीर गुलाल लगाया। साथ ही एक-दूसरे के गले मिलकर होली पर्व की बधाई दी। लोगों ने कहा कि यह त्योहार आपस में मिलकर रहने का संदेश देता है। इसके बाद लोग एक-दूसरे के घर जाकर विभिन्न प्रकार के लजीज व्यंजनों का आनंद उठाया। होली के अवसर पर कई जगहों पर मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जहां मटका फोड़ने वाले को उपहार देकर पुरस्कृत किया गया। इस दौरान होली के गीतों पर लोग देर रात तक नाचते-गाते दिखें। भुरकुंडा क्षेत्र के पटेलगनर, सुंदरनगर, जवाहरनगर, हुरूमगढ़ा, हॉस्पीटल कॉलोनी, रीवर साईड, सौन्दा डी, जयप्रकाश नगर, सौन्दा बस्ती, सेन्ट्रल सौन्दा, केके कोलियरी, बासल क्षेत्र के बलकुदरा, लबगा, रसदा, किन्नी, जराद, हरिहरपुर, नेतुआ, मेलानी व भदानीनगर क्षेत्र के लादी, चिकोर, मुहआ टोला, देवरिया, मतकमा, कुर्से, पाली, सांकी, निम्मी, सुद्दी आदि क्षेत्रों में शांतिपूर्ण व भाईचारगी माहौल में होली का पर्व संपन्न हुआ। विधि-व्यवस्था बनाये रखने में भुरकुंडा ओपी प्रभारी उपेंद्र कुमार, भदानीनगर ओपी प्रभारी अख्तर अली व बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार दल-बल के साथ मुस्तैद रहे।

### फरार अभियुक्त के घर चिपकाया गया सार्वजनिक इश्तहार

# निर्धारित अवधि के भीतर न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरही (हजारीबाग)।** न्यायालय के निर्देशानुसार बरही थाना कांड संख्या 469/25, दिनांक 17 दिसंबर 2025 के फरार प्राथमिकी अभियुक्त सरफराज उर्फ फैयाज़, पिता रशीद मियां, निवासी छोटा तालाब शाकरी मोहल्ला, कोनरा, थाना बरही, जिला हजारीबाग के घर पर पुलिस ने सार्वजनिक इश्तहार चिपकाया।

इसके माध्यम से अभियुक्त को निर्धारित अवधि के भीतर न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया गया है। सब इंस्पेक्टर सुमित साव ने बताया कि उक्त अभियुक्त भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 69, 318(4), 79, 351(2) तथा 3(5) के तहत दर्ज मामले में कई माह से फरार चल रहा है। जानकारी के अनुसार धारा 69 विवाह का झूठा आश्वासन देकर शारीरिक संबंध स्थापित करने जैसे गंभीर अपराध से संबंधित है। धारा 318(4) कपटपूर्वक संपत्ति या धन हड़पने के गंभीर कृत्य से जुड़ी है। धारा 79 महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाले अपराधों पर लागू होती है, जबकि धारा 351(2) आपराधिक धमकी के गंभीर रूप को दर्शाती है। वहीं धारा 3(5) समान उद्देश्य से किए गए सामूहिक अपराध की स्थिति में सभी आरोपियों की समान जिम्मेदारी तय करती है।

पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यदि अभियुक्त न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं होता है तो उसके विरुद्ध आगे कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जा सकती है। पुलिस प्रशासन ने आम लोगों से भी अपील की है कि अभियुक्त के संबंध में कोई सूचना मिलने पर तत्काल थाना को सूचित करें।

## सांसद ने डीएमएफटी मद में अनावश्यक खरीद पर जतायी चिंता

**हजारीबाग।** हजारीबाग में नया समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट डीएमएफटी की न्यास परिषद की उच्चस्तरीय बैठक में जिले के सर्वांगीण विकास और खनन प्रभावित क्षेत्रों के उत्थान को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी कई योजनाओं को हरी झंडी दी गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिला प्रशासन बड़कागांव के ढेंगा में एक अत्याधुनिक विद्यालय का संचालन करेगा। साथ ही जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में आधुनिक पुस्तकालयों का निर्माण कराया जाएगा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण और मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कैथ लैब की स्थापना पर सहमति बनी। तकनीक का लाभ जनता तक पहुंचाने के लिए हेल्थ एटीएम की स्थापना और मोबाइल विजन नेटवर्क वैन का संचालन पायलट प्रोजेक्ट के रूप में किया जाएगा ।

## 13 अप्रैल को हजारीबाग यूथ विंग लगाएगा रक्तदान शिविर

**रामगढ़ ।** सामाजिक एवं जनसेवा के कार्यों में सक्रिय हजारीबाग यूथ विंग की एक विशेष बैठक संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन के निवास स्थान पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कोषाध्यक्ष गुंजन मद्धेशिया ने की, जबकि संचालन सचिव रितेश खंडेलवाल के द्वारा किया गया। बैठक में संस्था के आगामी सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई और कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में संस्था के प्रमुख कार्यक्रम एकदिवसीय रक्तदान शिविर को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि आगामी 13 अप्रैल को लक्ष्मी सिनेमा हॉल परिसर में भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को संस्था की ओर से हेलमेट भेंट किया जाएगा। इस पहल के पीछे एक सकारात्मक और जागरूकता से जुड़ा संदेश है। जिस प्रकार एक रक्तदाता रक्तदान कर किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन को बचाने का कार्य करता है, उसी प्रकार संस्था रक्तदाताओं को हेलमेट भेंट कर उनके स्वयं के जीवन की सुरक्षा के प्रति भी जागरूक करना चाहती है। सड़क दुर्घटनाओं में सिर की चोटें सबसे अधिक घातक साबित होती हैं, ऐसे में हेलमेट पहनना जीवन की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। इसी सोच के साथ संस्था ने यह पहल की है कि जो लोग रक्तदान कर किसी की जान बचाने का पुण्य कार्य कर रहे हैं, उन्हें सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से हेलमेट प्रदान किया जाए।

संस्था को उम्मीद है कि इस सकारात्मक संदेश से अधिक से अधिक लोग रक्तदान के लिए प्रेरित होंगे और समाज में सुरक्षा एवं सेवा दोनों का संदेश जाएगा ।गौरतलब है कि संस्था द्वारा पूर्व में आयोजित रक्तदान शिविरों को भी लोगों का व्यापक सहयोग मिला है। वर्ष 2025 में आयोजित रक्तदान शिविर में कुल 221 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया था।

जबकि वर्ष 2024 में 130 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया था।

### होली के अवकाश के बाद प्रशासन सख्त

# उपायुक्त ने सभी जिला कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** होली अवकाश के बाद कार्यालय खुलने के पहले दिन उपायुक्त कंचन सिंह ने शुक्रवार को विभिन्न जिला स्तरीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कई कार्यालयों की कार्यप्रणाली, कर्मचारियों की उपस्थिति और साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया।उपायुक्त ने सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय, परियोजना निदेशक आईटीडीए सह कल्याण कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय, जिला निर्वाचन कार्यालय, जिला आपूर्ति शाखा, जिला सामाजिक सुरक्षा कार्यालय, जिला पंचायती शाखा, आत्मा सिमडेगा तथा बाल संरक्षण कार्यालय का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कार्यालयों में संचालित योजनाओं और कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी का भी अवलोकन किया और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सभी अधिकारी एवं कर्मी समय पर कार्यालय पहुंचकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें।इसके साथ ही उपायुक्त ने कार्यालय परिसर की साफ-सफाई और व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि कार्यालयों में अनुशासन, पारदर्शिता और समयबद्ध कार्य निष्पादन को प्राथमिकता दी जाए, ताकि आम लोगों को सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ समय पर मिल सके।निरीक्षण के दौरान नजारत उप समाहर्ता सह सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी समीर रेनियर खालखो भी मौजूद रहे।

### डीसी सिमडेगा ने लगाया जनता दरबार, सुनी लोगों की समस्या

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह ने समाहरणालय में जनता दरबार आयोजित कर ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने एक-एक कर सभी



आवेदकों की शिकायतें ध्यानपूर्वक सुनीं और संबंधित पदाधिकारियों को मामलों के शीघ्र निष्पादन हेतु अग्रसारित किया।जनता दरबार में प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण कार्य को रोकने वाले व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई की मांग, खोया हुआ प्रमाण पत्र दिलाने, सहायक आचार्य की नियुक्ति में नाम त्रुटि के कारण रोक , अब नाम त्रुटि सुधार करवाने के बावजूद भी नियुक्ति पत्र नहीं दी जा रही है से संबंधित मामले, बीएलओ बदलने तथा भारी बारिश के कारण घर गिर जाने से आपदा योजना का लाभ/आवास योजना दिलाने जैसे मामले सामने आए।उपायुक्त ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए कि मामलों की जांच कर यथाशीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को राहत मिल सके।मौके पर जिला पंचायती राज पदाधिकारी दयानंद कार्जी,सहित अन्य उपस्थित रहे।

## नगर परिषद ने शुरू की जर्जर सामटोली रोड की मरम्मत, छात्रों को मिलेगी राहत



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** शहर के सामटोली रोड की जर्जर स्थिति को देखते हुए नगर परिषद द्वारा इसकी मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया है। इस पहल से क्षेत्र के छात्रों और आम लोगों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। सामटोली रोड सिमडेगा शहरी क्षेत्र का महत्वपूर्ण मार्ग है, जिसके सहारे सैकड़ों छात्र-छात्राएं प्रतिदिन कई स्कूल और कॉलेजों में पढ़ाई के लिए आते-जाते हैं। लंबे समय से सड़क की खराब स्थिति के कारण छात्रों सहित स्थानीय लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।बताया गया कि संत जेवियर कॉलेज का उद्घाटन 6 मार्च को होना है। इस अवसर पर कॉलेज के ट्रेजरर फा. ब्रूनो सहित कई विदेशी मेहमानों के सिमडेगा आने की संभावना है। इसे देखते हुए नवनिर्वाचित नगर परिषद अध्यक्ष ओलिवर लकड़ा ने जिला प्रशासन से सड़क की जल्द मरम्मत कराने का आग्रह किया था।जनप्रतिनिधियों के आग्रह पर जिला प्रशासन ने मामले को संज्ञान में लेते हुए नगर परिषद के माध्यम से सामटोली रोड की मरम्मत का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू करा दिया है। प्रशासन का प्रयास है कि मेहमानों के आगमन से पहले सड़क को सुगम और सुरक्षित बना दिया जाए।सड़क मरम्मत कार्य शुरू होने से क्षेत्र के लोगों और छात्रों में खुशी का माहौल है। लोगों को उम्मीद है कि इससे आवागमन की समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी। इधर इस मामले में सिमडेगा विधायक की पत्नी सह महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष कार्य स्थल पर पहुंचकर उन्होंने कहा कि यह सड़क का मरम्मती कार्य सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा संज्ञान लेते हुए कराया जा रहा है और उन्होंने कहा कि विधायक का प्रयास से सड़क का मरम्मती कार्य संभव हो सका है।

## डीसी के आवास में हुई पारंपरिक होली, तामड़ा कीर्तन मंडली के फगुआ गीतों पर झूमे लोग

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** रंगों के पावन पर्व होली के अवसर पर सिमडेगा उपायुक्त कंचन सिंह के आवास में पारंपरिक और सांस्कृतिक माहौल के बीच भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तामड़ा कीर्तन मंडली द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक फगुआ गीतों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय और उल्लासमय बना दिया। ढोल, मांदर और झांझ की मधुर धुनों के साथ गाए गए फगुआ गीतों ने वहां मौजूद सभी लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।समारोह में उपायुक्त कंचन सिंह पूरे उत्साह के साथ शामिल हुईं। उनके साथ उनके पतिडीआईजी चंदन कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात रंजन ज्ञानी सहित कई प्रशासनिक अधिकारी और गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और पारंपरिक गीतों की धुन पर नाचते-गाते हुए त्योहार की खुशियां साझा कीं।तामड़ा कीर्तन मंडली के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक फगुआ गीत प्रस्तुत किए, जिससे माहौल पूरी तरह होली के रंग में रंग गया। लोक संगीत की मधुरता और कलाकारों की उमंग ने ऐसा समां बांधा कि हर कोई उस पल में डूबा नजर आया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने भी गीतों की धुन पर झूमते हुए इस सांस्कृतिक परंपरा का आनंद लिया।इस मौके पर उपायुक्त कंचन सिंह ने जिलेवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली प्रेम, भाईचारे और आपसी सौहार्द का पर्व है। यह त्योहार हमें सभी प्रकार के भेदभाव को भुलाकर एक-दूसरे के साथ खुशियां बांटने का संदेश देता है।

### होली से पहले बहनों को बड़ी सौगात

## मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की दो माह की 44.60 करोड़ रुपए जारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** होली पर्व से पूर्व जिले की बहनों को बड़ी सौगात देते हुए मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत जनवरी और फरवरी माह की सम्मान राशि का भुगतान कर दिया गया है। आधार आधारित भुगतान प्रणाली के माध्यम से लाभुकों के खातों में सीधे राशि भेजी गई। जनवरी माह में 89,213 लाभुकों को प्रति लाभुक 2,500 रुपये की दर से 22,30,32,500 रुपये का भुगतान किया गया। वहीं फरवरी माह में 89,201 लाभुकों को 2,500 रुपये की दर से

झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना

22,30,02,500 रुपये प्रदान किए गए। इस प्रकार दोनों माह मिलाकर कुल 44,60,35,000 रुपये की राशि लाभुकों के खातों में हस्तांतरित की गई। प्रखंडवार सभी प्रखंडों कुरडेग,सिमडेगा,पाकरटांड़,बानो,बोलबा,कोलेबिरा,ठेठईटांगर,जलडेगा ,नगर परिषद,बांसजोर एवं केरसई के लाभुकों को योजना का लाभ मिला है। सहायक निदेशक,जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग आशा मैक्सिमा लकड़ा ने बताया कि होली पर्व को ध्यान में रखते हुए भुगतान प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया गया। उन्होंने कहा कि योजना के माध्यम से जिले की हजारों महिलाओं को प्रतिमाह आर्थिक संबल मिल रहा है,जिससे उनके परिवारों को सीधा लाभ पहुंच रहा है।

## भाजपा नेता की मौत पर जलडेगा बंद, दोषी स्वास्थ्यकर्मियों पर कार्रवाई की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** प्रखंड में भाजपा नेता सह समाजसेवी रामेश्वर सिंह की मौत के बाद स्वास्थ्य व्यवस्था के खिलाफ भारी जनाक्रोश फूट पड़ा। गुरुवार को गुस्साए ग्रामीणों ने पूरे जलडेगा को बंद करा दिया। बड़ी संख्या में ग्रामीण भाजपा नेता सुजान मुण्डा के नेतृत्व में सुबह लगभग 5 बजे ही मुख्य मार्ग पर उतर आए और चक्का जाम कर प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। आक्रोशित लोगों ने सड़क पर टायर जलाकर नारेबाजी की और आरोप लगाया कि अस्पताल की घोर लापरवाही के कारण एक सक्रिय समाजसेवी की जान चली गई।जाम के कारण प्रखंड मुख्यालय का बाजार पूरी तरह बंद रहा और वाहनों का आवागमन भी ठप हो गया। सुबह से ही दुकानों के शटर गिरे रहे, जबकि थाना चौक पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता जुटे रहे। सभी पंचायतों के प्रतिनिधियों ने एक स्वर में दोषी अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि अगर अस्पताल में समय पर डॉक्टर और आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध रहती, तो आज रामेश्वर सिंह जीवित होते। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पुलिस निरीक्षक एडवेल गेस्टर्म बागे के नेतृत्व में जलडेगा थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार, ओडगा ओपी प्रभारी सजल धान तथा पुलिस बल के जवान मौके पर तैनात रहे। 2 मार्च सोमवार को जलडेगा प्रखंड मुख्यालय स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में विशाल हिन्दू सभा का आयोजन किया गया था। इस सभा को शंकराचार्य सदानंद सरस्वती जी महाराज संबोधित करने वाले थे। कार्यक्रम की अगुवाई भाजपा नेता व सामाजिक कार्यकर्ता रामेश्वर सिंह कर रहे थे। इसी दौरान शंकराचार्य के जलडेगा पहुंचने से पहले ही भीड़ के बीच रामेश्वर सिंह अचानक बेहोश होकर गिर पड़े।ग्रामीणों ने तत्काल उन्हें जलडेगा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, लेकिन आरोप है कि वहां न तो डॉक्टर मौजूद थे और न ही पर्याप्त स्वास्थ्यकर्मी। बताया जा रहा है कि अस्पताल केवल एक नर्स के भरोसे चल रहा था।



### प्रशासनिक आश्वासन पर जाम समाप्त

घटना के बाद बीडीओ डॉ. प्रवीण कुमार जाम स्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी वरीय अधिकारियों को दी। इसके बाद सिविल सर्जन सुंदर मोहन सामंत भी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मांगों को सुना। उन्होंने आश्वासन दिया कि जलडेगा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था में सुधार किया जाएगा तथा दोषी डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मियों से स्पष्टीकरण लेकर विभागीय कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों को पत्र भेजा गया है। इसके साथ ही पुराने अस्पताल भवन में सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक ओपीडी चलाने, नए अस्पताल भवन तक पहुंचने वाले रास्ते को दुरुस्त करने और वहां प्रकाश की व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया। करीब आठ घंटे तक चले जाम के बाद प्रशासन के आश्वासन पर लोगों ने जाम हटाया। इस दौरान सिविल सर्जन, बीडीओ और जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से अस्पताल का निरीक्षण कर स्वास्थ्यकर्मियों के साथ बैठक भी की।

## झोला छाप डॉक्टरों का खेल, बिना लाइसेंस मरीजों को चढ़ा रहे स्लाइन

**नवीन मेल संवाददाता**



**जलडेगा।** प्रखंड में झोला छाप डॉक्टरों द्वारा किए जा रहे अवैध इलाज का मामला एक बार फिर चर्चा में आ गया है। सिमडेगा स्वास्थ्य विभाग के सिविल सर्जन डॉ. सुंदर मोहन सामद ने स्पष्ट कहा है कि प्रखंड में किसी भी झोला छाप डॉक्टर को मरीजों को सलाइन चढ़ाने या किसी प्रकार का चिकित्सकीय उपचार करने का कोई लाइसेंस नहीं दिया गया है। उन्होंने यह बात जलडेगा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की लचर व्यवस्था को लेकर किए गए प्रदर्शन के दौरान कही। सिविल सर्जन के इस बयान से यह भी साफ हो गया है कि क्षेत्र में झोला छाप डॉक्टरों द्वारा मरीजों का इलाज किए जाने की जानकारी विभाग को है, लेकिन इसके बावजूद अब तक उन पर ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है।क्षेत्र में लगातार ऐसे मामले सामने आते रहे हैं, जहां झोला छाप डॉक्टरों से इलाज कराने के बाद मरीजों की स्थिति सुधरने के बजाय और बिगड़ जाती है। कई बार हालात इतने गंभीर हो जाते हैं कि जब तक मरीज को अस्पताल पहुंचाया जाता है।

## रंगों के साथ मना होली का पर्व, शाम का अबीर महोत्सव रहा आकर्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बरसलोया में होली का पर्व पारंपरिक रीति-रिवाज, धार्मिक आस्था और आपसी भाईचारे के साथ धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही गांव में उत्सव का माहौल रहा। बच्चे, युवा और बुजुर्ग एक-दूसरे को रंग-अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं देते नजर आए। सुबह पुरुषों की टोली ने घर-घर जाकर ढोल-मृदंग और झाल के साथ भजन-कीर्तन किया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। ग्रामीणों ने कीर्तन मंडली का शरबत और जलपान से स्वागत किया। होली के अवसर पर राहसगुड़ी मंदिर के समीप पारंपरिक कीचड़ वाली होली भी खेली गई, जो लोगों के लिए खास आकर्षण का केंद्र रही। युवाओं और बच्चों ने हंसी-खुशी एक-दूसरे को कीचड़ लगाकर पर्व की खुशियां साझा कीं। ग्रामीणों का मानना है कि यह परंपरा आपसी मनमुटाव को समाप्त कर प्रेम और समानता का संदेश देती है।वहीं शाम को आयोजित अबीर महोत्सव कार्यक्रम ने पूरे उत्सव को भव्य बना दिया। भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी की प्रतिमाओं को सजे हुए रथ पर विराजमान किया गया। पुजारी मानस रंजन पंडा ने पूजा-अर्चना कर भगवान को अबीर अर्पित किया, जिसके बाद श्रद्धालुओं ने भी अबीर-गुलाल चढ़ाकर सुख-समृद्धि की कामना की।

## न्यूज बॉक्स

### बलसेरा टोला में धूमधाम से मना रंग उत्सव, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**ठेठईटांगर।** प्रखंड के कोरोमियाँ पंचायत अंतर्गत बलसेरा टोला में होली रंग उत्सव के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित धनेश्वर दास द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर की गई, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता हरचंद सिंह ने की। उन्होंने स्वागत भाषण देते हुए सभी अतिथियों और ग्रामीणों का अभिनंदन किया तथा होली पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम का संचालन अशोक बड़ाईक ने किया।इस अवसर पर स्थानीय कलाकारों ने लोकगीत, पारंपरिक नृत्य और होली गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी, जिस पर दर्शक झूमते नजर आए। कार्यक्रम को सफल बनाने में भरत सिंह, बसंत बड़ाईक, कुलदीप सिंह, कन्हैया बड़ाईक, सुखदेव बड़ाईक, मदन सिंह, अंसु इंदवार, जगेश्वर सिंह, किशोर इंदवार, दिनेश, ईश्वर सिंह, महेंद्र बड़ाईक और उमचंद सहित कई ग्रामीणों का योगदान रहा।

### नेशनल हाईवे पर ट्रक पेड़ से टकराया, चालक गंभीर रूप से घायल

**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर थाना क्षेत्र के केरिया धुआंटांड के समीप नेशनल हाईवे-143 पर गुरुवार सुबह एक ट्रक अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराया, जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।मिली जानकारी के अनुसार राउरकेला की ओर से आ रही ट्रक अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे पेड़ से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि चालक वाहन के केबिन में फंस गया। घटना की सूचना मिलते ही ठेठईटांगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया।पुलिस ने जेसीबी की मदद से काफी मशक्कत के बाद ट्रक में फंसे चालक को बाहर निकाला। इस दौरान मौके पर 108 एंबुलेंस भी पहुंच गई थी। चालक को प्राथमिक उपचार के लिए तुरंत सिमडेगा ले जाया गया। बाद में उसे बेहतर इलाज के लिए सिमडेगा स्थित एसएमएस प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है। घायल चालक की पहचान कामरान खान (लगभग 27 वर्ष) के रूप में हुई है।

### बांसजोर के पास ट्रक दुर्घटना में पंजाब निवासी चालक की मौत

**सिमडेगा।** बांसजोर क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में ट्रक चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान पंजाब निवासी दिलीप सिंह के रूप में हुई है।मिली जानकारी के अनुसार ट्रक राउरकेला से सिमडेगा की ओर आ रही थी। इसी दौरान बांसजोर के पास अचानक ट्रक असंतुलित होकर पलट गई। हादसे के समय ट्रक के केबिन के ऊपर रखा गैस सिलेंडर चालक दिलीप सिंह के सिर पर गिर गया। गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई।घटना के बाद स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने चालक के शव को अपने कब्जे में लेकर सिमडेगा सदर अस्पताल स्थित मोर्चरी में रखवा दिया है। बताया गया है कि दुर्घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दे दी गई है।

### ध्वज पूजन, अबीर-गुलाल और आध्यात्मिक संदेश के साथ मनाया रंगोत्सव

**बानो।** रंगों का प्रसिद्ध त्योहार होली के अवसर पर केतुंगाधाम स्थित सरस्वती शिशु-विद्या मंदिर परिसर में उल्लासपूर्ण वातावरण में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन वनवासी कल्याण आश्रम की प्रेरणा से श्री हरि वनवासी विकास समिति झारखंड द्वारा किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत भैया शुभम कुमार द्वारा भगवा ध्वज आरोहण से हुई। विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष सह धाम पुजारी प्रदीप गोस्वामी ने भगवा ध्वज के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर अबीर एवं पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर मानव धर्म रक्षक संघ, केतुंगाधाम के संरक्षक केशव चन्द्र पाणिग्राही एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य ने भी ध्वज पूजन कर पुष्पांजलि अर्पित की। आचार्यों तथा भैया-बहनों के प्रतिनिधियों ने भी श्रद्धा और भक्ति भाव से कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

### होली त्योहार को लेकर सिमडेगा मुस्तैद रही पुलिस

**सिमडेगा।** होली त्योहार के मद्देनजर सिमडेगा पुलिस पूरी तरह मुस्तैद। सुरक्षा व्यवस्था एवं विधि-व्यवस्था बानाए रखने हेतु पूरे जिले में भारी संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। असामाजिक तत्वों एवं हुड़दंगियों पर पुलिस विशेष निगरानी बनाए हुए है। पुलिस किसी भी अकास्मात की स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा के द्वारा भी क्षेत्र में घूम-घूम कर निगरानी रखी जा रही है तथा सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था का जयाजा लिया गया। साथ ही पुलिस अधीक्षक ने आम लोगों से भी मुलाकात कर होली की शुभकामनाएं दी और आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने का आग्रह किया। उन्होंने ने विभिन्न चौक-चौराहों, गलियों एवं मंदिरों के आस-पास पोस्ट में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों एव कर्मियों के साथ भी मुलाकात किए तथा होली की शुभकामनाएं दी। सभी को अपने पोस्ट पर बने रहने एवं सतर्कता के साथ विशेष निगरानी बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

### राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन का होली मिलन समारोह, संगठन विस्तार की घोषणा



**सिमडेगा।** राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन सिमडेगा इकाई की ओर से मंगलवार सिमडेगा नगर भवन में संगठन विस्तार सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई जिला अध्यक्ष सुभाष साहू ने की। समारोह में प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष संजय साहू तथा प्रदेश कार्य समिति सदस्य बसंत साहू मुख्य रूप से उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान संगठन को मजबूत बनाने और समाज को एकजुट करने पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष सुभाष साहू ने कहा कि जिले में समाज को एक सूत्र में बांधने और संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से यह पहल की गई है, ताकि समाज के लोग संगठित होकर सामाजिक और शैक्षणिक क्षेत्र में आगे बढ़ सकें।प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप साहू ने कहा कि वर्तमान समय में समाज को सामाजिक, राजनीतिक और शैक्षणिक सभी क्षेत्रों में सक्रिय भागीदारी निभाने की आवश्यकता है। उन्होंने दहेज प्रथा को समाप्त करने का आह्वान करते हुए कहा कि समाज को इस कुरीति के खिलाफ एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। साथ ही उन्होंने बेटा और बेटी दोनों को समान शिक्षा देने पर जोर देते हुए समाज को प्रगतिशील सोच अपनाने की अपील की।इस अवसर पर संगठन विस्तार की घोषणा भी की गई। जिसमें सुभाष साहू को जिला अध्यक्ष, जसवंत साहू और विकास साहू को उपाध्यक्ष, बजरंग साहू को सचिव, ओमप्रकाश साहू को कोषाध्यक्ष तथा अधिवक्ता सुरेश साहू को राजनीतिक सलाहकार के रूप में जिम्मेदारी दी गई।

### बानो प्रखंड में किसानों के बीच अनुदानित पंप सेट का वितरण

**बानो।** प्रखंड कार्यालय परिसर में भूमि संरक्षण विभाग की ओर से किसानों के बीच 90 प्रतिशत अनुदान पर पंप सेट का वितरण किया गया। इस अवसर पर कुल 17 लाभुक किसानों को पंप सेट और पाइप उपलब्ध कराया गया।कार्यक्रम में 12 लाभुकों को विलुस वी-12 मॉडल का पंप सेट तथा 200 फीट पाइप, 3 लाभुकों को ग्रास रूट मॉडल का पंप सेट और 200 फीट लपेटा पाइप तथा 2 लाभुकों को लूबी इलेक्ट्रिक पंप सेट के साथ 200 फीट पाइप दिया गया। सभी लाभुकों से अनुदानित राशि का भुगतान मांग पत्र, बैंक हस्तांतरण एवं अन्य बैंक माध्यमों से लिया गया।पंप सेट का वितरण प्रखंड विकास पदाधिकारी नैमुद्दीन अंसारी और प्रमुख सुधीर डांग ने किया। इस मौके पर प्रमुख सुधीर डांग ने कहा कि किसान आगे आकर सरकारी योजनाओं का लाभ लें। उन्होंने कहा कि सरकार कृषि को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चला रही है और पंप सेट मिलने से किसानों को सिंचाई में सुविधा मिलेगी।प्रखंड विकास पदाधिकारी नैमुद्दीन अंसारी ने कहा कि सरकार समय-समय पर कृषि को प्रोत्साहित करने के लिए योजनाएं संचालित करती है। बानो प्रखंड में सिंचाई की समस्या को देखते हुए पंप सेट का वितरण किसानों के लिए लाभदायक होगा।

### विधानसभा सत्र — हड़ताल पर डटी रसोइया-संयोजिका संघ के प्रतिनिधिमंडल ने जोसिमा खाखा से की मुलाकात

# रसोइया संघ ने सौंपा विधायक के नाम ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** अपनी लंबित मांगों को लेकर हड़ताल कर रही रसोइया-संयोजिका संघ की एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को जिला परिषद सदस्य सह महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष जोसिमा खाखा से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने विधायक भूषण बाड़ा के नाम एक ज्ञापन सौंपते हुए अपनी समस्याओं से अवगत कराया और शीघ्र समाधान की मांग की। संघ की ओर से कहा गया कि लंबे समय से मानदेय वृद्धि, नियमित भुगतान और सेवा शर्तों में सुधार जैसी मांगें लंबित हैं। कई बार आश्वासन मिलने के बावजूद ठोस निर्णय नहीं होने से रसोइया-संयोजिकाओं में निराशा बढ़ी है। उन्होंने सरकार से अविलंब सकारात्मक पहल करने की अपील की। मुलाकात के दौरान जोसिमा खाखा ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे उनकी सभी मांगों से विधायक भूषण बाड़ा को अवगत कराएंगी। उन्होंने कहा कि विधायक शुरुआत से ही इस मुद्दे को लेकर गंभीर रहे हैं और पूर्व में विधानसभा सत्र के माध्यम से रसोइया-संयोजिकाओं की आवाज उठाई जा चुकी है। उस दौरान सरकार ने मानदेय बढ़ाने एवं अन्य मांगों पर विचार कर समाधान का आश्वासन भी दिया था। लेकिन बाद में मामला ठंडे बस्ते में चला गया। उन्होंने कहा कि विधायक भूषण बाड़ा के माध्यम से फिर से इस विषय को सरकार तक मजबूती से पहुंचाने का प्रयास करेंगे। ताकि रसोइया-संयोजिकाओं को उनका अधिकार मिल सके। मौके पर प्रदेश सचिव विश्वकर्मा, अनिता देवी, रजनी लुगून तथा संध्या देवी सहित संघ की अन्य सदस्याएं उपस्थित थीं।

### विधायक ने शहरवासियों के साथ मनाया रंगोत्सव

सिमडेगा :विधायक सह कांग्रेस जिला अध्यक्ष भूषण बाड़ा ने शहर के कई गणमान्य लोगों के घर पहुँचकर उनके साथ हर्षोल्लास के साथ होली मनाई। इस दौरान उन्होंने अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं और समाज में प्रेम, भाईचारा तथा सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया। लोगों ने भी पूरे उत्साह के साथ उन्हें रंग लगाया और मिठाइयों के साथ होली की बधाई दी। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं बल्कि आपसी मतभेदों को मिटाकर एक-दूसरे को गले लगाने का पर्व है। उन्होंने कहा कि सिमडेगा की पहचान आपसी सौहार्द और सामाजिक एकता से है और इसी परंपरा को आगे बढ़ाना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि होली को शांति और मर्यादा के साथ मनाएँ तथा समाज में सकारात्मक संदेश दें। मौके पर शहर के कई प्रतिनिधि, कार्यकर्ता, समर्थक एवं शहर के गणमान्य लोग मौजूद थे।

### मॉडिफाइड बाइक पकड़ने से बढ़ा विवाद

# पुलिस और पब्लिक आमने-सामने, सफाई कर्मियों ने कार्य का किया बहिष्कार

**● पुलिस ने इंकार किया तो नोंक-झोंक शुरू हो गई, धीरे-धीरे बात बढ़ने लगी**

**नवीनं मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** मॉडिफाइड बाइक के साथ दो युवकों को पकड़ने के बाद विवाद गहरा गया। बात ऐसी बढ़ी कि पुलिस और पब्लिक में झड़प हो गई। इस झड़प में दो पुलिसकर्मी घायल हुए तो दूसरी तरफ पुलिस ने लाठियां भांजी, जिसमें आधा दर्जन अन्य लोगों को भी चोट आई हैं। अब मोहल्ले के लोगों के साथ दोनों पुलिसकर्मियों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। वहीं नगर निगम के सफाईकर्मियों ने कार्य बहिष्कार की घोषणा कर दी है। दरअसल बुधवार की शाम को नगर थाना पुलिस मॉडिफाइड बाइक के साथ दो युवकों को हिरासत में लेकर थाना ले गई। इसकी जानकारी मिलते ही नगर थाना इलाके के गद्दी मोहल्ला तीनकोनिया मोड़ के लोग थाना में जा धमके। यहां दोनों युवकों को छोड़ने को कहा गया। पुलिस ने इंकार किया तो नोंक-झोंक शुरू हो गई। धीरे-धीरे बात बढ़ने लगी और धक्का-मुक्की के साथ पुलिस और पब्लिक भिड़ गए। इस दौरान जवानों ने भी लाठी भांजी जिसमें आधा दर्जन लोगों को चोट लगी, वहीं घटना के चलते दो पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। जिस मोहल्ले के लोगों के साथ पुलिस की झड़प हुई है, वहां के कई लोग नगर निगम में सफाईकर्मी हैं। इस घटना से नाराज मोहल्ले के लोगों के साथ सफाईकर्मी गुरुवार को निगम पहुंच गए। यहां धरना-प्रदर्शन किया और कार्य का बहिष्कार कर दिया।



### गिरिडीह के त्रिवेणी संगम में डूबे दो बच्चों की मौत


**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के जमुआ - देवरी इलाके की मध्य सीमा पर बुधवार को गोदावरी त्रिवेणी संगम तालाब में पानी में डूब जाने से दो किशोर की मौत हो गयी। दोनों किशोर देवरी थाना क्षेत्र के चतरो बाजार के रहने वाले थे। खोरी महुआ एसडीपीओ राजेन्द्र प्रसाद ने डूबने से दो बच्चों की मौत की पुष्टि की है। मिली जानकारी के अनुसार चतरो ( देवरी ) गांव निवासी संजय साव का पुत्र करण कुमार और पुरनीगड़िया गांव के कृष्णा विश्वकर्मा के पुत्र दीपक कुमार चतरो बाजार में होली खेलने के बाद अपने दोस्तों के साथ स्नान के लिए त्रिवेणी संगम गए थे। जहां पर स्नान के क्रम में दोनों गहरे पानी मे डूब गए । बच्चों के नदी में डूबने की सूचना के बाद स्थानीय लोग नदी में उतरे और खोजबीन करने में जुट गए ।

# मछली पकड़ने के दौरान करंट लगने से युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता**

**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले के मंझारी थाना क्षेत्र में नदी में मछली पकड़ने के दौरान करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। मृतक की पहचान बड़ा तोरलो के टोली जोगना डीपा निवासी बोंजो कोंडाकेल (18) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार घटना बुधवार की है। बोंजो कोंडाकेल अपने चार दोस्तों चमरू बिरुवा, अरविंद बिरुवा, महावीर बिरुवा और विक्रम कोंडाकेल के साथ नदी में मछली पकड़ने गया था।

बताया गया कि युवकों ने मछली पकड़ने के लिए घर से बिजली का तार खींचकर नदी तक पहुंचाया और करंट की मदद से मछली पकड़ने की कोशिश कर रहे थे। इसी दौरान अचानक बोंजो कोंडाकेल करंट की चपेट में आ गया और मौके पर ही बेहोश हो गया। उसके साथ मौजूद दोस्तों ने किसी तरह उसे पानी से बाहर निकाला और घर लेकर पहुंचे। परिजनों को घटना की जानकारी देने के बाद ग्रामीणों की मदद से उसे इलाज के लिए मंझारी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।



गुरुवार को मृतक के ममेरा भाई मुकु बिरुवा और बड़े भाई घनश्याम कोंडाकेल ने बताया कि घटना के समय नदी में कुल पांच लोग मौजूद थे। ऐसे में केवल बोंजो कोंडाकेल को ही करंट लगना और बाकी लोगों को कोई नुकसान नहीं होना कई सवाल खड़े कर रहा है। इसको लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं भी हो रही हैं। घटना की जानकारी ग्रामीण मुंडा को दी गई, इसके बाद मंझारी थाना पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मंझारी थाना पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि युवक की मौत केवल करंट लगने से हुई या इसके पीछे कोई अन्य कारण भी है।

### युवा प्रतिभागी रखेंगे अपने विचार

## विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर किया जाएगा पुरस्कृत

**भुरकुंडा।** जेएम कॉलेज भुरकुंडा में विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026 कार्यक्रम का आयोजन 7 मार्च को किया जाएगा। कार्यक्रम में कुल 100 में से चयनित 20 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। प्रत्येक प्रतिभागी को अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए 5 मिनट का समय दिया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे से पंजीकरण एवं किट वितरण के साथ होगी। इस दौरान प्रतिभागियों की उपस्थिति, क्रम संख्या आबंटन, बैज वितरण किया जाएगा। सुबह 10 बजे से उद्घाटन सत्र प्रारंभ होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया जाएगा। इसके बाद स्वागत भाषण, संविधान की प्रस्तावना का वाचन, कार्यक्रम की रूपरेखा और दिशा-निर्देश प्रस्तुत किए जाएंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि अपने विचार व्यक्त करेंगे तथा अतिथियों को सम्मानित किया जाएगा। उद्घाटन सत्र के बाद 11:20 बजे से प्रथम भाषण सत्र शुरू होगा, जिसमें प्रतिभागी क्रम संख्या 1 से 20 तक अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। इसके बाद दोपहर 1:30 बजे से 2:30 बजे तक मध्याह्न भोजन अवकाश रहेगा। दोपहर 2:30 बजे से समापन सत्र आयोजित किया जाएगा। इस दौरान निर्णायक मंडल अपनी टिप्पणियां देंगे और कार्यक्रम का परिणाम घोषित किया जाएगा। कार्यक्रम के विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम का समापन अध्यक्षीय संबोधन, धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ किया जाएगा।

# ब्राउन शुगर के साथ तीन तस्कर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**● गिरफ्तार आरोपियों के पास से कुल 28 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद की गई है**

**नवीन मेल संवाददाता**

**पूर्वी सिंहभूम।** टाटानगर रेलवे स्टेशन परिसर में रेलवे सुरक्षा बल( आरपीएफ) ने नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से लाखों रुपये के ब्राउन शुगर बरामद की गई है। जानकारी के अनुसार रेलवे के माध्यम से नशीले पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के उद्देश्य से आरपीएफ की ओर से ऑपरेशन नारकोस चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल चक्रधरपुर मंडल के निर्देश पर टीम ने छापेमारी कर तीन तस्करों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपितों के पास से कुल 28 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद की गई है, जिसका कुल वजन 3.56 ग्राम बताया जा रहा है। बरामद ब्राउन शुगर की अनुमानित कीमत लगभग तीन लाख 56 हजार रुपये है। इसके अलावा आरोपितों के पास से तीन मोबाइल फोन और 4,330 रुपये नकद भी बरामद किए गए हैं। कुल जब्त सामानों की कीमत लगभग 4 लाख 20 हजार 330 रुपये बताई गई है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान परसुडीह थाना क्षेत्र के किताडीह निवासी मुस्तकीम अंसारी उर्फ रतन, बर्मामाइंस के कैरेज कॉलोनी निवासी बसंत उपाध्याय उर्फ डेफिनिटी और गोलमुरी खालसा क्लब के पास रहने वाले राहुल कुमार डे के रूप में हुई है। गुरुवार को आरपीएफ थाना प्रभारी राकेश महतो ने बताया कि जांच में सामने आया है कि मुस्तकीम अंसारी उर्फ रतन ब्राउन शुगर को सरायकेला-खरसावां जिले के आदित्यपुर इलाके से लाकर टाटानगर स्टेशन परिसर में बसंत उपाध्याय उर्फ डेफिनिटी और राहुल कुमार डे को बेच रहा था। इसी दौरान आरपीएफ की टीम ने तीनों को रंगे हाथ पकड़ लिया। फिलहाल आरपीएफ तीनों आरोपितों से पूछताछ कर रही है और पूरे नेटवर्क की जानकारी जुटाने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है।



## युवक ने की खुदकुशी, जांच में जुटी पुलिस

**पूर्वी सिंहभूम।** सीतारामडेरा थाना क्षेत्र के कुम्हारपाड़ा में गुरुवार सुबह एक युवक के कीटनाशक खाकर खुदकुशी करने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान कुम्हारपाड़ा निवासी सूरज प्रसाद (38) के रूप में हुई है। घटना के बाद इलाके में शोक का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह सूरज की दूसरी पत्नी सोनी ने कमरे में उसे जमीन पर अचेत अवस्था में पड़ा देखा। पास में कीटनाशक की बोतल भी पड़ी हुई थी। आनन-फानन में इसकी सूचना सीतारामडेरा थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जांच के दौरान पुलिस को मृतक के मोबाइल फोन से एक वीडियो भी मिला है। बताया जा रहा है कि उस वीडियो में सूरज ने अपनी मर्जी से खुदकुशी करने की बात कही है। फिलहाल पुलिस वीडियो की भी जांच कर रही है और उसके आधार पर पूरे मामले की पड़ताल की जा रही है। परिजनों और स्थानीय लोगों के अनुसार सूरज प्रसाद ने दो शादियां की थीं। उसकी पहली पत्नी पिंकी सोनारी क्षेत्र में रहती है, जबकि वह अपनी दूसरी पत्नी सोनी के साथ कुम्हारपाड़ा में रह रहा था। करीब छह महीने पहले वह एक ट्रेन दुर्घटना का शिकार हो गया था, जिसमें उसके दोनों पैर और एक हाथ कट गए थे। इस घटना के बाद से ही वह शारीरिक और मानसिक रूप से काफी परेशान रहने लगा था। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद से सूरज गहरे अवसाद में रहने लगा था।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, HAZARIBAG**

**e-Procurement Tender Notice**
**Two Envelope System**
**Tender Reference No. :- DMFT/MID/HAZARIBAG/F2-40/2025-26**
**Letter no - 155** **Date :- 28.02.2026**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of P.C.C road from Basariya P.W.D road of Panchayat - Basariya via Gudiya Pond to Amjhar kalikaran road, Village- Basariya, Panchayat- Basariya, Block- Chouparan, District- Hazaribag |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | **Rs.- 1,29,65,500.00** |
| 3. | Time of Completion | 11 Months |
| 4. | Date of Publication of e-Tender on website | 16.03.2026 at 1:00 P.M **(e-Procurement Portal- http://jharkhandtenders.gov.in)** |
| 5. | Last date/Time for Submission of e-Tender bids Online | 25.03.2026 up to 5:00 P.M |
| 6. | Last Date for Online Submission of Tender Fee and EMD | 25.03.2026 up to 5:00 P.M |
| 7. | Date of opening of e-Tender | 27.03.2026 at 03:00 P.M |
| 8. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag |
| 9. | Contact no. of e-Procurement officer | 06546-270485 |
| 10. | E-mail of e- Procurement officer | eemidhbg-cemr-jhr@nic.in |

Note:- 1.) Only e-Tender will be accepted.
2.) Published Estimated Cost may be increased or decreased.
3.) Further details can be seen and Mode of Submission of Online Tender/Tender Fee/EMD through http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division**
**Hazaribag**

PR 374142 Minor Irrigation (25-26)_D


## संकट मोचन मंदिर का धूमधाम से मना 26वां स्थापना दिवस



**भुरकुंडा।** भुरकुंडा बाजार स्थित संकट मोचन मंदिर का 26वाँ स्थापना दिवस श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। मंदिर के पुरोहित बृज किशोर पाठक ने विधि-विधान से पूजा कर महाआरती संपन्न कराई। अनुष्ठान के दौरान पुरोहित द्वारा सुन्दरकांड पाठ किया गया, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। पूजा-अर्चना और आरती के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। वही देर शाम भजन किर्त्तन होता रहा। स्थापना दिवस के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और सभी ने भगवान संकट मोचन हनुमान से सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की। मंदिर परिसर में पूरे दिन भक्तों की भीड उमड़ती रही । पुजा अनुष्ठान को सफल बनाने में किशोर कुमार, सतीश ठाकुर, अमित शर्मा, अमृत दुबे, नंदलाल रजक, लव वर्णवाल, अभिनाश गुप्ता, शनि वर्णवाल, रोहित गुप्ता, पिंटु ठाकुर दीपक अग्रवाल, गौत्तम गुप्ता सहित कई भक्तो का विशेष योगदान रहा।

### धान खरीद में गड़बड़ी की जांच के लिए बनी कमेटी

## नाखुश किसानों ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिरसा)।** सिरसा जिले की फग्गू अनाज मंडी में धान खरीद में किसानों के साथ हुई गड़बड़ी की जांच के लिए बनी कमेटी से नाखुश किसानों ने गुरुवार को सिरसा के उपायुक्त शांतनु शर्मा को ज्ञापन सौंपा है। भारतीय किसान एकता (बीकेई) के प्रदेशाध्यक्ष लखविंद्र सिंह औलख ने बताया कि फग्गू अनाज मंडी में किसानों से धान खरीदी के समय नमी के नाम पर 10 से 20 किलो प्रति क्विंटल काट ली गई, जिसकी शिकायत उपायुक्त से की गई थी। किसानों का आरोप था कि प्राइवेट शेलर मालिक धान की नमी की जांच अपने प्राइवेट मॉइश्चर मीटर से कर रहे थे। फग्गू मंडी में धान की खरीद सरकारी खरीद एजेंसी वेयर हाउस को दी गई थी, जो मिलिंग के लिए धान प्राइवेट सेलरों में लगा रही थी, लेकिन डीएम वेयरहाउस ने राइस शेलर मालिकों और आढ़तियों को किसानों को लूटने के लिए खुली छूट दे रखी थी। सरकारी खरीद एजेंसी और मार्केट कमेटी कालांवाली का कोई अधिकारी/कर्मचारी फगू मंडी में नहीं था, उसी समय किसानों ने मार्केट कमेटी सचिव और वेयरहाउस के परचेजर को बुलाया तो पाया गया कि सरकारी मशीन से धान की नमी 21.3 आई व शैलर वाली मशीन पर नमी 28.7 दर्शाई गई। इस घोटाले की उच्च स्तरीय जांच करवाकर किसानों के साथ हुई लूट की भरपाई करवाने के लिए भारतीय किसान एकता की ओर से मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त सिरसा को मांग पत्र सौंपा, जिस पर धान घोटाले की जांच के लिए एसडीएम कालांवाली और डीएफएससी की जांच कमेटी बनाई गई। किसानों के धान के वजन में की गई कटौती उन्हें वापस नहीं मिली है और ना ही इस लूट में शामिल डीएम वेयरहाउस, मार्केट कमेटी सचिव कालांवाली, राईस शेलर मालिकों और आढ़तियों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। किसान नेता औलख का आरोप है कि एसडीएम कालांवाली और डीएफएससी इन्हें बचाने में लगे हुए हैं फगू अनाज मंडी में 1.32 लाख क्विंटल के लगभग धान की खरीद हुई है। किसान नेताओं ने उपायुक्त से मांग की है कि किसानों को न्याय दिलाया जाए और धान खरीद लूट में शामिल डीएम वेयरहाउस सिरसा, मार्केट कमेटी सचिव कालांवाली राईस शेलर मालिकों और आढ़तियों पर मुकदमा दर्ज किया जाए। इस मौके पर बीकेई प्रदेश महासचिव अंग्रेज सिंह कोटली, भूतपूर्व सैनिक सौदागर सिंह, जसपाल सिंह फग्गू, संदीप सिंह, कुलदीप सिंह झोरड़रोही मौजूद रहे।



### चोरी करने के तीन आरोपी गिरफ्तार

**पूर्वी सिंहभूम।** बर्मामाइंस थाना पुलिस ने ट्रांसफार्मर में आग लगाकर कॉपर क्वाइल चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर करीब 70 किलो ग्राम चोरी किया गया ट्रांसफार्मर का क्वाइल बरामद किया है। टाटा स्टील (यूआईएसएल) में मैनेजर के पद पर कार्यरत अजित कुमार त्रिपाठी ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि 10 से 12 अज्ञात अपराधियों ने ट्रांसफार्मर में आग लगाकर उसमें लगे कॉपर क्वाइल की चोरी कर ली थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए वरीय पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर बर्मामाइंस थाना प्रभारी दिलीप कुमार यादव के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर मामले में शामिल तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया।

## पानी फेंकने के विवाद में युवक को चाकू मारा, गंभीर

**पूर्वी सिंहभूम।** होली के दौरान पानी फेंकने को लेकर हुए विवाद में साकची थाना क्षेत्र के काशीडीह लाइन नंबर-3 निवासी युवक रितेश कुमार को कुछ लोगों ने चाकू मारकर घायल कर दिया। घटना बुधवार रात की बताई जा रही है। घायल युवक का इलाज एमजीएम अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार रितेश कुमार बुधवार शाम घूमने के लिए घर से निकला था। काली मंदिर के पास पहुंचा, तभी पास के एक घर की छत से किसी व्यक्ति ने उस पर पानी फेंक दिया। रितेश ने जब इस पर आपत्ति जताई और पूछताछ की, तो आरोपित व्यक्ति उससे उलझ गया और दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। कुछ ही देर में वहां अन्य लोग भी पहुंच गए और रितेश के साथ मारपीट करने लगे। इसी दौरान एक व्यक्ति ने चाकू निकालकर रितेश के पेट में वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

### स्मार्टफोन की लत से बच्चे हो रहे आक्रामक

# स्मार्ट फोन का स्वास्थ्य पर पड़ रहा है असर : विशेषज्ञ

**● घर में यदि बड़े भी लगातार फोन पर व्यस्त रहें तो बच्चे उसी व्यवहार को अपनाते हैं**

**नवीन मेल संवाददाता**



**धनबाद।** डिजिटल युग में स्मार्टफोन बच्चों की जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुका है। ऑनलाइन क्लास, गेम्स, सोशल मीडिया और वीडियो प्लेटफॉर्म की वजह से बच्चे घंटों मोबाइल स्क्रीन से चिपके रहते हैं। इसका असर उनकी पढ़ाई, व्यवहार और स्वास्थ्य पर साफ दिखाई देने लगा है। किताबों के प्रति रुचि कम होती जा रही है और लाइब्रेरी या स्टोरी बुक की जगह अब मोबाइल स्क्रीन ने ले ली है।

विशेषज्ञों का मानना है कि अत्यधिक स्क्रीन टाइम से बच्चों में चिड़चिड़ापन, एकाग्रता की कमी, आंखों की समस्या और नींद में बाधा जैसी दिक्कतें बढ़ रही हैं। पहले जहां बच्चे खाली समय में कहानियां पढ़ते, आउटडोर गेम्स खेलते या रचनात्मक गतिविधियों में हिस्सा लेते थे, वहीं अब वे मोबाइल गेम्स और शॉर्ट वीडियो में अधिक समय बिता रहे हैं। इस समस्या के लिए कहीं न कहीं अभिभावक भी जिम्मेदार हैं। व्यस्त दिनचर्या के कारण कई माता-पिता बच्चों को शांत रखने या व्यस्त रखने के लिए मोबाइल थमा देते हैं। धीरे-धीरे यह आदत लत में बदल जाती है। घर में यदि बड़े भी लगातार फोन पर व्यस्त रहें तो बच्चे उसी व्यवहार को अपनाते हैं।

बच्चों में बढ़ती मोबाइल की लत को लेकर विशेषज्ञ लगातार चिंता जता रहे हैं। एसएनएमएमसीएच के साइकेट्रिस्ट डॉण. शिल्पी से ईटीवी भारत ने खास बातचीत की। डॉ शिल्पी का कहना है कि बच्चे वही सीखते हैं जो वे अपने आसपास देखते हैं। यदि बचपन से ही वे अपने माता-पिता के हाथों में लगातार मोबाइल देखते हैं, तो उनके लिए भी मोबाइल सामान्य और जरूरी चीज बन जाता है। ऐसे में बच्चों के जीवन में किताबों की जगह धीरे-धीरे मोबाइल ले लेता है।

डॉ। शिल्पी के अनुसार यह समस्या सिर्फ घर तक सीमित नहीं है, बल्कि स्कूलों में भी देखने को मिल रही है। आजकल कई शिक्षक भी पढ़ाई, होमवर्क या अन्य गतिविधियों के लिए मोबाइल का ही अधिक उपयोग करते हैं। इससे बच्चों के जीवन में स्मार्टफोन एक अहम हिस्सा बन चुका है, लेकिन समस्या यह है कि बच्चों को यह नहीं पता होता कि मोबाइल का इस्तेमाल कितना और कैसे करना चाहिए। इसकी जिम्मेदारी माता-पिता और शिक्षकों की होती है कि वे बच्चों को सही दिशा दें। डॉ शिल्पी का कहना है कि आज स्मार्टफोन बहुत आसानी से उपलब्ध हो गया है। कंपनियां अपना मुनाफा देखती हैं और बाजार में लगातार नए-नए फोन ला रही हैं। आर्थिक रूप से सक्षम माता-पिता भी छोटे-छोटे बच्चों के हाथ में स्मार्टफोन दे देते हैं, यह सोचकर कि बच्चा मोबाइल पर अच्छी चीजें ही देख रहा होगा।

लेकिन जरूरत से ज्यादा स्मार्टफोन बच्चों के मानसिक और व्यवहारिक विकास के लिए हानिकारक साबित हो सकता है। विशेषज्ञों के मुताबिक अत्यधिक मोबाइल इस्तेमाल से बच्चों में चिड़चिड़ापन और आक्रामकता बढ़ रही है। उनकी एकाग्रता और ध्यान केंद्रित करने की क्षमता कम होती जा रही है। किसी समस्या को हल करने की क्षमता भी कमजोर पड़ रही है।

### रेलवे अस्पताल में महिला की मौत पर परिजनों ने किया हंगामा

**पूर्वी सिंहभूम।** खासमहल स्थित टाटानगर रेलवे अस्पताल में इलाज के दौरान परसुडीह के हलुदबनी निवासी 70 वर्षीय गुलफूल देवी की देर रात मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार के सदस्य और आसपास के लोग अस्पताल पहुंच गए और डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। परिजनों का कहना है कि वृद्धा अपने पैरों से चलकर अस्पताल पहुंची थीं, ऐसे में अचानक उनकी मौत कैसे हो गई, इसका जवाब अस्पताल प्रबंधन को देना चाहिए। परिवार के लोग यह भी जानना चाहते हैं कि उन्हें किस प्रकार की दवा दी गई थी, जिससे उनकी मौत हो गई। मृतका के बेटे राजेश प्रसाद उर्फ पोंगा ने बताया कि 3 मार्च की सुबह करीब 11 बजे उनकी मां को सर्दी, खांसी और सांस लेने में तकलीफ की शिकायत होने पर टाटानगर रेलवे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जांच के बाद डॉक्टरों ने कहा था कि स्थिति सामान्य है। इस पर परिजनों ने उन्हें छुट्टी देने की बात कही।


**कार्यपालक अभियंता (यॉंत्रिक) का कार्यालय**
**सिंचाई यॉंत्रिक प्रमण्डल, रॉंची**

**अति–आवश्यक सूचना**

इस सूचना के माध्यम् से निम्नलिखित पदाधिकारियों को सूचित किया जाता है कि कार्यपालक अभियंता, सिंचाई यॉंत्रिक प्रमण्डल, रॉंची के कार्यालय में उनके नाम/पदनाम पर काफी लम्बे अरसे से अस्थायी अग्रिम लम्बित चला आ रहा है। उसके समायोजन/नगद राशि वापसी हेतु अनेकों बार पत्राचार किया गया है, परन्तु इसके बावजूद भी आपके स्तर से सरकारी राशि वापसी अथवा समायोजन की कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

| क्रम | पदाधिकारियों का नाम/पदनाम | अस्थायी लम्बित अग्रिम राशि (रू0) |
|---|---|---|
| 1. | अवर प्रमण्डल पदाधिकारी, सिंचाई यॉंत्रिक अवर प्रमण्डल, गेतालसूद शिविर हटिया। | 346.32 |
| 2. | अवर प्रमण्डल पदाधिकारी, सिंचाई यॉंत्रिक अवर प्रमण्डल, गुमला। | 4384.18 |
| 3. | श्री ए0 के0 ठाकुर, तत्कालीन सहायक अभियंता, सिंचाई यॉंत्रिक अवर प्रमण्डल, हटिया। | 21820.33 |
| 4. | श्री जलील अहमद, तत्कालीन सहायक अभियंता, वीरपुर। | 12000.00 |
| 5. | अवर प्रमण्डल पदाधिकारी, कोलमहादेव। | 1361.01 |
| 6. | श्री के0 रामा, तत्कालीन सहायक अभियंता, गेतालसूद। | 2721.29 |
| 7. | अवर प्रमण्डल पदाधिकारी, बड़हिया। | 1297.42 |
| 8. | श्री बदरू जामा, तत्कालीन कनीय अभियंता, हटिया। | 1397.80 |
| 9. | श्री बिजूली प्रसाद, तत्कालीन सहायक अभियंता, पांकी। | 5126.97 |
| 10. | श्री कृपानन्द सिंह, तत्कालीन सहायक अभियंता, पांकी–3 | 5000.00 |
| 11. | श्री विक्रमालाल, तत्कालीन सहायक अभियंता, पांकी–3 | 19558.20 |
| 12. | प्रबन्धक, बिहार राज्य निर्माण निगम, मोहम्मदगंज। | 5776.00 |
| 13. | श्री अली हुसैन, तत्कालीन कनीय अभियंता, पांकी। | 29500.00 |
| 14. | श्री के0 रामा, तत्कालीन सहायक अभियंता, गेतालसूद। (अग्रदाय अग्रिम) | 340.05 |

उपरोक्त सभी अग्रदायधारी तथा अग्रिम प्राप्तकर्त्ता को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे अपना देय अग्रिम बकाया कार्यपालक अभियंता, सिंचाई यॉंत्रिक प्रमण्डल, रॉंची के कार्यालय में जमा कर दें ताकि इन्हें समायोजित करके अग्रिम को शून्य किया जा सके। अन्यथा बाध्य होकर राशि वसूली हेतु कानूनी/विभागीय कार्रवाई प्रारंभ कर दी जायेगी।

**कार्यपालक अभियंता**
**सिंचाई यॉंत्रिक प्रमण्डल, रॉंची**

PR 374109 Water Resource(25-26).D

# ईरान में तेल, आधुनिकता या परमाणु हथियारों पर रोक की लड़ाई है?

इंडिया



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

ईरान में आधुनिकीकरण और इस्लामिक व्यवस्था के विरोध और समर्थन का मामला उसका अंदरूनी था पर अब मध्यपूर्व के 12 देशों के अमेरिकी ठिकानों पर ईरान के हमले तो दूसरी ओर अमेरिका इजरायल के इसके पहले हमले में भारत बेमतलब पार्टी बन रहा है या बनाने का दबाव कांग्रेस बना रही है ।भारत के लाखों भारतीयों की जान माल इन देशों में खतरे में है । राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा था कि जून 2025 में तीन परमाणु ठिकानों पर बमबारी के बाद अमेरिका ने ईरान से बातचीत की कोशिश की थी, लेकिन ईरान ने 'हर मौके पर अपने परमाणु इरादों से पीछे हटने से इनकार कर दिया ।उनका तर्क था कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को दोबारा खड़ा कर रहा है और ऐसी लंबी दूरी की मिसाइलें विकसित कर रहा है जो अमेरिकी सहयोगियों, विदेशों में तैनात अमेरिकी सैनिकों और अंततः अमेरिकी ठिकाने तक को निशाना बना सकती हैं। इस अमेरिकी तर्क के बाद पिछले 28 फरवरी, 2026 को पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू हो गया। अमेरिकियों ने (ऑपरेशन एपिक फ्यूरी) चलाया, जिसमें इस्राइल (लॉयन्स रोअर) भी शामिल हो गया। कुछ ही घंटों में ईरान पर भीषण बमबारी हुई और एक दिन के अंदर उन्होंने ईरान के रक्षा मंत्री, शीर्ष जनरलों और सर्वोच्च नेता खामनेई को मार गिराया। वर्ष 1979 से पहले ईरान 'पश्चिम एशिया का पेरिस' था। ईरान के शाह ने पर्सिया से ईरान को आधुनिक बनाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 1963 में ईरान को पाश्चात्य रंग-ढंग में ढालने के लिए श्वेत क्रांति शुरू की। तेल से अर्जित अकूत दौलत ने बांध, हाईवे बनाने में मदद की और युवा स्नातकों को पढ़ना-लिखना सिखाने के लिए ग्रामीण इलाकों में भेजा। ईरान ने अपनी कारें 'पेकान', स्टील और उपभोक्ता सामग्री बनानी शुरू कर दी। 1970 के दशक तक, वहां की अर्थव्यवस्था हर साल 9-10 फीसदी की दर से बढ़ रही थी। ऊपर से लेकर नीचे तक आधुनिकीकरण ने देश को एक क्षेत्रीय शक्ति केंद्र बना दिया। लेकिन इतना सब विकास होने के बावजूद वहां के कुछ लोगों को लगा कि आधुनिकता के कारण ईरान इस्लामी परंपरावादी संस्कृति से दूर जा रहा है और वे सरकार बदलना चाहते थे। खासकर व्यापारी वर्ग और मौलवियों को लगा कि शाह का पाश्चात्यीकरण का अभियान ईरानी-इस्लामी पहचान को खत्म कर रहा है। लोगों को उनके अपने ही लोगों द्वारा बेवकूफ बनाना मुश्किल नहीं है। 16 जनवरी, 1979 को शाह, मोहम्मद रजा पहलवी इलाज के लिए अवकाश पर ईरान छोड़कर मिस्र चले गए। 14 साल से निर्वासित अयातुल्ला खामनेई देश की बागडोर संभालने के लिए लौटने वाले थे। हालांकि कुछ समझदार लोग ऐसा नहीं चाहते थे। 16 जनवरी से 31 जनवरी, 1979 तक का पखवाड़ा बहुत ज्यादा तनाव में बीता। प्रधानमंत्री बख्तियार ने हवाई अड्डे बंद करके खामनेई की वापसी को रोकने की कोशिश की। एक फरवरी, 1979 को बड़े विरोध प्रदर्शनों के बाद सरकार को हवाई मार्ग फिर से खोलना पड़ा, तब अयातुल्ला खामनेई तेहरान हवाई अड्डे पर उतरे। विदेशी अपनी जान बचाने के लिए ईरान से भाग गए। धर्मनिरपेक्ष 'बुद्धिजीवी', छात्र, अयातुल्ला खामनेई के धार्मिक अनुयायी शाह को हटाने के एक ही लक्ष्य के साथ एकजुट हुए और 30-31 मार्च, 1979 को एक जनमत संग्रह हुआ, जिसमें ईरानियों से पूछा गया कि वे इस्लामी गणराज्य चाहते हैं या नहीं। उत्तर केवल 'हां' या 'न' में देना था। एक अप्रैल, 1979 को खामनेई ने जनमत संग्रह की जीत का ऐलान किया (जिसे कथित तौर पर 98 फीसदी समर्थन मिला) और आधिकारिक तौर पर ईरान के इस्लामी गणराज्य के उदय की घोषणा की गई। देश को सैन्य ताकत की तरफ धकेला गया, जिसमें मिसाइलों और रिवोल्यूशनरी गार्ड पर ध्यान केंद्रित किया गया, ठीक हिटलर के एसएस (रक्षा बल) की तरह, जो सरकार के प्रति वफादार थे।ईरान परमाणु हथियार बनाना चाहता था, लेकिन हमेशा कहता रहा कि यह शांतिपूर्ण मकसद के लिए है। ईरान ने 60 फीसदी यूरेनियम (400 किलोग्राम से अधिक) का संवर्धन किया है, जो एक खतरनाक सीमा है। यह ईरान को कागजी तौर पर असैन्य परमाणु शक्ति बने रहने की क्षमता देता है, जबकि वास्तविकता यह है कि अगर वह परमाणु हथियार बनाने का राजनीतिक फैसला लेता है, तो एक सक्रिय बम बनाने में उसे महीनों या वर्षों के बजाय कुछ दिन या हफ्ते ही लगेंगे। हालांकि इसे 90 फीसदी 'हथियार की श्रेणी' नहीं कहा गया है, लेकिन यह बहुत बड़ा नुकसान पहुंचाने में सक्षम है और परमाणु हथियार कार्यक्रम में आखिरी रुकावट है। 60 फीसदी संवर्धित यूरेनियम का इस्तेमाल करके कामचलाऊ परमाणु हथियार बनाए जा सकते हैं। हालांकि यह उपकरण मानक 90 प्रतिशत हथियार से काफी ज्यादा बड़ा और भारी होगा, फिर भी यह हिरोशिमा जैसा उत्सर्जन (15 किलो टन) पैदा कर सकता है। हिरोशिमा में पहले दिन 80,000 लोग मारे गए और पांच महीनों के अंदर कुल 1,40,000 लोग मारे गए।क्या दुनिया इसे स्वीकार कर सकती है, यह सबसे बड़ा सवाल है। अमेरिका व इस्राइल के दबदबे के आरोप हैं पर वे खतरे की गारंटी कौन देगा?ईरान ने अमेरिकी संपत्तियों को निशाना बनाकर इस्राइल, अबू धाबी, दुबई, बहरीन, कतर, कुवैत, इराक, जॉर्डन और सीरिया समेत 12 देशों पर हमला किया है तथा उन्हें भारी नुकसान हुआ है। हालांकि अमेरिकियों और रूसियों के पास हजारों परमाणु हथियार हैं, लेकिन लगता है कि उनके पास निगरानी एवं संतुलन की क्षमता है। दूसरे परमाणु हथियार संपन्न देशों के पास भी ऐसा ही है। ईरान के मौजूदा खानाबदोश शासन पर समझदारी के लिए भरोसा नहीं किया जा सकता। बिल्कुल अनूठे हथियार के जरिए इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर ने उन्नत क्षमताओं का इस्तेमाल करके 'निर्णायक और अफसोसनाक सजा' देने की कसम खाई है। हालांकि उन्होंने उनका नाम नहीं बताया है, लेकिन खतरा भयावह है। वे अब हताश हैं और अपने साथ-साथ दूसरों को भी बर्बाद कर सकते हैं। ज्यादातर ईरानी इस सरकार को हटाना चाहते हैं। लगभग 80 प्रतिशत लोग इसका विरोध करते हैं और सिर्फ 20 प्रतिशत लोग ही इसका समर्थन करते हैं। अमेरिका ने जरूर विरोधी समूहों को तैयार किया होगा, जो सरकार बदलने के लिए बहुत जरूरी है। कोई नहीं जानता कि इस युद्ध का नतीजा किसके पक्ष में जाएगा, लेकिन यह तो पक्का है कि यह सबकी जेब पर भारी पड़ेगा। रूस को तेल बेचने की इजाजत मिल सकती है, क्योंकि होर्मुज जलडमरूमध्य पर कब्जा है। पश्चिम एशिया में तनाव चरम पर पहुंच गया है। पूरी क्षेत्रीय सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है। ऐसे में अब इस भयावह होते संघर्ष को खत्म करने की दिशा में ईरान की ओर से एक बड़ा बयान सामने आया है। बताया गया है कि ईरान अमेरिका और इस्राइल के साथ युद्ध खत्म करने के लिए बातचीत को तैयार है, लेकिन शर्त साफ है कि ये बातचीत पूरे इज्जत के साथ और बिना किसी दबाव के होगी। बातचीत की पहल वाला यह बयान ईरान के सर्वोच्च नेता के विशेष प्रतिनिधि अब्दुल मजीद हकीम इलाही ने न्यूज एजेंसी एएनआई से बातचीत के दौरान दी। अपने बयान में इलाही ने कहा कि ईरान चाहता है कि अमेरिका और इस्राइल भविष्य में हमला न करें और अगर शांति होनी है तो उस समय लगे प्रतिबंध भी हटाने होंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईरान ने युद्ध शुरू नहीं किया, बल्कि केवल अपनी रक्षा कर रहा है। इलाही ने आरोप लगाया कि अमेरिका ने यह युद्ध शुरू किया और अब उन्हें ही इसे रोकना चाहिए ।उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका केवल ईरान नहीं, बल्कि अन्य देशों को भी कमजोर करना चाहता है ताकि अमेरिका अपनी ताकत बनाए रख सके। भारत के लिए इन तेल उत्पादक देशों और वहां कार्यरत लाखों भारतीयों के हितों के साथ वैश्विक संतुलन बना कर चलना है जबकि ईरान के पक्के समर्थक देशों ने भी बयानबाजी तक अपने को सीमित रखा है।

विचार प्रवाह

किसी भी महत्वपूर्ण निर्णय को लेने से पूर्व आपको मौन में बैठकर, परमपिता से उनके आशीर्वाद के लिये प्रार्थना करनी चाहिए। तब आपकी शक्ति के पीछे ईश्वर की शक्ति, आपके मन के ईश्वर का मन, एवं आपकी इच्छा-शक्ति उनकी इच्छा-शक्ति होगी। - **स्वामी विवेकानंद जी**

# दो महान गुरुओं की महासमाधि

अध्यात्म की बात



नेहा प्रकाश

**मार्च माह क्रियायोग परंपरा के दो महान संत-परमहंस योगानंद और स्वामी श्री युक्तेश्वर गिरि-की महासमाधि का स्मरण कराता है, जिन्होंने देह त्यागकर भी शिष्यों को नित्य आध्यात्मिक संरक्षण और मार्गदर्शन का अमर वचन दिया।**

ईश्वरीय प्रकाश से दीप्तिमान गुरु को नश्वरता प्रभावित नहीं कर सकती। मृत्यु के समय पूर्ण चेतन अवस्था में वे अपनी मानवीय देह का त्याग करते हैं, इसी को महासमाधि कहते हैं।

मार्च माह क्रियायोग परम्परा के दो अद्वितीय संतों की महासमाधि की याद दिलाता है — आध्यात्मिक गौरव ग्रंथ "योगी कथामृत" के लेखक श्री श्री परमहंस योगानन्दजी, जिन्होंने 7 मार्च, 1952 को और उनके गुरु और "कैवल्य दर्शनम्" के लेखक श्री श्री स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरि, जिन्होंने 9 मार्च, 1936 को महासमाधि में प्रवेश किया।

दोनों ही गुरुओं ने अपने वर्तमान समय के और भविष्य में आने वाले शिष्यों के हृदयों में सदा के लिए वास करने और उनके लिए अपनी नित्य विद्यमानता को बनाए रखने का वचन दिए बिना शरीर नहीं छोड़ा। योगानन्दजी ने सत्तानबे वर्ष पूर्व अपनी एक कविता में लिखा था, "अज्ञात मैं तुम्हारे साथ चलूँगा और अपने अदृश्य हाथों से तुम्हारी रक्षा करूँगा।"

योगानन्दजी 17 वर्ष की आयु में पहली बार बनारस में श्रीयुक्तेश्वरजी से मिले थे। उस समय उनके मन में अपने गुरु को खोजने की प्रबल इच्छा थी। और बनारस की गलियों में उन्हें प्राप्त कर लेने के बाद, योगानन्दजी अपने गुरु के कठोर अनुशासन में भी उनके साथ बने रहे। युक्तेश्वरजी ने योगानन्दजी को छोटे बालक के रूप में दस वर्षों तक प्रशिक्षित किया ताकि वे आने वाले वर्षों में एक विश्व प्रसिद्ध गुरु बन सकें। उनके महान् गुरु श्रीयुक्तेश्वर गिरिजी ने अतुलनीय महावतार बाबाजी द्वारा दिये गए उत्तरदायित्व — अर्थात् उन युवा साधु को समुद्र पार पश्चिम में क्रियायोग का प्रसार करने के लिए तैयार करना — को दिव्य रूप से पूर्ण किया; वही क्रियायोग जिसमें 30 सेकंड की एक प्रभावी क्रिया-श्वास, एक वर्ष के प्राकृतिक मानवीय क्रमविकास के बराबर होती है।

परमहंस योगानन्दजी की महासमाधि क्रियायोग के प्रभाव का सर्वोत्तम प्रमाण थी। मृत्यु के 20 दिन बाद भी उनके शरीर में क्षय के कोई चिन्ह दिखाई नहीं दिए। शवागार के निर्देशक श्री हैरी टी. रोवे ने सूचित किया था कि परमहंस योगानन्दजी की देह "निर्विकारता की एक अद्भुत अवस्था में थी।" महान् गुरु ने न केवल जीवन में अपितु मृत्यु में भी सम्पूर्ण मानवजाति के समक्ष प्रदर्शित कर दिया था कि योग और ध्यान से सृष्टि की शक्तियों को नियंत्रित किया जा सकता है। "योगी कथामृत" में बताया गया है कि क्रियायोग का अभ्यास हर श्वास के साथ रक्त को कार्बनरहित करता है, जिसके कारण अंत समय में शरीर में विकार नहीं होता। यह एक पुरातन विज्ञान है जो श्रीकृष्ण ने अर्जुन को दिया था और तत्पश्चात पतंजलि और अन्य लोगों ने इसे जाना। वर्तमान युग में, महावतार



बाबाजी ने इसे लाहिड़ी महाशय को दिया, जिन्होंने पुनः इसे योगानन्दजी के गुरु स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरिजी को प्रदान किया।

क्रियायोग की शिक्षाओं के प्रचार-प्रसार के लिए श्रीयुक्तेश्वरजी ने एक संस्था की स्थापना करने पर बल दिया; वास्तव में, इस ज्ञान को साझा करना आवश्यक था। इसलिए योगानन्दजी ने सन् 1917 में राँची में योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ़ इण्डिया (वाईएसएस) और सन् 1920 में लॉस एंजेलिस में सेल्फ़-रियलाइज़ेशन फ़ेलोशिप (एसआरएफ़) की स्थापना की। कोई भी व्यक्ति योगदा आश्रमों के माध्यम से आत्म-साक्षात्कार हेतु गृह अध्ययन पाठमाला, जिसमें ध्यान की वैज्ञानिक प्रविधियों को भली-भाँति सीखने के लिए क्रमानुसार निर्देश प्रस्तुत किए गए हैं, के लिए पंजीकरण कर सकता है।

परमहंस योगानन्दजी ने कहा था, "मेरे जाने के बाद मेरी शिक्षाएँ ही गुरु होंगी। शिक्षाओं के माध्यम से आप मुझसे और उन महान् गुरुओं से जिन्होंने मुझे भेजा है, समस्वर रहेंगे।"

1. सचिव, रामकृष्ण मिशन, टीबी सैनेटोरियम, पोस्ट-सैनेटोरियम, टुपुदाना, रांची - 835221, झारखंड
2. सचिव, रामकृष्ण मिशन आश्रम, रांची-मोराबादी, स्वामी विशुद्धानंद रोड, मोराबादी, रांची - 834008, झारखंड, भारत
3. सचिव, भारत सेवाश्रम संघ, टुपुदाना, रांची - 834003, झारखंड
4. सचिव, श्री श्री आनंदमयी संघ, मेन रोड, रांची - 834001, झारखंड
5. सचिव, मात्रिकाश्रम, 14, अपर बर्धवान कंपाउंड, सर्कुलर रोड, बर्धवान कंपाउंड, रांची - 834001, झारखंड
6. सचिव, चिन्मय आश्रम, रांची लेक साउथ रोड, रांची - 834001, झारखंड
7. सचिव, महर्षि मेहि आश्रम, चुटिया मेन रोड, बाहु बाजार, लोअर चुटिया, समलोंग, रांची - 834001, झारखंड
8. सचिव, राम मंदिर, स्ट्रीट नंबर 1, साईं कॉलोनी, लोअर चुटिया, गोसाईंटोला, रांची, झारखंड
9. सचिव, राम मंदिर, चुटिया मेन रोड, अपर चुटिया, काठारटोली, रांची, झारखंड

**(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)**

राष्ट्रीय नवीन मेल
धर्म-अध्यात्म



# समर्पण से मिलता आंतरिक संतुलन



स्वामी चिन्मयानंद

यह वाक्य 'योगक्षेमं वहाम्यहम्' ("मैं तुम्हारी आवशकताएँ पूरी करता हूँ तथा जो कुछ तुम्हारे पास विद्यमान है, उसका संरक्षण भी करता हूँ।") वास्तव में अत्यंत प्रभावशाली है। यदि हम ठहरकर अपने जीवन पर विचार करें, तो यह प्रतिज्ञा हर दिन पूरी होती रहती है। जब हम इस श्लोक को अपने जीवन का हिस्सा बना लेते हैं, तो हम चिंता करना तथा यह सवाल करना बंद कर देते हैं कि क्या ईश्वर हमारी देखभाल कर रहा है या नहीं; इसके बजाय, हम अपने हृदय में जान लेंगे कि वह सदैव हमारा संरक्षण करता है। जीवन के कुछ समयों में रोग, दुर्बलता और अन्य प्रकार के व्यवधान अवश्य आएँगे। स्वयं को ईश्वर तथा उनकी बुद्धि के प्रति समर्पित करें एवं शान्त अविचल मन से अपने कर्तव्यों का पालन करें। जो कुछ भी हो रहा है वह ईश्वर का उपहार है, जो अन्ततः हमारे अपने विकास हेतु है।

अनावश्यक चिंता न करें। समस्याएँ समय के साथ स्वयं दूर हो जाती हैं। ईश्वर तथा उनकी इच्छा में विश्वास बनाए रखें। हर्षित रहें। इतनी शक्ति रखें कि सभी चिन्ताओं को उनके चरणों में समर्पित कर सकें। क्यों नहीं? प्रयास करें। यह आपको अनावश्यक मानसिक पीड़ा से मुक्त करता है। अब आपके साथ कुछ भी अशुभनहीं हो सकता है। आप स्वयं देखें। यह सब केवल आपको उन्नत करने के लिए है। उनकी धारा के साथ बहें। ईश्वर सब जानते हैं। वे अत्यंत विवेकशील और ज्ञानयुक्त हैं। जब वे हमें ऐसे वातावरण के संपर्क में लाते हैं, तो केवल इसलिए कि यह हमारे अन्तर्मुखी विकास के लिए आवश्यक है। यही मार्ग है। फिर चिंता क्यों करें!

*-पुस्तक गीता पंचामृत से साभार)*

# स्वराज्य, सुशासन और अस्मिता के अमर प्रतीक छत्रपति शिवाजी महाराज

अलग बात



अशोक "प्रवृद्ध"


इतिहास राजा- महाराजाओं की कहानियों से भरा पड़ा है, लेकिन जनता का राजा अर्थात रैयतेचा राजा वही कहलाता है, जिसने प्रजा के आंसू पोंछे हों। शिवाजी महाराज ने महलों से नहीं, बल्कि किलों और मावलों के दिलों से शासन किया। एक ऐसा शासन जहां धर्मनिरपेक्षता केवल कागजों पर नहीं, बल्कि न्याय के तराजू पर दिखती थी। जब चारों ओर हताशा का अंधकार था और विदेशी आक्रांताओं के हौसले बुलंद थे, तब शिवनेरी की गुंज ने भारतीय इतिहास की धारा मोड़ दी। छत्रपति शिवाजी महाराज केवल एक नाम नहीं, बल्कि उस अदम्य चेतना का नाम है जिसने मुगलों के दंभ को कुचलकर हिन्दवी स्वराज्य का भगवा फहराया। छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म 19 फरवरी, 1630 को पुणे के पास शिवनेरी दुर्ग में हुआ था। इसलिए छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती (शिवजयंती) प्रतिवर्ष 19 फरवरी को मनाई जाती है। शिवाजी महाराज के साहस, नेतृत्व और हिन्दवी स्वराज्य की स्थापना के संकल्प को समर्पित छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती के दिन 19 फरवरी को महाराष्ट्र में सार्वजनिक अवकाश रहता है और पूरे राज्य में बड़े उत्साह के साथ शोभायात्राएं निकाली जाती हैं। प्राचीन मत के अनुसार कुछ लोग भारतीय पंचांग के तिथि अनुसार फाल्गुन (उत्तर भारत में चैत्र) कृष्ण पक्ष तृतीया को भी जयंती मनाते हैं। इस तिथि के अनुसार वर्ष 2026 में तिथि के अनुसार शिवजयंती 6 मार्च को मनाई जाएगी। भारतीय इतिहास के क्षितिज पर छत्रपति शिवाजी महाराज एक ऐसे देदीप्यमान नक्षत्र हैं, जिन्होंने न केवल भूगोल बदला, बल्कि जनमानस की सोच को भी बदल दिया। उनका जन्म केवल एक साम्राज्य की स्थापना के लिए नहीं, बल्कि सदियों से दासता की बेड़ियों में जकड़ी एक सभ्यता के पुनरुत्थान के लिए हुआ था। शिवाजी महाराज ने जब हिन्दवी स्वराज्य का संकल्प लिया, तब उनके पास न बड़ी सेना थी और न ही अपार धन। उनके पास था तो केवल संकल्प और मावलों अर्थात स्थानीय किसानों और युवाओं का अटूट विश्वास। उनके लिए स्वराज्य का अर्थ केवल एक हिन्दू राजा का शासन नहीं था, बल्कि एक ऐसी व्यवस्था थी जहां किसान की फसल सुरक्षित हो, महिलाओं का सम्मान सर्वोपरि हो और न्याय सबके लिए समान हो। महाराज ने सह्याद्रि की पहाड़ियों को अपनी ढाल बनाया। उनके द्वारा निर्मित और पुनर्निर्मित 300 से अधिक किले आज भी उनकी सामरिक प्रतिभा के गवाह हैं। उन्होंने दुर्गों को केवल सैन्य ठिकाना नहीं, बल्कि प्रशासन का केंद्र बनाया। उन्होंने भविष्य को भांपते हुए भारतीय नौसेना की नींव रखी। वे जानते थे कि विदेशी आक्रमणकारियों को रोकने के लिए समुद्र पर नियंत्रण अनिवार्य है- एक ऐसी सोच जो उन्हें अपने समय के शासकों से कोसों आगे ले गई। महाराज का अष्टप्रधान मंडल आधुनिक कौंसिल ऑफ मिनिस्टर्स का प्राचीन स्वरूप था। उनकी प्रशासनिक कुशलता का सबसे बड़ा प्रमाण यह था कि उनके शासन में धर्म, जाति या पंथ के आधार पर भेदभाव नहीं था। उनकी सेना में इब्राहिम खान और मदारी मेहतर जैसे निष्ठावान मुस्लिम योद्धा थे, तो दूसरी ओर वे गौ, ब्राह्मण और प्रतिपालक के रूप में अपनी संस्कृति के रक्षक भी थे। उन्होंने युद्ध में भी नैतिकता को कभी नहीं त्यागा। दुश्मन की महिलाओं और धार्मिक ग्रंथों का सम्मान करना उनके चरित्र की विशेषता थी। आज के दौर में शिवाजी महाराज का प्रबंधन, उनकी कूटनीति और राष्ट्र प्रथम की भावना हर भारतीय के लिए प्रेरणास्रोत है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

फेसबुक वॉल से




एक्स से




**आज का दोहा**

हुनरमंद हैं इसलिए, सब गुनाह हैं माफ।
हवा कभी जाती नहीं, उनके लिए खिलाफ।।
सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

**रचना भेजिए**

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444
संपादक

# मिट्टी, बीज और उम्मीद : महिलाओं के हाथों उगता नया संसार

8 मार्च महिला दिवस

देश की बात



कुमार सिद्धार्थ

सुबह की पहली किरण जब धरती को सहलाती है, तो वह केवल उजाला ही नहीं लाती वह उन अनगिनत स्त्रियों की मौन आस्था भी साथ लाती है, जो अपने श्रम, संवेदना और धैर्य से प्रकृति को फिर से जीवन दे रही हैं। देश के परिदृश्य में देखें तो पाएंगे कि वे बुंदेलखंड की प्यास से फटी धरती पर सूखे तालाबों में पानी की स्मृतियाँ लौटा रही हैं; तो झारखंड और छत्तीसगढ़ के जंगलों में वे बीजों को ऐसे सहेजती हैं जैसे माँ अपने शिशु को; और उत्तराखंड की पहाड़ियों पर वे पेड़ों की रखवाली करती हुई मानो भविष्य की पहरेदार बन जाती हैं। ये स्त्रियाँ पर्यावरण को नहीं, बल्कि जीवन की निरंतरता को बचा रही हैं। इसी व्यापक सोच और जीवनानुभव से जन्मी इस चेतना को दुनिया "इकोफेमिनिज़्म" कहती है यानी पर्यावरण नारीवाद, एक ऐसा नजरिया जो प्रकृति और स्त्री की मुक्ति को एक-दूसरे से जुड़ा हुआ मानता है। यह विचार बताता है कि जैसे प्राकृतिक संसाधनों का दोहन होता है, वैसे ही समाज में महिलाओं के श्रम और अधिकारों का भी शोषण होता है। जब जलस्रोत सूखते हैं, जंगल कटते हैं या भूमि बंजर होती है, तो सबसे पहले इसका असर महिलाओं पर पड़ता है उन्हें पानी के लिए दूर तक चलना पड़ता है, ईंधन और चारे के लिए अधिक श्रम करना पड़ता है। यही अनुभव उन्हें पर्यावरण संरक्षण का स्वाभाविक नेतृत्वकर्ता बना देता है, क्योंकि उनके लिए प्रकृति कोई संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार, सहचर और भविष्य की आशा है। यह विचार किसी सिद्धांत की उपज नहीं, बल्कि पीढ़ियों से संचित जीवनानुभव की देन है। भारतीय ग्रामीण और आदिवासी समाज में यह भावना सदियों से रची-बसी है, जहाँ धरती को माँ और प्रकृति को पालनहार माना जाता है। यही कारण है कि जब महिलाएँ पर्यावरण संरक्षण की पहल करती हैं, तो वह केवल हरित अभियान नहीं रहता वह सामाजिक परिवर्तन की एक शांत किंतु सशक्त प्रक्रिया बन जाता है। जो महिलाएँ कभी निर्णयों की चौखट से दूर रखी जाती थीं, वही आज ग्रामसभाओं में योजनाएँ बना रही हैं, सामुदायिक बैठकों में दिशा तय कर रही हैं और अपने गाँव के भविष्य की रूपरेखा स्वयं लिख रही हैं।

ग्रामीण जीवन में महिलाएँ पानी लाने, चारा जुटाने, लकड़ी इकट्ठा करने और खेती करने जैसे कार्यों के कारण प्रकृति से प्रत्यक्ष जुड़ी रहती हैं। पर्यावरण चिंतक डॉ. वंदना शिवा ने बार-बार इस बात पर बल दिया है कि आधुनिक विकास मॉडल ने प्रकृति और स्त्री दोनों को "संसाधन" मानकर उनका उपयोग किया, जबकि पारंपरिक समाज उन्हें जीवन के आधार के रूप में देखता था। इसी सोच को सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर ने नर्मदा घाटी आंदोलन में जीवंत रूप दिया, जहाँ नदी, विस्थापन और महिलाओं के अधिकार जैसे तीनों प्रश्न एक साथ उठाए। वहीं इंदौर की पद्मश्री जनक मिलिगियन पलटा ने सौर उर्जा के माध्यम से सैकडों आदिवासी युवतियों के जीवन को रोशन करने का प्रयास किया है। पर्यावरण विद सुनीता नारायण ने दुनिया में कार्बन उर्त्सजन में कमी लाने के लिए सरकारों के साथ मिलकर नीतिगत मसलों पर काम किया है। महिला नेतृत्वकर्ताओं ने देश के अनेक राज्यों में स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से जैविक खेती, रसोई बाग़, वर्मी कम्पोस्ट और वनौषधि उत्पादन जैसी पहलें शुरू की हैं। इन पहलों से न केवल महिलाओं की आय बढ़ी है, बल्कि रासायनिक खेती पर निर्भरता भी घटी है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/00155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', सह कार्यकारी संपादक : प्रवीण कुमार दूबे*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : समाचार - news.rnmail@gmail.com, लेख - article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

राजस्थान का रहस्यमयी मंदिर

# शाम के बाद रुकने से डरते हैं लोग

**एजेंसी। बाड़मेर**

बाड़मेर के रेगिस्तान में एक ऐसा मंदिर है, जहां शाम होते ही लोग भाग जाते हैं और पूरा मंदिर वीरान हो जाता है। यह है किराड़ू मंदिर। यह कोई साधारण मंदिर नहीं है, बल्कि पांच मंदिरों की एक श्रृंखला है। इसमें से एक भगवान विष्णु को समर्पित है और बाकी चार महादेव को।

इस मंदिर की खूबसूरती देखकर आपको लगेगा कि यह राजस्थान का खजुराहो है। हर दीवार, हर खंभा और हर छत पर नक्काशी इतनी अद्भुत है कि आप घंटों वहीं ठहरे रहना चाहेंगे। हालांकि इस मंदिर में शाम के बाद ठहरना वर्जित है। कहा जाता है कि कोई भी अगर रात तक रुका, वह वापस नहीं आया। लोगों का कहना है कि यह सब साधु के श्राप की वजह से है।



स्थानीय लोगों का कहना है कि काफ़ी समय पहले एक साधु अपने शिष्यों के साथ किराड़ू आए। कुछ दिन वे वहीं रहे और फिर देश भ्रमण पर निकल पड़े लेकिन अचानक उनके शिष्य बीमार पड़ गए। गांव के लोग उनकी मदद नहीं करना चाहते थे लेकिन एक कुम्हारिन ने उनकी पूरी देखभाल की। जब साधु वापस आए और शिष्यों को इस हालत में देखा, तो उनका गुस्सा सातवें आसमान पर था। उन्होंने श्राप दिया कि जहां मानवता नहीं है, वहां के लोग भी न रहें, जिसके बाद गांव के लोग पत्थर बन गए।

साधु ने उस कुम्हारिन को चेताया कि वह शाम से पहले वहां से निकल जाए और रास्ते में कभी पीछे मुड़कर न देखे लेकिन जैसे ही वह कुम्हारिन पीछे मुड़ी, वह भी पत्थर में बदल गई। तभी से यह माना जाता है कि जो कोई भी यहां शाम के बाद रुका, वह पत्थर बन जाता है।

किराड़ू मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं है बल्कि एक रहस्यमयी व ऐतिहासिक अनुभव है। आज भी सुबह पूरा परिसर चहल-पहल वाला लगता है लेकिन जैसे ही शाम होती है, लोग जल्दी-जल्दी बाहर निकलने लगते हैं। कोई भी यहां शाम के बाद ठहरना नहीं चाहता।

कनाडा के पीएम ने मोदी के नेतृत्व की सराहना की, बोले-

# भारत के साथ चाहते हैं मजबूत संबंध

**एजेंसी। वॉशिंगटन**

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और गवर्नेंस रिकॉर्ड की सराहना की है। कनाडाई प्रधानमंत्री ने लगातार काम करने के तरीके और आम लोगों तक पहुंचाने पर पीएम मोदी के फोकस को हाईलाइट किया। साथ ही, उन्होंने ओटावा और नई दिल्ली के बीच संबंधों को और गहरा करने की कोशिश का भी इशारा किया है। ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में लोवी इंस्टीट्यूट थिंक-टैंक में पीएम कार्नी ने प्रधानमंत्री मोदी को एक अनोखा और बहुत अनुशासित नेता बताया, जो एक सघन राजनीतिक कार्यक्रम को बनाए रखते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपनी हालिया बातचीत के बारे में बताते हुए कार्नी ने कहा, "देखिए वह आदमी अनोखा है। मैं कहूंगा, आप जानते हैं, 25 साल हो गए हैं और उन्होंने एक दिन की भी छुट्टी नहीं ली। 25 साल लगातार गुजरात में मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री के तौर पर एक भी दिन की छुट्टी नहीं ली है।" उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की राजनीतिक पहुंच काफी बड़ी है। हर हफ्ते वह कैंपेनिंग के लिए निकलते हैं और उनकी रैलियों में 2,50,000 लोग आते हैं। उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री की देशभर में भारी संख्या में समर्थन जुटाने की काबिलियत की ओर इशारा किया। पीएम कार्नी ने कहा कि मोदी के साथ हुई उनकी बैठकों से उन्हें भारत में हो रहे आर्थिक सुधारों व डिजिटल परिवर्तन के पीछे की शासन दृष्टि को समझने का अवसर मिला। खासकर उस प्रयास को जो लाभों को सीधे आम घरों तक पहुंचाने पर केंद्रित है। कार्नी ने कहा, "वह ऐसे नेता हैं जो परिणाम देने पर बहुत जोर देते हैं, चाहे वह ग्रामीण घर हों या फिर सड़क पर रहने वाला आम व्यक्ति।" उन्होंने बताया कि पीएम मोदी के नेतृत्व के तहत वित्तीय और तकनीकी सुधारों का मकसद डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर को मजबूत करना और पब्लिक खर्च में लीकेज को कम करना था।



## कनाडा में खालिस्तान आलोचक पंजाबी इन्फ्लुएंसर की घर में चाकू घोंपकर हत्या



**ओंटारियो।** कनाडा की जानी-मानी सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर, और खालिस्तानी आलोचक की हत्या ने वहां के पंजाबी समुदाय को सदमे में डाल दिया है। अब तक किसी को इस मामले में गिरफ्तार नहीं किया गया है। वहीं, ओंटारियो के विंडसर-एसेक्स इलाके के शहर लासेल में जांचकर्ता दोषियों का पता लगाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। 45 साल की नैन्सी ग्रेवाल की 3 मार्च को उनके घर पर चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रात करीब 9:30 बजे चाकूबाजी की खबर मिलने पर इमरजेंसी सर्विस पहुंचीं। एसेक्स-विंडसर इमरजेंसी मेडिकल सर्विस के पैरामेडिक्स ने देखा कि ग्रेवाल लहूलुहान थीं। उन्हें तुरंत हॉस्पिटल ले जाया गया, लेकिन कुछ ही देर बाद उनकी मौत हो गई। खालसा वॉक्स की रिपोर्ट के मुताबिक, "ग्रेवाल पंजाबी समुदाय में एक जानी-मानी सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और यूट्यूबर थीं। उन्होंने पंजाब से जुड़े मुद्दों, भारतीय राजनीति और प्रवासी मामलों पर अपनी बेबाक टिप्पणियों से ध्यान खींचा था। वह अक्सर खालिस्तानी चरमपंथियों और आंदोलनों की आलोचना करती थीं, जिसमें प्रतिबंधित संस्था सिख्स फॉर जस्टिस के नेता गुरपतवंत सिंह पन्नून भी शामिल थे।

## प्रदूषण, गंदे पानी और टूटी सड़कों की समस्याओं से भाग रही भाजपाः आतिशी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने राष्ट्रीय संयोजक व दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की विशेषाधिकार समिति के सामने पेशी की लाइव स्ट्रीमिंग करने की चुनौती दी है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने भाजपा सरकार को चुनौती देते हुए शुक्रवार को अरविंद केजरीवाल की पेशी की पूरी कार्यवाही को लाइव स्ट्रीमिंग करने की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा ऐसा करती है तो दिल्लीवालों के सामने उसकी पोल खुल जाएगी कि उसे केजरीवाल को गाली देने के अलावा बिजली, पानी, सड़क, स्कूल, अस्पताल जैसे जनहित के मुद्दों की कोई चिंता नहीं है। आतिशी ने कहा कि आप सरकार के दौरान दिल्ली विधानसभा के नवीनीकरण किया गया था। इस दौरान एक गुप्त कमरा मिला, जिसमें रस्सियां-कांच की गोलियां पाई गईं। जिसे अंग्रेजों ने चुपचाप मौत की सजा देने के लिए बनवाया था। लेकिन अब रेखा गुप्ता सरकार कह रही है कि अंग्रेज यहां भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों को फांसी नहीं देते थे।

## श्रीनगर में सड़क पर उतरीं महबूबा मुफ्ती खामेनेई के लिए ट्रम्प-नेतन्याहू के पोस्टर फूंके



**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को श्रीनगर में विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने ईरान के खिलाफ जारी अमेरिकी-इजरायली सैन्य कार्रवाई और ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के विरोध में इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पोस्टर जलाए। प्रदर्शन के दौरान पार्टी समर्थकों ने खामेनेई के पोस्टर लिए हुए थे और अमेरिका तथा इजरायल विरोधी नारे लगाए। मुफ्ती ने जेफरी एपस्टीन का पोस्टर भी जलाया, जो एक अमेरिकी फाइनेंसर थे जिनकी 2019 में यौन तस्करी के आरोपों का सामना करते हुए मृत्यु हो गई थी और जिनके ट्रंप सहित कई हाई-प्रोफाइल हस्तियों के साथ संबंधों की खबरें व्यापक रूप से सामने आई थीं। भारत सरकार और जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेतृत्व वाली सरकार पर अमेरिका और इज़राइल द्वारा किए गए "खुलेआम आक्रमण" पर चुप्पी साधने का आरोप लगाया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया सिर्फ इसलिए कि भारत सरकार और जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रीय राष्ट्रीय सरकार ने ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजरायल द्वारा किए गए खुले आक्रमण और उसके सर्वोच्च नेता की शहादत पर चुप्पी साध रखी है, इसका मतलब यह नहीं है कि बोलने वाले अपराधी हैं जिन पर कानून के तहत मामला दर्ज किया जाना चाहिए।

## अमेरिका की कृषि व्यापार नीति : भारत और चीन पर फोकस, निर्यात बढ़ाने की योजना बनाई



**वॉशिंगटन।** अमेरिका की कृषि व्यापार नीति अब भारत और चीन जैसे बड़े देशों पर ज्यादा ध्यान दे रही है। अमेरिकी कृषि विभाग के अधिकारी ल्यूक लिंडबर्ग ने सांसदों को बताया कि इससे अमेरिका के लिए नए निर्यात अवसर बनेंगे। हालांकि इस दौरान सांसदों के बीच टैरिफ, खाद्य सहायता नीति और बढ़ते कृषि व्यापार घाटे को लेकर तीखी बहस भी देखने को मिली। कई सांसदों ने यह भी पूछा कि अमेरिका आयात पर निर्भरता कैसे कम करेगा और घरेलू उत्पादन कैसे बढ़ाएगा। इस पर लिंडबर्ग ने स्वीकार किया कि कुछ क्षेत्रों में आयात पर काफी निर्भरता है। उदाहरण के तौर पर अमेरिका अपने लगभग 75 प्रतिशत समुद्री खाद्य पदार्थ आयात करता है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को उम्मीद है कि कृषि व्यापार घाटे में सुधार होगा और इस साल यह घटकर लगभग 29 अरब डॉलर रह सकता है। लिंडबर्ग के अनुसार अगर अमेरिका घरेलू उत्पादन और निर्यात दोनों को बढ़ाए तो इससे किसानों को फायदा होगा। हम चाहते हैं कि अमेरिका में ज्यादा उत्पादन हो। हम अपने देश में उगाए गए खाद्य पदार्थों का अधिक उपभोग करें और साथ ही उनका निर्यात भी बढ़ाएं।

## ड्रोन हमले के बाद अजरबैजान ने ईरानी दूत को किया तलब

**बाकू।** अजरबैजान ने एयरपोर्ट और एक स्कूल के पास ड्रोन हमले में दो लोगों के घायल होने के बाद ईरानी दूत को तलब किया है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, "एक ड्रोन ने नखचिवन स्वायत्त गणराज्य में हवाई अड्डे की टर्मिनल बिल्डिंग पर हमला किया, जबकि दूसरा ड्रोन शकराबाद गांव में एक स्कूल बिल्डिंग के पास गिरा। इसके साथ ही ईरान से अपील करते हुए कहा, "हम इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के इलाके से किए गए इन ड्रोन हमलों की कड़ी निंदा करते हैं, जिससे एयरपोर्ट की बिल्डिंग को नुकसान हुआ और दो आम लोग घायल हो गए।"मंत्रालय के अनुसार इस हमले से अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन हुआ है। अजरबैजान ने ईरान से जल्द इस मामले को स्पष्ट करने और भविष्य में ऐसी घटनाएं न होने के लिए जरूरी कदम उठाने की मांग की है। बाकू ने यह भी कहा कि अजरबैजान इस मामले में जवाबी कदम उठाने का अधिकार सुरक्षित रखता है। साथ ही ईरान के राजदूत को बुलाकर इस घटना पर कड़ा विरोध दर्ज कराया गया है। ईरानी ड्रोन ने दोनों देशों की साझी सीमा के पास एक अजरबैजानी एयरपोर्ट पर हमला किया। यह पहली बार है जब तेहरान के खिलाफ यूएस-इजरायल युद्ध शुरू होने के बाद से ईरान ने काकेशस के किसी राज्य को निशाना बनाया है।

## भारत की तेल आपूर्ति खतरे में, फिर भी पीएम चुप : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष के दौरान भारत को होने वाली परेशानियों को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को घेरा है। राहुल गांधी की ओर से सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया, "विश्व एक अस्थिर दौर में प्रवेश कर चुका है। आगे भयंकर संकट मंडरा रहा है। भारत की तेल आपूर्ति खतरे में है, क्योंकि हमारे आयात का 40 फीसदी से अधिक हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है। एलपीजी और एलएनजी के लिए स्थिति और भी बदतर है।"राहुल गांधी ने लिखा है, "संघर्ष हमारे पड़ोस तक पहुंच गया है, हिंद महासागर में एक ईरानी युद्धपोत डूब गया है। फिर भी प्रधानमंत्री ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। ऐसे समय में हमें एक स्थिर नेतृत्व की आवश्यकता है। इसके विपरीत भारत के पास एक ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जो समझौतावादी हैं और रणनीतिक स्वायत्तता को त्याग दिया है। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच गुरुवार को कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) की कीमतों में 2 प्रतिशत से अधिक की तेजी दर्ज की गई है। सप्लाई पर असर पड़ने के कारण कीमतों में उछाल आया है, क्योंकि ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य (स्ट्रेट ऑफ होर्मुज) को बंद कर दिया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे एक कंटेनर जहाज पर प्रोजेक्टाइल से हमला हुआ, जिससे जहाज को नुकसान पहुंचा। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, कच्चे तेल, एलपीजी और एलएनजी को लेकर भारत फिलहाल सुरक्षित स्थिति में है।

पीएम मोदी ने तामिल को दिलाया गौरव

# केंद्र सरकार ने कभी भी कहीं भी हिंदी नहीं थोपी : एल मुरुगन

- मुरुगन ने केंद्रीय भर्ती परीक्षाओं में तमिल को अनुमति देने का श्रेय पीएम को दिया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय राज्य मंत्री एल मुरुगन ने बुधवार को कहा कि केंद्र सरकार ने कभी भी किसी राज्य पर हिंदी थोपी नहीं है और केंद्रीय भर्ती परीक्षाओं में तमिल उम्मीदवारों के लिए अवसरों का विस्तार करने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया। पत्रकारों से बात करते हुए मुरुगन ने कहा कि केंद्र सरकार ने कभी भी कहीं भी हिंदी नहीं थोपी है। प्रधानमंत्री मोदी के सत्ता संभालने के बाद ही उम्मीदवारों को अर्धसैनिक भर्ती परीक्षाएं तमिल में लिखने की अनुमति मिली। उन्होंने तमिल भाषा को विश्व स्तर पर गौरव दिलाया। तिरुक्कुरल का विश्व भर में 35 से अधिक भाषाओं में अनुवाद हो चुका है... डीएमके ने तमिल भाषा के विकास के लिए कौन सी ठोस योजनाएं लागू की हैं?




उनकी यह टिप्पणी तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन द्वारा केंद्र सरकार पर एक बार फिर राज्य में "हिंदी थोपने" का आरोप लगाने के बाद आई है, इस बार "एक भाषा, तीन लिपि" नीति की आड़ में। मुख्यमंत्री स्टालिन ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार उच्चारण में मुश्किल हिंदी नामों को अंग्रेजी और तमिल लिपियों में हूबहू लिख रही है, और उन्होंने भाजपा को हिंदी थोपने के उसके जुनून के खिलाफ चेतावनी दी।उन्होंने X पर एक पोस्ट में कहा कि भाजपा सरकार द्वारा हिंदी थोपनाः प्रवेश द्वार पर ही उच्चारण में मुश्किल नाम! भाजपा हिंदी थोपने के अपने जुनून में सारी हदें पार कर रही है! केंद्र भाजपा सरकार ने 'एक भाषा, तीन लिपियाँ' की नीति अपनाकर हिंदी थोपने का घिनौना काम किया है, जहाँ हिंदी नामों को सीधे तमिल और अंग्रेजी लिपियों में लिखा जा रहा है! उन्होंने हिंदी थोपने के उदाहरण देते हुए आरोप लगाया कि तिरुचिरापल्ली रेलवे मंडल कार्यालय में भाजपा ने 'कर्तव्य द्वार' को तीन लिपियों में लिखा है। उन्होंने कर्मचारी भविष्य निधि (EPFO) कार्यालयों को भविष्य निधि भवन नाम से संबोधित करने पर भी आपत्ति जताई।

राज्य सरकार और केंद्र के बीच लगातार खींचतान चल रही है, जहां डीएमके के नेतृत्व वाली सरकार भाजपा पर हिंदी थोपने का आरोप लगा रही है। इसी बीच, राज्य ने दो-भाषा फॉर्मूले वाली राज्य शिक्षा नीति भी लागू की है। यह सब ऐसे समय में हो रहा है जब राज्य में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, जहां डीएमके के नेतृत्व वाला गठबंधन एआईएडीएमके-भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन के खिलाफ राज्य में अपनी पकड़ बनाए रखने की कोशिश करेगा।

# एआई समिट के बाद भारत का बड़ा कदम

सेना में तेजी से शामिल कर रहा एआई तकनीक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 खत्म हुए अभी ज्यादा समय नहीं हुआ है, लेकिन इस सम्मेलन से निकला संदेश भारत की सीमाओं से बाहर तक सुनाई देने लगा है। एक रिपोर्ट के अनुसार, यह समिट सिर्फ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के नैतिक और मानव-केंद्रित उपयोग पर ही केंद्रित नहीं था, बल्कि इससे एक बड़ा रणनीतिक बदलाव भी सामने आया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत अपनी सशस्त्र सेनाओं को एआई-आधारित युद्ध के दौर के लिए तैयार कर रहा है। कई दशकों तक किसी देश की सैन्य ताकत का आकलन उसकी सेना के आकार, टैंकों की संख्या और मिसाइलों की मारक क्षमता से किया जाता था। लेकिन अब यह समीकरण बदल रहा है। आधुनिक युद्धों में




जानकारी हासिल करने की गति और तेजी से निर्णय लेने की क्षमता भी उतनी ही अहम होती जा रही है जितनी कि हथियारों की ताकत। रक्षा रणनीतिकार अब अक्सर ओओडीए लूप की बात करते हैं, जिसका मतलब है 'ऑब्जर्व, ओरिएंट, डिसाइड और एक्ट', यानी स्थिति को देखना, समझना, फैसला लेना और तुरंत कार्रवाई करना। किसी भी सेना की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि वह इन चार चरणों को कितनी तेजी से पूरा कर सकती है। समिट के दौरान स्ट्रैटेजिक फोर्सेज कमांड ने चुपचाप एक नया स्वदेशी एआई टूल पेश किया, जो भारत की सीमा निगरानी के तरीके को काफी हद तक बदल सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक यह सिस्टम सैटेलाइट तस्वीरों, ड्रोन फुटेज और इलेक्ट्रॉनिक डेटा का विश्लेषण करके लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) के पास संभावित सैन्य गतिविधियों का पता लगा सकता है। इस एआई सिस्टम की सटीकता करीब 94 प्रतिशत बताई जा रही है।

## तेल के वैश्विक संकट के बीच भारत को खुद चुनना होगा आपूर्ति का स्रोतः रूसी राजदूत

**नई दिल्ली।** भारत में रूसी राजदूत डेनिस अलीपोव ने गुरुवार को पश्चिमि एशिया में चल रहे संघर्ष को बातचीत से सुलझाने की अपील की। साथ ही होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से वैश्विक स्तर पर ईंधन की कीमतें बढ़ने पर भी चिंता जताई। रूसी राजनयिक ने कहा कि तेल की बढ़ती कीमतों के बीच आपूर्ति के लिए किसे चुना जाए यह फैसला भारत को ही लेना होगा, भले ही मॉस्को हमेशा भारत को तेल सप्लाई करने के लिए तैयार रहा है। नई दिल्ली में अलीपोव ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, "समाधान हमेशा बातचीत से होता है। संघर्ष जल्द से जल्द खत्म होना चाहिए। जब उनसे पूछा गया कि युद्ध कब तक चलेगा तो उन्होंने कहा, "मुझे कोई पता नहीं है। यह सवाल अमेरकिा से पूछना चाहिए। होर्मुज जलडमरूमध्य के संभावित बंद होने की अटकलों के बीच अलीपोव ने कहा, "आपूर्ति और आपूर्ति स्त्रोत पर फैसला भारत को करना है।

# एक नजर

## खाड़ी देशों में 1 करोड़ भारतीय फंसे, पटियाला के 6 लोगों ने पैसे खत्म होने पर किया फोन



**चंडीगढ़।** पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री बलबीर सिंह ने आईएएनएस से बातचीत करते हुए कनाडा में भारतीय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर की मौत, खाड़ी देशों में फंसे लोगों और राज्य में मेडिकल कॉलेज के विस्तार को लेकर प्रतिक्रिया दी। पंजाब के मंत्री बलबीर सिंह ने कहा, "वर्तमान हालात में हमारे कई लोग खाड़ी देशों में फंसे हुए हैं। लगभग एक करोड़ लोग वहां फंसे हुए हैं। इनमें से कुछ पटियाला से भी हैं व मुझे उनके फोन आए और उन्होंने बताया कि उनके पास पैसे खत्म हो गए हैं। इस पर मैंने अपने एक परिचित व करीबी दोस्त के माध्यम से उनके होटल के बिलों का भुगतान करवाया। कुल मिलाकर छह लोग थे। हम उन्हें जल्द से जल्द वापस लाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं केंद्र और विदेश मंत्री के साथ समन्वय कर रहे हैं। केंद्र सरकार को वर्तमान में चल रहे युद्ध को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहल करनी चाहिए। हालांकि केंद्र सरकार को मिडिल ईस्ट में रह रहे लोगों को निकाल लेना चाहिए था क्योंकि स्थिति के बारे में पहले से ही जानकारी थी।

## भाजपा बिहार में जदयू को खत्म करने में जुटी : तेजस्वी यादव



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के निर्णय के बाद प्रदेश की सियासत गर्म है। इस बीच, विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने भाजपा पर आरोप लगाया कि भाजपा बिहार में महाराष्ट्र मॉडल लागू कर रही है। नीतीश को सत्ता से बाहर कर भाजपा अपने मुख्यमंत्री को सत्ता सौंपने की तैयारी में है। राजद नेता व पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने कहा कि भाजपा ऐसे मुख्यमंत्री का चुनाव करती है जो रबर स्टैम्प हो। हम लोग पहले से ही कहते रहे हैं कि भाजपा नीतीश कुमार को हाईजैक कर चुकी है। आज सब कुछ सबके सामने है। बिहार की जो जनभावना है, वह इस निर्णय के खिलाफ है। सबको पता था कि भाजपा ऐसा करेगी। भाजपा जिस भी सहयोगी के साथ रही है, ऐसा करती रही है। भाजपा आरएसएस की राह पर चल रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय चुनाव आयोग को भाजपा का सेल बनाकर लोकतंत्र को खत्म कर रही है। बिहार की जनता सब देख रही है। नीतीश कुमार के साथ जो हो रहा है, उसे लेकर हमारी पूरी सहानुभूति है। सभी लोगों को पता है कि ये कौन लोग हैं और क्या कर रहे हैं। यह जनता के साथ सीधे तौर पर धोखा है। नीतीश कुमार को भाजपा ने इतना टॉर्चर किया कि उन्होंने खुद राज्यसभा जाने का निर्णय ले लिया। भाजपा नहीं चाहती है कि जदयू राजनीतिक पार्टी के तौर पर नहीं रहे।

## होली पर रंग डालने को लेकर बाराबंकी में बवाल दो पक्ष भिड़े, 11 घायल

**नई दिल्ली।** पुलिस ने बताया कि उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले के एक गांव में होली के दिन रंगों से खेलने को लेकर हुए विवाद ने दो गुटों के बीच हिंसक झड़प का रूप ले लिया, जिसमें कम से कम 11 लोग घायल हो गए। यह घटना बुधवार दोपहर उत्तर प्रदेश के टिकारिया गांव में घटी। पुलिस के अनुसार, रंगों से खेलने को लेकर दोनों गुटों के बीच हुई कहासुनी जल्द ही खूनी झड़प में तब्दील हो गई। आरोप है कि दोनों गुटों ने करीब 10 मिनट तक एक-दूसरे पर लाठियों, डंडों और लोहे की छड़ों से हमला किया, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों ने हस्तक्षेप किया और स्थिति को नियंत्रण में लाने का प्रयास किया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने दोनों पक्षों को शांत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि एक पक्ष के आठ और दूसरे पक्ष के तीन लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने बताया कि सभी घायलों को चिकित्सा जांच के लिए भेजा गया है।

## होली पर रंग डालने से नाराज दादी ने 4 साल के पोते पर उड़ेल दिया उबलता पानी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नागपुर जिले से एक ऐसी घटना सामने आई है जिसने मानवीय संवेदनाओं को झकझोर कर रख दिया है। होली की खुशियों के बीच एक चार साल के मासूम को अपनी ही सगी दादी के गुस्से का शिकार होना पड़ा। मासूम का कसूर सिर्फ इतना था कि उसने त्योहार के उत्साह में अपनी दादी पर रंगीन पानी डाल दिया, जिससे नाराज होकर महिला ने बच्चे पर उबलता हुआ पानी उड़ेल दिया। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि लड़का खेलने के लिए सिंधु ठाकरे नाम की महिला पर पानी छिड़कने की कोशिश कर रहा था, जो गर्म पानी की बाल्टी लेकर जा रही थी। बच्चे की हरकतों से गुस्सा होकर, उसने कथित तौर पर पूरी बाल्टी उस पर डाल दी। वीडियो में बच्चा दर्द से तड़पता हुआ दिख रहा है। पास खड़ी एक और महिला को लड़के को ठंडा करने की कोशिश में उस पर नॉर्मल पानी डालते हुए देखा गया, लेकिन वह कमर के नीचे 45 परसेंट जल गया। बच्चे को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है, और पुलिस ने महिला के खिलाफ केस दर्ज करने की प्रोसेस शुरू कर दी है। नागपुर पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। सीसीटीवी फुटेज को सबूत के तौर पर कब्जे में ले लिया गया है और आरोपी महिला सिंधु ठाकरे के खिलाफ मामला दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## नीतीश के राज्यसभा जाने को लेकर कार्यकर्ताओं में नाराजगी, सीएम आवास की सुरक्षा बढ़ी

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने और प्रदेश के सीएम पद को छोड़ने की चर्चा को लेकर जदयू के कार्यकर्ताओं में जबरदस्त नाराजगी देखने को मिल रही है। गुरुवार को बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पटना में सीएम आवास के बाहर जुट गए हैं और इस निर्णय का विरोध कर रहे हैं। इसी बीच, मुख्यमंत्री आवास की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। मुख्यमंत्री आवास के मुख्य गेटों पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। आसपास के क्षेत्रों में भी गश्त तेज कर दी गई है और सुरक्षा कर्मियों को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान सीएम आवास पर जदयू के कई नेता भी पहुंच रहे हैं। कार्यकर्ताओं की नाराजगी साफ दिख रही है। नीतीश के राज्यसभा जाने के निर्णय को लेकर कार्यकर्ताओं में नाराजगी है। उनका कहना है कि लाठी खाकर हम लोगों ने नीतीश कुमार के लिए वोट मांगा। उनके अलावा किसी और को सीएम पद पर नहीं देख सकते।

## होली पर दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की सख्त कार्रवाई, 4,929 लोगों के काटे चालान

**नई दिल्ली।** दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने बुधवार को होली पर पूरे शहर में जगह-जगह स्पेशल चेकिंग ड्राइव चलाकर ट्रैफिक को सुरक्षित और आसान बनाने की कोशिश की। इस दौरान ड्राइविंग के नियमों को सख्ती से लागू किया गया और शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की। इस दौरान कुल 4,929 चालान जारी किए गए, जिनमें 1,204 चालान शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के लिए थे। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने प्रमुख सड़कों और चौराहों पर बैरिकेड लगाकर गाड़ियों को रोका और चालकों का ब्रेथ एनालाइजर से टेस्ट किया। इस दौरान ट्रैफिक नियमों को तोड़ने और नशे में गाड़ी चलाने वाले लोगों के चालान काटे गए। इसका मकसद होली के दौरान शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले लोगों को पकड़ना और किसी तरह का हादसा न होने देना था। एडिशनल सीपी दिनेश गुप्ता ने बताया कि होली के लिए खास प्लानिंग की गई थी।

## न्यूज बॉक्स

### ईरान संघर्ष के बीच अमेरिका ने एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालीफायर से नाम वापस लिया

**नई दिल्ली।** मध्य-पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका (यूएसए) की पुरुष हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालीफायर से अपना नाम वापस ले लिया है। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने बुधवार को जानकारी दी कि यूएसए की टीम मिस्र के इस्माइलिया में खेले जा रहे क्वालीफायर में भाग ले रही थी और पहले दौर में अपने पूल में सबसे निचले स्थान पर रही थी। टीम को 6 मार्च को वर्गीकरण मुकाबले में चीन का सामना करना था, लेकिन अब यूएसए के हटने के कारण चीन को वॉकओवर मिल जाएगा। एफआईएच ने अपने बयान में कहा कि 3 मार्च को अमेरिकी विदेश विभाग की आधिकारिक सलाह के बाद यह फैसला लिया गया। इस सलाह में मध्य-पूर्व के संघर्ष क्षेत्रों या उनके आसपास मौजूद देशों, जिनमें मिस्र भी शामिल है, से सभी अमेरिकी नागरिकों को तुरंत निकलने की अपील की गई थी। एफआईएच के अनुसार "यूएसए पुरुष टीम ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ के पूर्ण समर्थन के साथ इस्माइलिया में चल रहे एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालीफायर से नाम वापस लेने का निर्णय लिया है। टीम आज पहले ही मिस्र से रवाना हो चुकी है। यूएसए द्वारा खेले गए पहले दो मैचों के परिणाम मान्य रहेंगे।,

### एशियन गेम्स 2026: केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने तैयारियों की समीक्षा की




**नई दिल्ली।** केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने गुरुवार को स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) मुख्यालय में एक उच्च-स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इसमें 2026 एशियन गेम्स के लिए भारत की तैयारियों की समीक्षा की गई। गेम्स 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक जापान के ऐची-नागोया में होने वाले हैं। युवा मामले और खेल मंत्रालय, साई और इससे जुड़े सीनियर अधिकारियों ने डॉ. मंडाविया को इवेंट से पहले देश की तैयारियों के बारे में जानकारी दी, और यह पक्का किया कि एथलीटों को इस इवेंट में अच्छे प्रदर्शन के लिए हर मुमकिन सपोर्ट मिले।

### अर्जुन तेंदुलकर की शादी में पहुंचे राहुल द्रविड़, एमएस धोनी और युवराज सिंह

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज रहे सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर की शादी गुरुवार को मुंबई में होनी है। अर्जुन की शादी एंटरप्रेन्योर सानिया चंडोक के साथ हो रही है। अर्जुन और सानिया को अपना आशीर्वाद देने के लिए भारत के कई दिग्गज क्रिकेटर समारोह में पहुंच चुके हैं। शादी समारोह में पहुंचने वाले प्रमुख नामों में पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी, पूर्व कप्तान और हेड कोच राहुल द्रविड़, महान लेग-स्पिनर अनिल कुंबले, दिग्गज ऑलराउंडर युवराज सिंह, पूर्व क्रिकेटर और कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष वेंकटेश प्रसाद शामिल हैं। अर्जुन की शादी की रस्में इस हफ्ते की शुरुआत में कई पारंपरिक रस्मों और सेलिब्रेशन के साथ शुरू हुईं। मुंबई में मेहंदी और संगीत फंक्शन समेत शादी से पहले के इवेंट हुए, जिसमें कई पूर्व और मौजूदा क्रिकेटर शामिल हुए थे। महीनों की तैयारियों और सेलिब्रेशन के बाद गुरुवार को अपनी लॉन्ग-टाइम पार्टनर सानिया चंडोक से शादी करने वाले हैं। कपल ने अगस्त 2025 में एक प्राइवेट सेरेमनी में सगाई की, जिसमें करीबी परिवार के सदस्य और दोस्त शामिल हुए थे। अर्जुन अपने पिता की तरह क्रिकेटर हैं।

### आईसीसी अध्यक्ष ने रणजी ट्रॉफी विजेता जम्मू-कश्मीर की टीम से मुलाकात की



**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर क्रिकेट टीम ने पहली बार रणजी ट्रॉफी का खिताब जीतकर इतिहास रचा है। जम्मू-कश्मीर ने कर्नाटक जैसी मजबूत टीम को हराकर अपना पहला खिताब जीता। इस ऐतिहासिक सफलता पर टीम के देश के हर वर्ग से बधाइयां मिल रही हैं। आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने भी जम्मू-कश्मीर क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों से मुलाकात की। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर शाह और जम्मू-कश्मीर क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों की मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, "रणजी ट्रॉफी में जम्मू और कश्मीर की ऐतिहासिक जीत इस क्षेत्र में क्रिकेट के लिए गर्व की बात रहेगी। अपनी यादगार जीत के बाद, खिलाड़ियों ने आईसीसी अध्यक्ष जय शाह से मिलने और उनके साथ यह खास पल साझा करने की दिली इच्छा जताई थी।

# लक्ष्य सेन क्वार्टरफाइनल में पहुंचे

## इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप में एंगस एनजी का लॉन्ग को हराया

**एजेंसी। बर्मिंघम**

भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने शानदार जुझारू प्रदर्शन करते हुए हांगकांग के एंगस एनजी का लॉन्ग को हराकर ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026 के पुरुष एकल क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। अब क्वार्टरफाइनल में लक्ष्य सेन का सामना चीन के छठी वरीयता प्राप्त ली शी फेंग या आयरलैंड के न्हाट गुयेन से होगा।

विश्व नंबर 12 लक्ष्य सेन ने गुरुवार को खेले गए राउंड ऑफ-16 मुकाबले में पूर्व विश्व टॉप-10 खिलाड़ी एंगस एनजी का लॉन्ग को कड़े संघर्ष में 21-19, 21-23, 21-10 से पराजित किया। वर्ष 2022 में इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के फाइनलिस्ट रहे लक्ष्य ने लंबे और तेज रैलियों वाले मुकाबले में शानदार धैर्य और फिटनेस का प्रदर्शन किया।

मुकाबले की शुरुआत में लक्ष्य सेन थोड़ा पीछे चल रहे थे, लेकिन उन्होंने 4-6 से पीछे रहने के बाद वापसी करते हुए 15-11 की बढ़त बना ली। आक्रामक रिटर्न और सटीक शॉट प्लेसमेंट से उन्होंने दबाव बनाए रखा। हालांकि अंत में एंगस एनजी का लॉन्ग ने स्कोर 19-19 तक बराबर कर दिया, लेकिन लक्ष्य ने दमदार जंप स्मैश के साथ पहला गेम 21-19 से अपने नाम कर लिया।



दूसरे गेम में लक्ष्य सेन ने शानदार शुरुआत की और 11-4 की बढ़त के साथ अंतराल तक पहुंचे। इसके बाद भी उन्होंने आक्रामक खेल जारी रखते हुए 14-7 की बढ़त बना ली। हालांकि हांगकांग के खिलाड़ी ने जोरदार वापसी की और लगातार अंक लेकर स्कोर 20-20 कर दिया। अंत में लक्ष्य के नेट में शॉट लगने से एंगस एनजी का लॉन्ग ने यह गेम 23-21 से जीतकर मुकाबले को निर्णायक गेम में पहुंचा दिया। तीसरे गेम में लक्ष्य सेन ने मानसिक मजबूती दिखाते हुए जोरदार वापसी की और जल्दी ही 6-2 की बढ़त बना ली। उनकी मजबूत डिफेंस और तेज हमलों के सामने एंगस एनजी का लॉन्ग टिक नहीं सके।

# श्रीलंका व्हाइट-बॉल सीरीज के लिए अफगान टीम घोषित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राशिद खान को गुरुवार को अफ़गानिस्तान की टी-20 अंतरराष्ट्रीय टीम के कप्तान के पद से हटा दिया गया है। उनके डिप्टी इब्राहिम जदरान श्रीलंका के खिलाफ व्हाइट-बॉल सीरीज से यह पद संभालेंगे। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज़ फजल हक फ़ारूक़ी, ऑल-राउंडर गुलबदीन नायब और विकेटकीपर-बल्लेबाज़ मोहम्मद इशाक को भी बाहर कर दिया गया है। अफ़गानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) के चीफ सिलेक्टर अहमद शाह सुलेमानखिल ने कहा, "एसीबी के लॉन्ग-टर्म स्ट्रेटेजिक विजन के हिसाब से और हमारे टीम मैनेजमेंट में हाल के बदलावों के बाद हमने टी-20 सेटअप के अंदर लीडरशिप बदलने का सोच-समझकर फ़ैसला लिया है, जिसमें एक नए हेड कोच की नियुक्ति भी शामिल है।"

अफ़गानिस्तान क्रिकेट बोर्ड की नेशनल सिलेक्शन कमेटी के एक बयान में कहा गया, "टॉप-ऑर्डर विकेटकीपर बैट्समैन नूर रहमान, लेफ्ट-आर्म स्पिन बॉलिंग ऑल-राउंडर शराफुद्दीन अशरफ और लेफ्ट-आर्म फास्ट बॉलर फरीद अहमद को टी-20 टीम के लिए चुना गया है। इसके अलावा फरीद अहमद मलिक की वनडे टीम में वापसी हुई है, जबकि फास्ट बॉलर जिया उर रहमान शरीफी को वनडे टीम के लिए पहली बार बुलाया गया है।" अपने पिछले वनडे मैच में पांच विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड जीतने वीले बिलाल सामी ने वन-डे में अपनी जगह बनाए रखी है और उन्हें टी-20 टीम में रिजर्व पूल में भी शामिल किया गया है। बिलाल के साथ नांग्याल खारोटी और इजाज अहमदजई टी-20 रिजर्व का हिस्सा होंगे, जबकि बशीर अहमद, मोहम्मद सलीम सफी और कैस अहमद को वनडे रिजर्व में रखा गया है।

**मिडिल ईस्ट में बढ़ता तनाव**

इस बीच, एसीबी ने कहा है कि वह वेस्ट एशिया में चल रहे हालात पर भी करीब से नज़र रख रहा है और सभी स्टेकहोल्डर्स के साथ इस बारे में बातचीत कर रहा है कि क्या सीरीज़ पहले से तय प्लान के मुताबिक आगे बढ़ सकती है। अफ़गानिस्तान-श्रीलंका सीरीज़ 13 से 25 मार्च के बीच होनी है।



## हैदराबाद पहुंची ऑस्ट्रिया की टीम

- ऑस्ट्रिया 1981 के बाद पहली बार विश्व कप में जगह बनाने की कोशिश में
- कप्तान जोहाना चेक के नेतृत्व में टीम पूल-ए में इंग्लैंड, इटली और कोरिया से भिड़ेगी
- कप्तान ने कहा—भारत में पहली बार खेलने को लेकर टीम उत्साहित, तैयारी सीमित लेकिन प्रदर्शन को लेकर आत्मविश्वास

**एजेंसी। हैदराबाद**

ऑस्ट्रिया की महिला हॉकी टीम एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप 2026 क्वालिफायर में भाग लेने के लिए गुरुवार को हैदराबाद पहुंच गई। हैदराबाद, तेलंगाना में होने वाले इस टूर्नामेंट में आठ देश हिस्सा लेंगे, जहां से तीन टीमें इस साल अगस्त में एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप 2026 के लिए क्वालिफाई करेंगी। यह विश्व कप बेल्जियम और नीदरलैंड में आयोजित किया जाएगा।

ऑस्ट्रिया का एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप में समृद्ध इतिहास रहा है। टीम ने इस प्रतियोगिता के शुरुआती चार संस्करणों में से तीन में भाग लिया था। हालांकि, ऑस्ट्रिया 1981 के बाद से इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाया है। कप्तान जोहाना चेक के नेतृत्व में ऑस्ट्रिया की टीम पूल-ए में इंग्लैंड, इटली और कोरिया के साथ मुकाबला करेगी। टीम का लक्ष्य 45 वर्षों बाद विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर इतिहास रचना है।

कप्तान जोहाना चेक ने टूर्नामेंट को लेकर कहा, "हम सबके लिए यह भारत में पहली बार है, इसलिए हम काफी उत्साहित हैं और अच्छा हॉकी खेलना चाहते हैं। टूर्नामेंट से पहले हमारी तैयारी थोड़ी कम रही क्योंकि हमें केवल एक प्रशिक्षण सत्र मिला, लेकिन हम अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे। यहां मैचों से पहले हमें कुछ और अभ्यास सत्र मिलेंगे और हम मैदान पर अपना सब कुछ झोंक देंगे।"

# इलेवन गार्डन ने सात विकेट से जीता मुकाबला

**एजेंसी। मुरादाबाद**

रेलवे स्टेडियम मैदान में गुरुवार को खेले गए ब्रास सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मुकाबले में इलेवन गार्डन ने इलेवन रोज को सात विकेट से पराजित कर दिया। अरविंद तोमर को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए इलेवन रोज ने निर्धारित 22 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 274 रन का स्कोर खड़ा किया। जबकि इलेवन गार्डन ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 20.2 ओवर में तीन विकेट खोकर 275 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। टीम की ओर से अरविंद तोमर ने 84 रन की शानदार पारी खेली, जबकि अतुल चौधरी ने नाबाद 50 रन बनाए। कसाना ने भी 40 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। बेहतरीन बल्लेबाजी के लिए अरविंद तोमर को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

## दुनिया की पहली फ्रेंचाइजी आधारित रोड साइक्लिंग लीग शुरू करने की घोषणा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने गुरुवार को दुनिया की पहली फ्रेंचाइजी बेस्ड रोड साइक्लिंग लीग का लोगो लॉन्च किया। साइक्लिंग लीग ऑफ इंडिया पहल को देश में साइक्लिंग के लिए एक बड़ा बदलाव लाने वाला कदम बताते हुए डॉ. मंडाविया ने कहा कि यह लॉन्च देश में साइक्लिंग के लिए एक अहम पल है। उन्होंने कहा कि दुनिया की पहली फ्रेंचाइज़ बेस्ड रोड साइकिलिंग लीग शुरू करके हम सिर्फ़ रेस ही नहीं ऑर्गनाइज़ कर रहे हैं, बल्कि एक ऐसा प्रोफेशनल इकोसिस्टम बना रहे हैं जो टैलेंट को आगे बढ़ाएगा, दुनिया का ध्यान खींचेगा और एक फिट और वाइब्रेंट भारत के हमारे विज़न से मैच करेगा। मंत्री ने आगे कहा कि यह पहल देश में हाल के प्रोफेशनल साइकिलिंग इवेंट्स से बने मोमेंटम पर बनी है और युवा भारतीयों को यह खेल अपनाने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने आगे कहा, "चाहे वह पुणे



ग्रैंड टूर हो, अहमदाबाद में यह लीग हो, या संडे ऑन साइकिल हो जो हर हफ़्ते देश में अलग-अलग जगहों पर होता है। यह सब आने वाले दिनों में भारत में साइकिलिंग को एक खेल के तौर पर स्थापित करेगा।" उन्होंने कहा, "दुनिया की पहली फ्रेंचाइजी बेस्ड रोड साइकिलिंग लीग एक प्रोफेशनल और कमर्शियली सस्टेनेबल स्पोर्टिंग इकोसिस्टम बनाने में हमारे विश्वास को दिखाती है।

# नेशनल सिलेक्शन ट्रायल्स तीन के लिए तैयार भारत के टॉप निशानेबाज

**एजेंसी। नई दिल्ली**

घरेलू सरजमीं पर आयोजित एशियन राइफल/पिस्टल चैंपियनशिप 2026 में शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय निशानेबाज अब अगले बड़े चरण की तैयारी में जुट गए हैं। इस प्रतियोगिता में भारत ने 76 पदकों (39 स्वर्ण, 18 रजत और 19 कांस्य) के साथ पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया था। अब देश के शीर्ष राइफल और पिस्टल शूटर्स की नजरें नेशनल सिलेक्शन ट्रायल्स 3 (ग्रुप ए) पर होंगी, जो 6 से 10 मार्च 2026 के बीच दिल्ली स्थित डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित किए जाएंगे। यह ट्रायल अगले महीने से शुरू होने वाले व्यस्त अंतरराष्ट्रीय और घरेलू कैलेंडर से पहले बेहद अहम




माने जा रहे हैं। इन ट्रायल्स में भारत के लगभग सभी शीर्ष निशानेबाज 10 स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे। इनमें आठों ओलंपिक स्पर्धाएं शामिल हैं। इसके साथ ही पुरुष और महिला वर्ग में राइफल प्रोन प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। खिलाड़ियों का लक्ष्य यहां बेहतर स्कोर हासिल करते हुए नेशनल टीम में चयन के लिए मजबूत दावा पेश करना होगा, ताकि साल के दूसरे हिस्से में होने वाली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश का प्रतिनिधित्व किया जा सके। ग्रुप-बी एथलीट के लिए राइफल/पिस्टल सिलेक्शन ट्रायल 3 और 4 का आयोजन 6 से 22 मार्च तक भोपाल में एमपी स्टेट शूटिंग एकेडमी में होगा।

## आईपीएल सीजन से पूर्व पंजाब किंग्स के खिलाड़ियों ने धर्मशाला में शुरू की प्रैक्टिस

**एजेंसी। धर्मशाला**

आई.पी.एल. सीजन-2026 के शुरू होने से पहले अपने दूसरे होम ग्राऊंड एच.पी.सी.ए. क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में पंजाब किंग्स की टीम ने वीरवार से शुरू हुए प्रैक्टिस कैंप के साथ अपनी तैयारियों को धार देना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में वीरवार दोपहर करीब 12 बजे टीम के खिलाड़ियों ने मैदान में उतरकर अभ्यास शुरू किया। पहले दिन पंजाब किंग्स के 8 खिलाड़ी प्रैक्टिस सत्र में शामिल रहे। इनमें टीम के खिलाड़ी प्रभसिमरन सिंह, प्रवीण दुवे, हरप्रीत बराड़, हरनूर, विष्णु विनोद, विशाल निषाद व अन्य ने शामिल होकर यहां की परिस्थितियों को भांपते हुए



सीजन में आने वाले मैचों के लिए खुद को एक मजबूत टीम के रूप में पेश करने की तैयारियां शुरू की। सबसे पहले स्टेडियम पंहुचकर खिलाड़ियों ने मैदान पर उतरकर वॉर्मअप किया।

### 'मैं बस घर जाना चाहता हूं': डैरेन सैमी

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम को सुपर-8 के अपने आखिरी मुकाबले में भारत के खिलाफ 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। इस हार के साथ ही वेस्टइंडीज का सफर टी20 विश्व कप 2026 से समाप्त हो गया। विश्व कप में सफर समाप्त होने के बावजूद वेस्टइंडीज की टीम स्वदेश नहीं लौट पा रही है। वेस्टइंटीज के हेड कोच डैरेन सैमी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए अपनी निराशा जाहिर की है। सैमी ने एक्स पर लिखा, "मैं बस घर जाना चाहता हूं।" ईरान और इजरायल के बीच चल रहे युद्ध की वजह से हवाई यातायात प्रभावित हुआ है। इसी वजह से वेस्टइंडीज की टीम पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक स्वदेश नहीं लौट सकी है। उनके लौटने का इंतजार बढ़ता जा रहा है।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

### वियतनाम और जापान के लिए सीधी नई उड़ानें शुरू करेगी एयर इंडिया

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की अगुवाई वाली विमानन कंपनी एयर इंडिया ने वियतनाम और जापान के लिए अपनी नई उड़ानें शुरू करने का ऐलान किया है। इसके तहत कंपनी अपने नेटवर्क विस्तार के तहत वियतनाम के हनोई और टोक्यो के हनेडा के लिए नॉन स्टॉप सर्विस को जोड़ेगी। कंपनी ने बताया कि एयर इंडिया 01 मई से दिल्ली से वियतनाम के हनोई के लिए और 15 जून से मुंबई से टोक्यो के हानेडा के लिए अपनी सीधी उड़ानें शुरू करने वाली है। हम 15 जून से मुंबई और टोक्यो हानेडा के बीच हफ़्ते में 4x नॉन-स्टॉप फ्लाइट की शुरुआत कर रहे हैं, जिससे यात्रियों के लिए जापान के कल्चर, एनर्जी और हमेशा रहने वाले आकर्षण का अनुभव करना आसान हो जाएगा। एयरलाइन ने कहा कि बुकिंग अभी शुरू है।

# भारतीय शेयर बाजार हरे निशान में बंद, सेंसेक्स 899 अंक उछला

- डिफेंस सेक्टर में सबसे ज्यादा तेजी, निफ्टी इंडिया डिफेंस टॉप गेनर।
- मेटल, पीएसई, इन्फ्रा, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और एनर्जी शेयरों में मजबूत खरीदारी।

**एजेंसी। मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार के कारोबारी सत्र में हरे निशान में बंद हुआ। दिन के अंत में सेंसेक्स 899.71 अंक या 1.14 प्रतिशत की तेजी के साथ 80,015.90 और निफ्टी 285.40 अंक या 1.17 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,765.90 पर बंद हुआ।

बाजार में तेजी भरने का काम डिफेंस शेयरों ने किया। सूचकांकों में निफ्टी इंडिया डिफेंस 2.55 प्रतिशत की तेजी के साथ टॉप गेनर था। इसके बाद निफ्टी मेटल (2.29 प्रतिशत), निफ्टी पीएसई (2.22 प्रतिशत), निफ्टी इन्फ्रा (2.21 प्रतिशत), निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स (2.10 प्रतिशत), निफ्टी कमोडिटीज (2.05 प्रतिशत) और निफ्टी एनर्जी (1.92 प्रतिशत) की बढ़त के साथ बंद हुआ।



लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में जबरदस्त तेजी देखने को मिली।]

निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 867.40 अंक या 1.52 प्रतिशत की तेजी के साथ 57,792.55 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 257.30 अंक या 1.58 प्रतिशत की मजबूती के साथ 16,538.80 पर था।

सेंसेक्स पैक में अदाणी पोर्ट्स, एलएंडटी, एनटीपीसी, बीईएल, इंडिगो, बैंक, टाइटन, ट्रेंट, एशियन पेंट्स और भारती एयरटेल गेनर्स थे।

### मोदी सरकार के सुधारों का असर

# भारत में नए बिजनेस की संख्या 27 प्रतिशत बढ़ी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मोदी सरकार की ओर से लगातार किए जा रहे आर्थिक सुधारों का असर जमीनी स्तर पर दिखने लगा रहा है। देश में नए बिजनेस की संख्या में 27 प्रतिशत का बड़ा इजाफा देखने को मिला है।

सरकार द्वारा गुरुवार को जारी फैक्टशीट के मुताबिक, भारत में चालू वित्त वर्ष (वित्त वर्ष 2025-26) के पहले 10 महीनों (3 फरवरी 2026 तक) में 1.98 लाख नए बिजनेस पंजीकृत हुए हैं, जिनकी संख्या 2020-21 में 1.55 लाख थी।

आधिकारिक बयान में कहा गया कि सरकार ने केंद्रीय बजट 2026-27 में डिजिटल ट्रेड सुविधा,कर निश्चितता, अनुपालन और मुकदमेबाजी में कमी, विश्वास आधारित सीमा शुल्क प्रणाली और



निवेश-अनुकूल कर व्यवस्था के जरिए व्यापार में आसानी बढ़ाने पर फोकस किया है।

बयान में आगे कहा गया कि स्टार्ट-अप इंडिया, क्रेडिट गारंटी योजना, डिजिटल क्रेडिट मूल्यांकन मॉडल आदि जैसे संस्थागत सुधार एक पारदर्शी, प्रौद्योगिकी-सक्षम और निवेशक-अनुकूल वातावरण का निर्माण कर रहे हैं। इस प्रयास को जन विश्वास अधिनियम, आईबीसी, एमएटी आदि जैसे समानांतर नियामक सुधारों का समर्थन प्राप्त है, जो क्षमता निर्माण, नियामक सामंजस्य और विश्वास एवं जवाबदेही पर आधारित शासन मॉडल को प्राथमिकता दे रहे हैं।

फरवरी 2026 तक 2.16 लाख से अधिक डीपीआईआईटी-मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स के साथ, भारत विश्व के सबसे बड़े स्टार्टअप इकोसिस्टम में से एक के रूप में मजबूती से खड़ा है।

2016 से शुरू किए गए स्टार्टअप्स के लिए नियामक सुधारों का उद्देश्य स्टार्टअप इकोसिस्टम के लिए व्यापार करने में आसानी, पूंजी जुटाने में आसानी और अनुपालन बोझ को कम करना है।

स्टार्टअप इंडिया के अलावा, मोदी सरकार की कई पहलों ने तकनीकी नवाचार, ग्रामीण उद्यमिता, अकादमिक अनुसंधान और क्षेत्रीय समावेशन को बढ़ावा देकर भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम को और मजबूत किया है। ये पहलें सुनिश्चित करती हैं कि स्टार्टअप समर्थन व्यापक, विकेंद्रीकृत और राष्ट्रीय विकास प्राथमिकताओं के साथ निकटता से जुड़ा रहे।

पिछले कुछ वर्षों में, भारत न केवल निवेश के लिए बल्कि कारोबार करने के लिए भी सबसे आकर्षक गंतव्यों में से एक बनकर उभरा है।

# सिगरेट नहीं देने पर किराना दुकान में लगाई आग, 10 लाख की संपत्ति जली

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के सुआ गांव स्थित निराला टोला में सिगरेट नहीं देने पर कुछ युवकों द्वारा किराना सह जनरल स्टोर में आग लगा देने का मामला सामने आया है। घटना में दुकान में रखा सामान, नकदी और शादी के लिए खरीदा गया सामान समेत करीब 10 लाख रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई।



घटना बुधवार देर रात करीब 11 बजे के बाद की बताई जा रही है। सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

दुकानदार राजेश कुमार गुप्ता ने पुलिस को दिए आवेदन में बगल के टोले के रितिक सिंह, छोटू सिंह समेत कुछ युवकों पर आग लगाने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि रात में चार युवक सिगरेट मांगने के लिए दुकान का शटर पीटने लगे। विरोध करने पर उन्होंने गाली-गलौज और मारपीट की कोशिश की तथा जाते समय धमकी दी। कुछ देर बाद दुकान में आग लग गई। दुकानदार के अनुसार उनके भाई की शादी 11 मार्च को होने वाली है, जिसके लिए करीब डेढ़ लाख रुपये का सामान और 80 हजार रुपये नकद दुकान में रखा था, जो आग में जलकर नष्ट हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ट्रांसफार्मर कॉयल चोरी कांड का उद्भेदन, एक आरोपी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उंटारी रोड थाना पुलिस ने ट्रांसफार्मर कॉयल चोरी मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की निशानदेही पर चोरी की गई ट्रांसफार्मर कॉयल समेत घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व अन्य सामान बरामद किया गया है।



पुलिस के अनुसार उंटारी रोड थाना कांड संख्या 14/2026, दिनांक 2 मार्च 2026, धारा 303(2) भादवि के तहत दर्ज मामले की जांच के क्रम में पांडू अंचल कैम्प रेहला के पु०नि० राम अशीष पासवान के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी के दौरान ग्राम सिरहा में पुलिस को देखकर एक युवक प्लसर मोटरसाइकिल (संख्या JH03AP-2800) से भागने का प्रयास करने लगा, जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया।

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम कमलेश कुमार चौधरी (18 वर्ष), पिता जनेश्वर चौधरी, ग्राम लहर बंजारी, थाना उँटारी रोड, जिला पलामू बताया। उसकी निशानदेही पर चोरी की गई ट्रांसफार्मर कॉयल बरामद की गई। साथ ही घटना में प्रयुक्त प्लसर मोटरसाइकिल, एक मोबाइल फोन तथा पार्ट-पुर्जा खोलने वाला रिंच भी जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। छापामारी दल में थाना प्रभारी संतोष गिरि, सअनि मुन्नालाल जमुदा, सअनि जेवियर मिंज सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

# मनातू थाना क्षेत्र में चार एकड़ अवैध पोस्ता फसल नष्ट

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मनातू थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब चार एकड़ में लगी अवैध अफीम/पोस्ता की फसल नष्ट कर दी।

पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम करमा के जंगली क्षेत्र में वन भूमि पर अवैध रूप से अफीम/पोस्ता की खेती की जा रही है। सूचना के आधार पर मनातू थाना पुलिस और सशस्त्र बल के जवानों ने छापामारी अभियान चलाया।



अभियान के दौरान करीब चार एकड़ क्षेत्र में लगी अवैध पोस्ता की फसल को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि इस खेती में शामिल लोगों की पहचान और सत्यापन की प्रक्रिया जारी है। संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने कहा कि अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

# भंडार पंचायत सचिव की कार्यशैली से नाराज़ ग्रामीण, डीसी से करेंगे शिकायत

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर/विश्रामपुर।** भंडार पंचायत में पंचायत सचिव की कार्यशैली को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत में संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर लाभुकों एवं बिचौलियों से मनमानी राशि की अपेक्षा की जाती है। मनमाफिक रकम नहीं देने पर योजनाओं की प्रक्रिया में अनावश्यक बाधाएं खड़ी कर दी जाती हैं।

ग्रामीणों के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना और मनरेगा समेत अन्य विकास योजनाओं में लाभुकों को समय पर स्वीकृति, भुगतान और तकनीकी प्रक्रिया में अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पा रहा है। कुछ लाभुकों ने नाम प्रकाशित नहीं करने की शर्त पर बताया कि उनसे अप्रत्यक्ष रूप से अतिरिक्त राशि की मांग की जाती है। राशि नहीं देने पर फाइल लंबित रखने की चेतावनी भी दी जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत में भय और दबाव का माहौल बन गया है, जिससे कई लोग खुलकर विरोध करने से हिचक रहे हैं। हालांकि अब ग्रामीणों ने एकजुट होकर मामले को जिला प्रशासन तक पहुंचाने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि जल्द ही सामूहिक रूप से पलामू उपायुक्त को लिखित शिकायत देकर पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की जाएगी। ग्रामीणों ने कहा कि पंचायत का उद्देश्य गांव का विकास और गरीबों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। ऐसे में योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बेहद जरूरी है। उन्होंने जिला प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत करने वालों में कृष्णा तिवारी, राजा राम, दिवाकर प्रसाद, आदित्य राय, अंजनी पांडेय, चरितर राम, कुसूमी देवी, चंपा कुंवर, शनिचरी देवी और गीता देवी समेत कई ग्रामीण शामिल हैं।

# केतार में मनरेगा मजदूरों का दो माह से भुगतान लंबित, 9,172 मजदूरों का 1.40 करोड़ बकाया

बिट्टू सिंह

**केतार।** केतार प्रखंड में मनरेगा मजदूरों का पिछले दो माह से मजदूरी भुगतान लंबित है। भुगतान नहीं होने से मजदूरों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

मजदूरों का कहना है कि उन्होंने तालाब, डोभा, सिंचाई कूप और बागवानी जैसी योजनाओं में काम किया, लेकिन दो माह बीत जाने के बाद भी उनके खातों में मजदूरी की राशि नहीं पहुंची है। इससे परिवार के दैनिक खर्च और बच्चों की पढ़ाई-लिखाई जैसी आवश्यकताओं को पूरा करना मुश्किल हो गया है।

मजदूरों को उम्मीद थी कि होली के अवसर पर मजदूरी मिल जाएगी, लेकिन भुगतान नहीं होने से उन्हें निराशा हाथ लगी। प्रखंड के सात पंचायतों के कुल 9,172 मजदूरों का लगभग 1 करोड़ 40 लाख 4 हजार 855 रुपये मजदूरी बकाया है।



इनमें बलिगढ़ पंचायत के 1,937 मजदूरों का 29,61,060 रुपये, केतार पंचायत के 1,731 मजदूरों का 26,46,645 रुपये, लोहरगाड़ा पंचायत के 75 मजदूरों का 1,53,510 रुपये, मुकुंदपुर पंचायत के 1,844 मजदूरों का 28,06,530 रुपये, पाचाडुमर पंचायत के 2,444 मजदूरों का 37,19,940 रुपये, परसोडीह पंचायत के 645 मजदूरों का 9,87,105 रुपये तथा परती कुशवानी पंचायत के 496 मजदूरों का 7,30,065 रुपये मजदूरी लंबित है।

मजदूरों ने जल्द से जल्द भुगतान कराने की मांग की है। इस संबंध में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी कमलेश कुमार ने बताया कि मजदूरी भुगतान के लिए राज्य स्तर पर एफटीओ भेज दिया गया है। भुगतान की प्रक्रिया राज्य और केंद्र स्तर से पूरी की जाती है।

# बुज़ुर्ग की टांगी से हत्या, आरोपित फरार

नवीन मेल संवाददाता

**पलामू।** रंगों और उमंग के पर्व होली के दिन पलामू के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के हीरा सिकनी गांव में खुशियां उस वक्त मातम में बदल गईं, जब आपसी विवाद ने खूनी रूप ले लिया। गांव में जहां एक ओर लोग अबीर-गुलाल में सराबोर थे, वहीं दूसरी ओर 70 वर्षीय बुजुर्ग विश्वनाथ रजवार की टांगी से मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान हीरा सिकनी निवासी विश्वनाथ रजवार (70) के रूप में हुई है। आरोप है कि गांव के ही उनके गोतिया कपिल रजवार (25) ने गुस्से और शराब के नशे में धुत होकर इस वारदात को अंजाम दिया। घटना बुधवार देर शाम की बताई जा रही है। गुरुवार सुबह शव का पोस्टमार्टम हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया।

**तू-तू मैं-मैं से शुरू हुआ विवाद, खून-खराबे में बदला :** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई। होली के दिन पहले से ही माहौल में शराब का असर था। इसी दौरान बात इतनी बढ़ गई कि कपिल रजवार ने टांगी उठा ली और विश्वनाथ रजवार पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।




**गांव में दहशत, पुलिस जांच में जुटी**

घटना की खबर आग की तरह पूरे गांव में फैल गई। होली का उत्सव पलभर में सन्नाटे में बदल गया। सूचना मिलते ही हुसैनाबाद थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आरोपित को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी कर रही है। प्रारंभिक जांच में आपसी रंजिश और शराब के नशे को घटना का कारण बताया जा रहा है। इस घटना के बाद गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# मेदिनीनगर में धूमधाम से जला होलिका, रंगों में सराबोर हुआ शहर

- डीआईजी, डीसी और एसपी भी होली गीतों पर थिरके

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर शहर में होली का पर्व पूरे उल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। सोमवार और मंगलवार की देर रात शहर के विभिन्न स्थानों पर विधि-विधान से होलिका दहन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। लोगों ने पूजा-अर्चना कर परिवार और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। चंद्रग्रहण के कारण इस वर्ष परंपरा के अनुसार बुधवार को रंगों की होली खेली गई।



शहर के विभिन्न मोहल्लों में लोग रंग-अबीर के साथ होली का आनंद लेते नजर आए। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी ने बढ़-चढ़कर इस पर्व में भाग लिया। प्रशासनिक महकमा भी होली की उमंग से अछूता नहीं रहा। पलामू के डीआईजी किशोर कौशल, उपायुक्त समीरा एस और एसपी रीष्मा रमेशन के आवास पर होली मिलन कार्यक्रम आयोजित हुआ, जहां अधिकारियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं और पारंपरिक होली गीतों पर जमकर थिरके।

# अवैध शराब के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई, भारी मात्रा में जावा महुआ नष्ट


नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** होली पर्व के मद्देनज़र पलामू पुलिस ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अवैध महुआ शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ व्यापक छापामारी अभियान चलाया। 1 मार्च से 3 मार्च तक चलाए गए अभियान में भारी मात्रा में जावा महुआ, देशी शराब तथा शराब बनाने के उपकरणों को मौके पर ही नष्ट किया गया। नवाजयपुर थाना क्षेत्र के हरैया, दुआंबा, धांगरडीहा और कंचनपुर गांवों में छापामारी कर करीब 250 लीटर जावा महुआ नष्ट किया गया। वहीं उँटारी रोड थाना क्षेत्र के मुर्मा खुर्द में लगभग 80 किलोग्राम जावा महुआ नष्ट किया गया। पिपराटांड़ थाना क्षेत्र के कई गांवों में करीब डेढ़ क्विंटल जावा महुआ, 20 लीटर देशी शराब और उपकरणों को नष्ट किया गया। इसी तरह पालहे कला और सिरमा गांव में करीब 250 किलोग्राम जावा महुआ और 55 लीटर महुआ शराब को नष्ट किया गया। तरहसी थाना क्षेत्र, नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र तथा पांडू थाना क्षेत्र में भी छापामारी कर बड़ी मात्रा में जावा महुआ और शराब बनाने के उपकरण नष्ट किए गए। पुलिस ने कहा कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।



# 9 से 11 मार्च तक सांकेतिक, 12 से अनिश्चितकालीन आंदोलन

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ ने लंबित मांगों, छह माह से अधिक समय से लंबित मानदेय भुगतान और असंगत कार्य परिस्थितियों के विरोध में हड़ताल की घोषणा की है। संघ के अनुसार राज्यभर के मनरेगा कर्मी 9, 10 और 11 मार्च 2026 को सांकेतिक हड़ताल पर रहेंगे। संघ ने बताया कि यदि इस अवधि के भीतर उनकी मांगों पर ठोस और समयबद्ध समाधान नहीं किया गया, तो 12 मार्च 2026 से सभी मनरेगा कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।




संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि मनरेगा कर्मियों की सेवा सुरक्षा, नियमितीकरण नीति के निर्माण, वेतन संरचना में समानता, समयबद्ध मानदेय भुगतान और कार्य परिस्थितियों में सुधार को लेकर लंबे समय से राज्य सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया जा रहा है। इस संबंध में कई बार ज्ञापन सौंपे गए और प्रतिनिधिमंडल स्तर पर वार्ता भी हुई, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है।

इसी के मद्देनजर संघ की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से आंदोलन का निर्णय लिया गया। इसके तहत पलामू जिले के सभी मनरेगा कर्मी भी 9, 10 और 11 मार्च को सांकेतिक हड़ताल पर रहेंगे। संघ ने स्पष्ट किया है कि यदि सरकार द्वारा मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं की जाती है, तो 12 मार्च से जिले सहित पूरे राज्य के मनरेगा कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

## पेज एक के शेष

### रांची का नवदंपति...

'खुशियों की यात्रा अब चिंता में बदल गई': अतुल उरांव ने फोन पर बातचीत में बताया कि वे अपनी जिंदगी के सबसे खास पल को मनाने दुबई आए थे, लेकिन अचानक हालात बदल गए। उन्होंने कहा कि जैसे ही उड़ानों के रद्द होने की खबर मिली, तभी से चिंता बढ़ गई है। वहीं डॉ. कंचन बाड़ा ने बताया कि यहां का माहौल पहले जैसा सामान्य नहीं लग रहा है। कई जगहों पर सन्नाटा है और लोग भी काफी सतर्क दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि फिलहाल वे सुरक्षित हैं, लेकिन हर नई खबर के साथ बेचैनी बढ़ जाती है। दोनों चाहते हैं कि जल्द से जल्द अपने घर और परिवार के बीच लौट सकें।

रांची में परिवारों की बढ़ी चिंता : इधर रांची में दोनों परिवारों में चिंता का माहौल है। कुछ दिन पहले तक जहां शादी की खुशियों से घर भरा हुआ था, वहीं अब परिवार के लोग उनकी सुरक्षित वापसी के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। परिजन लगातार फोन और मैसेज के जरिए संपर्क में रहने की कोशिश कर रहे हैं और अंतरराष्ट्रीय हालात पर नजर बनाए हुए हैं।

**सरकार से मदद की अपील :** परिवार के लोगों ने झारखंड सरकार से मानवीय आधार पर हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने सीएम हेमंत सोरेन से अपील की है कि केंद्र सरकार और यूएई में स्थित भारतीय दूतावास से समन्वय कर नवदंपति समेत खाड़ी देशों में फंसे झारखंड के लोगों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित कराई जाए। परिजनों का कहना है कि यह सिर्फ एक परिवार की चिंता नहीं है, बल्कि उन सभी लोगों की चिंता है जो मौजूदा अंतरराष्ट्रीय तनाव के कारण वहां फंसे हुए हैं। फिलहाल सभी की नजर इस बात पर टिकी है कि हालात कब सामान्य होंगे और फंसे हुए लोग अपने घर सुरक्षित लौट पाएंगे।

### नीतीश कुमार ने...

"पिछले दो दशक से भी अधिक समय से आपने अपना विश्वास व समर्थन मेरे साथ लगातार बनाए रखा है, और उसी के बल पर हमने बिहार की और आप सब लोगों की पूरी निष्ठा से सेवा की है। आपके विश्वास और समर्थन की ही ताकत थी कि बिहार आज विकास और सम्मान का नया आयाम प्रस्तुत कर रहा है। इसके लिए पूर्व में भी मैंने आपके प्रति कई बार आभार व्यक्त किया है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, "संसदीय जीवन शुरू करने के समय से ही मेरे मन में एक इच्छा थी कि मैं बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों के साथ संसद के भी दोनों सदनों का सदस्य बनूं। इसी क्रम में इस बार हो रहे चुनाव में राज्यसभा का सदस्य बनना चाह रहा हूं। भारत निर्वाचन आयोग ने 18 फरवरी को 10 राज्यों में रिक्त होने वाली 37 सीटों को भरने के लिए द्विवार्षिक चुनावों का कार्यक्रम घोषित किया था। ये सीटें इसलिए रिक्त हो रही हैं, क्योंकि वर्तमान सदस्यों का कार्यकाल अप्रैल 2026 में समाप्त होने वाला है। अधिसूचित कार्यक्रम के अनुसार, मतदान 16 मार्च को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक होगा और मतगणना उसी दिन शाम 5 बजे होगी।

इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पटना में मुख्यमंत्री आवास पहुंचे। यहां उन्होंने नीतीश कुमार के साथ मुलाकात की। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन तथा उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित कई नेता भी वहां पहुंचे और बैठक की। बताया गया कि इस बैठक में राज्यसभा चुनाव के साथ-साथ बिहार की मौजूदा राजनीतिक स्थिति और आगे की रणनीति पर भी चर्चा हुई।

### बंगाल के राज्यपाल...

उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने उन्हें सूचित किया कि आरएन रवि को पश्चिम बंगाल का नया राज्यपाल बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केंद्र का एकतरफा फैसला है और इस पर मुझसे कोई सलाह नहीं ली गई। सीवी आनंद बोस ने 23 नवंबर 2022 को बंगाल के राज्यपाल के रूप में पद संभाला था। लद्दाख के उपराज्यपाल कवींद्र गुप्ता ने 18 जुलाई 2025 को कार्यभार ग्रहण किया था।

### ईरान युद्ध : गेल को...

भारत में गेल करीब 11,400 किलोमीटर लंबे प्राकृतिक गैस पाइपलाइन नेटवर्क का संचालन करती है और देश में गैस ट्रांसमिशन के क्षेत्र में लगभग 75 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी रखती है। यह नेटवर्क कई गैस स्त्रोतों को बड़े औद्योगिक उपभोक्ताओं और अन्य ग्राहकों से जोड़ता है।

मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के कारण वैश्विक ऊर्जा बाजार में भी हलचल देखी जा रही है। एशिया में स्पॉट एलएनजी की कीमतें तीन साल के उच्च स्तर के करीब पहुंचने के बाद गुरुवार को थोड़ी नरम हुईं। ट्रेडर्स के अनुसार, एशिया में स्पॉट एलएनजी की कीमत लगभग 23.80 डॉलर प्रति मिलियन ब्रिटिश थर्मल यूनिट कर गिर गई, जो पिछले सप्ताह की तुलना में अभी भी दोगुनी से ज्यादा है। ऊर्जा बाजार में यह उछाल उस समय आया जब अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर संयुक्त हवाई हमला किया, जिसके जवाब में ईरान ने खाड़ी क्षेत्र में मिसाइल और ड्रोन हमले किए, जिसके बाद क्षेत्र में तेल और गैस सप्लाई को लेकर चिंताएं और बढ़ गई हैं। बाजार को सबसे ज्यादा चिंता स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर है, जो फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ने वाला बेहद अहम समुद्री मार्ग है। इसी रास्ते से मिडिल ईस्ट से बड़ी मात्रा में तेल और गैस की सप्लाई दुनिया भर में होती है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, कतर के रास लाफान एलएनजी प्लांट (दुनिया का सबसे बड़ा एलएनजी निर्यात प्लांट) पर भी परिचालन रोक दिया गया है। इसके अलावा, कुछ एलएनजी टैंकरों ने यूरोप की बजाय एशिया की ओर अपना रास्ता बदल लिया है, जिससे सप्लाई के लिए प्रतिस्पर्धा और तेज हो गई है।विशेषज्ञों का मानना है कि अगर मिडिल ईस्ट में तनाव लंबे समय तक जारी रहा तो वैश्विक ऊर्जा बाजार और भी अस्थिर हो सकता है, जिसका असर भारत जैसे आयात पर निर्भर देशों पर भी पड़ सकता है।

### टी20 वर्ल्ड कप...

झटका फिल साल्ट के रूप में लगा जो सिर्फ 5 के निजी स्कोर पर हार्दिक पांड्या का शिकार बने। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरे इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक से उनकी टीम को बड़ी पारी की उम्मीद थी, लेकिन वह सिर्फ 7 रन बनाकर जसप्रीत बुमराह का शिकार बने। इस तरह से इंग्लैंड ने पांचवें ओवर की पहली गेंद पर 38 के स्कोर तक अपने 2 अहम विकेट गंवा दिए थे। यहां जैकब बेथेल ने जोस बटलर का साथ तो दिया लेकिन पारी के छठे ओवर में बटलर 17 गेंदों में 25 रन बनाकर वरुण चक्रवर्ती की गेंद पर बोल्ड हो गए, जिसमें पहले 6 ओवर्स का खेल खत्म होने पर इंग्लैंड का स्कोर 3 विकेट के नुकसान पर 68 रन था।

### खामेनेई की मौत...

नई दिल्ली में दूतावास ने भारतीय लोगों, राजनयिकों और जो भी हमदर्दी दिखाना चाहते हैं, उन्हें शोक बुक पर साइन करने के लिए कहा है। शोक बुक पर गुरुवार (5 मार्च), शुक्रवार (6 मार्च) और सोमवार (9 मार्च) संवेदनाएं जाहिर की जा सकती हैं। 86 वर्षीय खामेनेई की 28 फरवरी को इजरायल और अमेरिका के संयुक्त सैन्य हमले में मृत्यु हो गई थी। बाद में अमेरिका ने दावा किया था कि सैन्य बैठक में उनके साथ कई शीर्ष सैन्य अफसर भी मारे गए थे। मृतकों में ईरान के रक्षा मंत्री और आईआरजीसी के प्रमुख भी शामिल थे। हमले में खामेनेई के करीबी परिजनों के भी मारे जाने की खबर आई थी, जिसमें उनकी बहू, बेटी, और नाती का नाम शामिल था। हमले में घायल खामेनेई की पत्नी की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। सर्वोच्च नेता के मारे जाने के बाद से ही मध्य पूर्व में हालात नियंत्रण से बाहर हो गए। तेहरान ने यूएस बेस को निशाना बना कई खाड़ी देशों पर अटैक किया। गुरुवार को तो उसकी सीमा से सटे अजरबैजान पर भी दो ड्रोन हमले हुए, जिसके बाद ईरानी दूत को तलब किया गया। बाकू ने बताया कि हवाई अड्डे और स्कूल पर ये हमले किए गए, जिसमें दो लोग घायल हो गए। 86 वर्षीय खामेनेई, 1989 से ईरान के सर्वोच्च नेता थे। ईरानी राज्य मीडिया ने उनकी मौत की पुष्टि की और 40 दिनों के राष्ट्रीय शोक का ऐलान किया था। इस घटना ने वैश्विक स्तर पर मिश्रित प्रतिक्रियाएं उत्पन्न की हैं, जिसमें मिस्त्र का रुख विशेष रूप से ध्यान आकर्षित कर रहा है। राजधानी काहिरा में स्थित ईरानी दूतावास पर खामेनेई की मौत के बाद शोक व्यक्त करने वाले लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी।




### नितिन नवीन ने राज्यसभा चुनाव के लिए दाखिल किया नामांकन, कहा

# आगे बढ़ाते रहेंगे 'विकसित बिहार' का संकल्प



**एजेंसी । पटना**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने गुरुवार को पटना में आगामी द्विवार्षिक राज्यसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। भाजपा ने नितिन नवीन को बिहार से राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया है। नितिन नवीन के नामांकन के दौरान केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व विजय कुमार सिन्हा उपस्थित रहे। वहीं, बिहार में एनडीए की सहयोगी आरएलएम पार्टी के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा भी मौजूद थे। भाजपा अध्यक्ष ने राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया, "राज्यसभा के लिए नामांकन प्रस्तुत करते हुए मन स्वाभाविक रूप से उस लंबी यात्रा को याद कर रहा है, जिसे हमने आप सबके साथ मिलकर तय किया है। मुझे पटना पश्चिम (बांकीपुर) की जनता ने हाथ पकड़कर चलना सिखाया है। पिछले दो दशकों से अधिक समय से आपने जो विश्वास और स्नेह दिया है, उसी के बल पर मुझे बिहार सरकार में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए राज्य और समाज की सेवा करने का अवसर मिला, जिसे मैंने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाने का प्रयास किया है। उन्होंने आगे लिखा, "चाहे श्रीरामनवमी की भव्य शोभायात्रा की तैयारियां हों, आस्था के पर्वों की व्यवस्था हो या बांकीपुर के विकास से जुड़े संकल्प, हर कदम पर मैंने स्वयं को आप सबके विश्वास का प्रतिनिधि मानकर कार्य किया है। आज राज्यसभा के लिए नामांकन करते हुए मन में वही जिम्मेदारी और सेवा का संकल्प है। नितिन नवीन ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, "मैं विश्वास दिलाता हूं कि बांकीपुर की जनता के साथ मेरा यह आत्मीय संबंध आगे भी इसी विश्वास व समर्पण के साथ बना रहेगा और हम सब मिलकर विकसित बिहार के संकल्प को आगे बढ़ाते रहेंगे। आपका विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी शक्ति है। नामांकन से पहले नितिन नवीन ने पटना जंक्शन स्थित श्री महावीर मंदिर में दर्शन-पूजन कर प्रभु श्री हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने पटना के बांसघाट स्थित काली मंदिर और गोलघर स्थित मां अखंडवासिनी मंदिर में भी पूजा-अर्चना की।

## राज्यसभा में नीतीश कुमार से सकारात्मक भूमिका की उम्मीद : उमर अब्दुल्ला

**एजेंसी । जम्मू**



बिहार के सीएम नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के ऐलान पर जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि नीतीश कुमार राज्यसभा में एक पॉजिटिव और कंस्ट्रक्टिव भूमिका निभाएंगे। उन्होंने ये भी कहा कि हमारे तीन साथी राज्यसभा में हैं, मैं उनसे कहूंगा कि समय-समय पर नीतीश कुमार से मिलें। जम्मू में मीडिया से बातचीत के दौरान जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि नीतीश कुमार बिहार के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे हैं, यह स्वाभाविक था कि उनका कार्यकाल आखिरकार खत्म हो जाएगा। बेशक यह बिहार सरकार और उसके सहयोगियों का अंदरूनी मामला है। चूंकि नीतीश कुमार कभी इंडिया ब्लॉक में हमारे साथी थे, इसलिए बिहार चुनाव 2025 के तीन महीने बाद उनका राज्यसभा जाना ध्यान देने लायक है। अब जब उन्होंने यह निर्णय लिया है, तो हम बिहार के लोगों की सेवा के लिए उन्हें धन्यवाद देते हैं। हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं और उम्मीद करते हैं कि वह भविष्य में राज्यसभा में एक पॉजिटिव और कंस्ट्रक्टिव भूमिका निभाएंगे। नेपाल चुनाव पर उमर अब्दुल्ला ने कहा कि यह अच्छी बात है कि चुनाव होने चाहिए। लोकतंत्र में बिना चुनाव के सरकार कैसे बन सकती है। मैंने अखबारों में जो पढ़ा है, उसके हिसाब से वहां एक नया नेता सामने आया है। अब देखते हैं कि नेपाल के लोग क्या फैसला लेते हैं। जम्मू सरकार द्वारा चलाए जा रहे प्रोग्राम के बारे में सीएम अब्दुल्ला ने कहा कि हमारे तीन खास प्रोग्राम हैं, जिनके तहत हमारा मकसद खेती और उससे जुड़ी सेवाओं में स्टार्ट-अप कल्चर बनाना है।

## 'नीतीश कुमार ने बिहार की जनता के साथ धोखा किया है : हरीश रावत

**एजेंसी । देहरादून**



उत्तराखंड के पूर्व सीएम और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के फैसले पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि यह बिहार के लोगों के साथ धोखा है। सीएम नीतीश कुमार ने गुरुवार को इस बात की जानकारी दी है कि वे राज्यसभा जा रहे हैं। उन्होंने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की मौजूदगी में राज्यसभा उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। राज्यसभा के लिए सीएम नीतीश कुमार के नामांकन पत्र दाखिल करने पर उत्तराखंड के पूर्व सीएम हरीश रावत ने देहरादून में समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत करते हुए कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव नीतीश कुमार की लीडरशिप पर लड़ा गया था। यह चुनाव सुशासन बाबू के नाम पर लड़ा गया था। बिहार की जनता ने एनडीए पर भरोसा जताया और भारी बहुमत दिया, लेकिन तीन महीने बाद भी भाजपा इसे पचा नहीं पाई। यह तो बिहार की जनता की ओर से एनडीए को जो बहुमत मिला था, उसका अपहरण, चोरी और खुलेआम डकैती है। भाजपा ने तीन महीने में सीएम नीतीश कुमार को इतना बेबस कर दिया कि उन्हें राज्यसभा ले जा रहे हैं। भाजपा ने बिहार को कब्जे में लेने के लिए सीएम नीतीश कुमार को ढाल बनाया। उन्होंने कहा कि जो कुछ भी बिहार के सीएम और भाजपा ने किया है, मुझे लगता है कि बिहार की जनता इसे समझेगी। भाजपा के साथ सीएम नीतीश कुमार को भी जवाब देना होगा। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि वे राजनीतिक प्रपंच कर रहे हैं। नीतीश कुमार के साथ वे सौदेबाजी कर रहे हैं कि आपके पुत्र को राजनीति में ले आएंगे।

## ईरान पर हमला : ट्रंप- नेतन्याहू की रणनीति फंस गई?

**ब्यूरो**




**नई दिल्ली।** मध्य पूर्व की हवा इन दिनों बारूद की तरह महक रही है। अमेरिका व इजरायल ने यह सोचकर ईरान पर जोरदार हमले किए कि तेहरान (ईरान की राजधानी)की सरकार गिर जाएगी और सत्ता बदल जाएगी। लेकिन खेल गड़बड़ाता लग रहा है। ट्रंप और नेतन्याहू का प्लान उल्टा पड़ रहा है—ईरान की सत्ता मजबूत हो रही है, लोग एकजुट हो रहे हैं और युद्ध लंबा खींचता दिख रहा है। यह सिर्फ बंदूकों की लड़ाई नहीं, बल्कि गलत फैसलों, घरेलू राजनीति और वैश्विक चालों का खतरनाक खेल बन चुका है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की योजना सीधी थी, ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की सरकार को कमजोर कर सत्ता पलटना। ट्रंप ने कई बार कहा कि ईरान में जो लोग खामेनेई के खिलाफ हैं, वे आगे आएं—अमेरिका मदद करेगा। यह दांव ईरान के अंदरूनी झगड़ों पर टिका था। याद कीजिए, 2022 में महसा अमीनी की मौत पर महिलाओं और छात्रों का बड़ा आंदोलन हुआ था—हजारों सड़कों पर उतरे, सरकार विरोधी नारे लगे। 2019-20 में ईंधन कीमत बढ़ने पर भी विरोध प्रदर्शन हुए, सैकड़ों गिरफ्तार हुए। इसी कमजोरी का फायदा उठाने के लिए इजरायल ने जनवरी 2026 में 'ऑपरेशन राइजिंग लायन' चलाया। अमेरिकी एफ-35 लड़ाकू विमानों ने नतांज और फोर्डो परमाणु साइटों पर बम गिराए। रिपोर्ट्स बताती हैं कि 12 ईरानी जनरल और 200 से ज्यादा वैज्ञानिक मारे गए।तब इजरायल का दावा था कि ईरान का 40% यूरेनियम संवर्धन सिस्टम तबाह हो गया। लेकिन युद्ध की हकीकत किताबी प्लानों से अलग होती है। ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड्स इतनी मजबूत है कि टॉप लीडर मरने पर दूसरे तुरंत कमान संभाल लेते हैं। जनरल हुसैन सलामी की जगह कुद्स फोर्स कमांडर इस्माइल कानी ने ली। तेहरान में भारी नुकसान हुआ, इस्फ़हान में 500 से ज्यादा आम लोग मारे गए, तेल रिफाइनरियां जल गईं। फिर भी सरकार नहीं हिली। उल्टे, विरोध करने वाले लोगों में देशभक्ति की लहर दौड़ गई। सोशल मीडिया पर #IranStandsUnited ट्रेंड कर रहा है। पहले के आलोचक अब कहते हैं, 'अमेरिका-इजरायल हमें मिटाना चाहते हैं।' खामेनेई समर्थक 'बासिज' मिलिशिया ने मारे गए नेताओं को 'राष्ट्र रक्षक' बताकर 'शहादत' की कहानी फैलाई है। फार्स न्यूज एजेंसी के सर्वे (28 फरवरी 2026) से पता चला- हमले से पहले सरकार का समर्थन 45% था, अब 68% लोग साथ हैं।सैन्य मोर्चे पर भी अमेरिका-इजरायल पिछड़ रहे हैं। ईरान ने 2 फरवरी को 'ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-3' से जवाब दिया—300 ड्रोन और 50 बैलिस्टिक मिसाइलों से इराक के अल-असद एयरबेस पर हमला किया। जिसके बाद थोड़ा इधर-उधर करने के बाद पेंटागन ने कबूला- 12 अमेरिकी सैनिक मारे गए, 50 घायल। उसके बाद हिंद महासागर में ईरानी जहाज 'शाहिद राजई' पर टारपीडो अटैक (अमेरिकी सबमरीन से) किया गया जिसमें 25 क्रू मेंबर मारे गए। ईरान ने जवाब में होर्मुज जलडमरूमध्य बंद करने की धमकी दी, जहां से दुनिया का 20% तेल गुजरता है। रूस ने साफ कहा (क्रेमलिन, 1 मार्च)ः 'ईरान ने हथियार नहीं मांगे।' ईरान का संदेश है कि हम अकेले लड़ेंगे।उधर चीन ने शांति के लिए मध्यस्थता ऑफर की है।

# शुभेंदु भबानीपुर में ममता को नंदीग्राम की तरह हराएंगे या खेला होबे ?

**सुनील बादल**

राजनीति में कब क्या हो जाए कोई नहीं जानता और इसी अनिश्चितता के कारण कई बार कई अच्छे नेता भी या तो गलत फैसले लेते हैं या लालच पर पड़कर अपना भविष्य बिगाड़ लेते हैं जबकि कई बार कई बहुत बड़े नेताओं को मामूली लोग बुरी तरह हरा कर इतिहास में नाम दर्ज करा लेते हैं।इंदिरा गांधी को जब राजनारायण ने 1977 के लोकसभा चुनाव में हराया था तब की यह बड़ी घटना थी। 2019 के लोकसभा चुनाव में सुब्रत पाठक ने कन्नौज में डिंपल यादव को हराया तो स्मृति ईरानी ने 2019 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी को अमेठी में हराया। केपी यादव ने गुना में ज्योतिरादित्य सिंधिया को मात दी थी। दिल्ली के पूर्व सीएम आम आदमी पार्टी के सर्वेसर्वा अरविंद केजरीवाल को बीजेपी के साहिब सिंह वर्मा ने हार का स्वाद चखाया। लेकिन एक ऐसे ही जायंट किलर जिन्होंने 2021 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को नंदीग्राम में हराया था वे टीएमसी से उसी साल बीजेपी में आए शुभेंदु अधिकारी थे । इस बार शुभेंदु 2026 के चुनाव में ममता के कोलकाता स्थित गढ़ भबानीपुर से उन्हें चुनौती दे सकते हैं। कभी घनिष्ठ सहयोगी रहे इन दोनों ने नंदीग्राम आंदोलन में साथ काम किया था। ममता के साथ मिलकर सीपीआई (एम) को सत्ता से बेदखल किया था और 2011 में तृणमूल कांग्रेस के उदय का मार्ग प्रशस्त किया। नंदीग्राम जो तृणमूल की सफलता का प्रतीक थी, वहां उसकी सबसे बड़ी नेता की हार की कहानी लिखी गई। ममता बनर्जी का नंदीग्राम सीट पर पुनः अधिकार प्राप्त करने का प्रयास लगभग 2,000 वोटों से असफल रहा, हालांकि उनकी तृणमूल कांग्रेस ने राज्य चुनाव जीत लिया। बाद में वे भबानीपुर लौट आईं और उपचुनाव में निर्णायक अंतर से जीत हासिल करते हुए तीसरी बार मुख्यमंत्री बनीं। बंगाल में यह सवाल तैर रहा है कि क्या नंदीग्राम की हार को 2026 में भबानीपुर में दोहराया जाएगा? वहां भाजपा के लिए आत्मविश्वास का एक प्रमुख स्रोत पश्चिम बंगाल में हुए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के परिणाम रहे हैं। एसआईआर प्रक्रिया के परिणामस्वरूप 6 करोड़ से अधिक मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं, जबकि 6 लाख नाम अभी भी विचाराधीन हैं। हालांकि नाम हटाए जाने से राज्य की सभी सीटें प्रभावित हुईं, लेकिन कुछ सीटें दूसरों की तुलना में अधिक प्रभावित हुईं। इनमें से एक सीट भबानीपुर है। एसआईआर की अंतिम मतदाता सूची से पता चलता है कि इस सीट से कम से कम 47,000 नाम हटा दिए गए हैं, जबकि 14,154 नामों पर अभी भी विचार चल रहा है। अब यहां 267 बूथ हैं, अंतिम सूची में पंजीकृत मतदाताओं की संख्या 2,06,295 से घटकर 1,59,201 हो गई। वहीं, शुभेंदु की सीट नंदीग्राम में 2,78,212 मतदाताओं में से 10,599 नाम हटाए गए। तब से, कई भाजपा नेताओं ने दावा किया है कि बनर्जी 2026 में अपना पुराना गढ़ खो देंगी।2011 से, भवानीपुर मुख्यमंत्री कार्यालय पर ममता बनर्जी की पकड़ का मजबूत गढ़ रहा है। हालांकि, 2014 के लोकसभा चुनावों से इस प्रभुत्व में दरारें दिखनी शुरू हो गईं, जब भाजपा ने इस निर्वाचन क्षेत्र के कई वार्डों में महत्वपूर्ण पैठ बनाई। भवानीपुर में वार्ड 63, 70, 71, 72, 73, 74, 77 और 82 शामिल हैं। 2014 के संसदीय चुनावों में, भाजपा उम्मीदवार तथागत रॉय ने इन वार्डों में तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार सुब्रता बख्शी को मात्र 176 वोटों के मामूली अंतर से हराया था। हालांकि रॉय बख्शी से हार गए, लेकिन भाजपा ने तब से इस प्रदर्शन को इस बात के सबूत के तौर पर पेश किया है कि भवानीपुर अब टीएमसी का अभेद्य गढ़ नहीं रहा। वार्ड स्तर पर इस रुझान से उत्साहित होकर, भाजपा अब भवानीपुर को 2026 के विधानसभा चुनाव में एक संभावित निर्णायक सीट के रूप में पेश कर रही है। बड़ा सवाल यह है कि क्या शुभेंदु अधिकारी इस निर्वाचन क्षेत्र से पार्टी के उम्मीदवार के रूप में उभर सकते हैं या ममता का कमाल अभी देखना शेष है ? हाल के घटनाक्रम और राजनीतिक संकेतों की एक श्रृंखला से संकेत मिलता है कि इस संभावना पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है, हालांकि पक्के तौर पर कुछ कहना अभी हड़बड़ी होगी। भवानीपुर में भाजपा की मजबूत पैठ बनाने की उम्मीद का एक उदाहरण यह है कि शुभेंदु अधिकारी ने अपना वॉर रूम स्थापित करने के लिए इसी निर्वाचन क्षेत्र को चुना है। वार्ड 70 में चक्रबेरिया रोड (दक्षिण) स्थित 8/1B के एक मकान के भूतल पर यह विशेष वॉर रूम बनाया गया है। वार्ड 70 ही क्यों? इसका कारण एक बार फिर यही है कि 2014 में इसी वार्ड ने भाजपा को सबसे बड़ी बढ़त दिलाई थी। 2026 के चुनावों के लिए भवानीपुर में भाजपा ने अपने उम्मीदवार को अंतिम रूप देने से पहले ही, पार्टी ने जमीनी स्तर पर काम शुरू कर दिया है, जिसके तहत पूरे निर्वाचन क्षेत्र की दीवारों पर कमल के चिन्ह दिखाई दे रहे हैं। अटकलों को हवा देते हुए, भाजपा के पश्चिम बंगाल के पूर्व अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने शुभेंदु अधिकारी के लिए उम्मीदवारी की संभावना को खुला रखा है। इस मुद्दे पर टिप्पणी करते हुए सुकांत ने कहा कि अगर ममता बनर्जी भवानीपुर से चुनाव लड़ती हैं, तो पार्टी तय करेगी कि उनके सामने कौन होगा। उन्होंने कहा कि अगर पार्टी को लगता है कि शुभेंदु सही उम्मीदवार हैं, तो वह चुनाव लड़ेंगे। इस तरह उन्होंने शुभेंदु अधिकारी के भवानीपुर से संभावित चुनाव लड़ने की अटकलों को और बल दिया। शुभेंदु ने खुद इस बात को और पुख्ता कर दिया है। जनसभाओं से लेकर मीडिया से बातचीत तक, विपक्ष के नेता ने बार-बार दावा किया है, "मैंने उन्हें नंदीग्राम में हराया था; इस बार मैं उन्हें भवानीपुर में भी हराऊंगा। मैं उन्हें 20,000 वोटों के अंतर से पूर्व मुख्यमंत्री बना दूंगा। इससे एक अहम सवाल खड़ा होता है कि क्या ममता बनर्जी 2026 में भवानीपुर से चुनाव लड़ेंगी, या क्या वह पिछली विधानसभा चुनाव की तरह फिर से सीट बदलेंगी? फिलहाल, भाजपा तृणमूल कांग्रेस पर कड़ी नजर रख रही है। अगर 2021 के चुनाव में नंदीग्राम ममता-शुभेंदु के बीच कांटे की टक्कर का केंद्र था, तो क्या 2026 में भवानीपुर सबसे चर्चित सीट बन जाएगी? इस बारे में चर्चा तेज होती जा रही है। वैसे बंगाल में ममता का डायलॉग खेला होबे अभी गुल खिलाएगा कहना मुश्किल है।



#### वल्लियूरक्कवु भगवती मंदिर

## आदिवासियों की आराध्य मां भगवती नवरात्रि में 3 विशेष रूपों में होता है पूजन

**एजेंसी । नई दिल्ली**

देशभर में 19 मार्च से पावन पर्व नवरात्रि की शुरुआत होने जा रही है। इस दौरान श्रद्धालु नौ दिनों तक मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा-अर्चना करते हैं और उनसे सुख, समृद्धि व शांति की कामना करते हैं। भारत में मां भगवती के अनेक प्राचीन और प्रसिद्ध मंदिर स्थित हैं, जिनसे जुड़ी चमत्कारी कथाएं और आस्था की परंपराएं सदियों से लोगों के विश्वास को मजबूत करती आई हैं। ऐसे ही केरल के वायनाड में मां भगवती के तीन अद्भुत रूपों की पूजा होती है, जिन्हें प्रकृति से जोड़कर देखा गया है।

हम बात कर रहे हैं वल्लियूरक्कवु भगवती मंदिर की। हरी-भरी प्रकृति के मनमोहक दृश्यों के बीच वल्लियूरक्कवु भगवती मंदिर स्थापित है।

#### ओमान ने 'युद्ध खत्म करने' का किया आग्रह

## विदेश मंत्रालय बोला,'फंसे लोगों को स्वदेश भेजने की कर रहे कोशिश'

**एजेंसी । मस्कट**

मध्य पूर्व में संघर्ष के छठे दिन ओमान ने फिर शांति अपील की। गुरुवार को उन्होंने दुनिया की भलाई के लिए सकारात्मक कदम उठाने की सिफारिश की। ओमान ने शांति अपील करते हुए वादा किया है कि वो अंतर्राष्ट्रीय एयरलाइंस के साथ मिलकर खाड़ी में फंसे लोगों को निकालने में मदद करेगा। ओमान के विदेश मंत्री बद्र अल-बुसैदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए संघर्ष रोकने की अपील की है। उन्होंने कहा कि "अब समय आ गया है कि इस युद्ध को खत्म किया जाए। उन्होंने कहा कि ओमान अपनी जमीन पर फंसे सभी लोगों को उनके घर भेजने में मदद करेगा। इसके लिए ओमान सरकार अलग-अलग देशों की सरकारों और अंतर्राष्ट्रीय एयरलाइंस के साथ मिलकर फ्लाइट्स का इंतजाम कर रही है।

### देश में पेट्रोल-डीजल और गैस की कोई कमी नहीं

**नई दिल्ली ।** पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के बीच भारत वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों की तलाश कर रहा है, ऐसे में ऑस्ट्रेलिया और कनाडा ने भारत को गैस बेचने की पेशकश की है। सरकारी सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। सरकार गैस खरीदने के लिए वैकल्पिक बाजारों की खोज कर रही है, क्योंकि भारत वर्तमान में प्रतिदिन 195 मिलियन मीट्रिक मानक घन मीटर (एमएमएससीएमडी) गैस आयात करता है, जिसमें से कतर 60 मिलियन एमएमएससीएमडी की आपूर्ति करता है।


### श्रीलंका के विदेश मंत्री विजिता रायसीना डायलॉग में शामिल होने दिल्ली पहुंचे

**नई दिल्ली ।** श्रीलंका के विदेश मंत्री एवं विदेशी रोजगार और पर्यटन मंत्री विजिता हेराथ गुरुवार को रायसीना डायलॉग 2026 में शामिल होने के लिए नई दिल्ली पहुंचे। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, "श्रीलंका के विदेश मामलों, विदेशी रोजगार और पर्यटन मंत्री, विजिथा हेराथ का रायसीना डायलॉग 2026 में हिस्सा लेने के लिए नई दिल्ली पहुंचने पर हार्दिक स्वागत है। भारत और श्रीलंका के बीच एक करीबी और कई तरह की साझेदारी है।

# 'अब संकल्प अपनी कीमत मांगेगा'

### संजय कपूर ने शेयर किया अपकमिंग सीरीज का दमदार ट्रेलर

अभिनेता संजय कपूर की आगामी सोशियो-पॉलिटिकल थ्रिलर वेब सीरीज 'संकल्प' ओटीटी पर स्ट्रीम होने के लिए तैयार है। गुरुवार को मेकर्स ने इसका ट्रेलर जारी कर दिया, जिसे देखकर फैंस काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। सीरीज को अमेजन एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम किया जाएगा। संजय कपूर ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर वेब सीरीज का ट्रेलर जारी किया। इसके साथ उन्होंने लिखा, "गुरु ने सिखाया, शिष्य ने अपनाया। अब संकल्प अपनी कीमत मांगेगा। फिल्म 'संकल्प' का ट्रेलर जारी कर दिया गया। हिट प्रोजेक्ट्स आश्रम, राजनीति और गंगाजल देने के बाद मशहूर फिल्म मेकर प्रकाश झा अब अपने फैंस के लिए एक राजनीतिक ड्रामा 'संकल्प' लेकर आ रहे हैं जो पावर, बदला, आइडियोलॉजी की जंग, राजनीति, भ्रष्टाचार और ब्यूरोक्रेसी के खेल को दिखाती है। 2 मिनट 2 सेकंड का ट्रेलर काफी इंटेंस और शानदार है। इसमें बिहार की राजनीति में बदले की भावना, गुरु-शिष्य का रिश्ता और सत्ता की लड़ाई को बखूबी दिखाया गया है। यह सीरीज सत्ता के संघर्ष, राजनीतिक दांव-पेंच और नौकरशाही के इर्द-गिर्द घूमती है। सत्ता, भ्रष्टाचार, और आधुनिक समय में चाणक्य-चंद्रगुप्त जैसी रणनीतियों पर आधारित वेब सीरीज़ में नाना पाटेकर ने 'मास्टर साहब' का रोल प्ले किया है, जो एक कमांडिंग मास्टर स्ट्रैटेजिस्ट हैं, जिनकी मौजूदगी हर सीन में छाई रहती है। वे अपना स्कूल चलाते हैं, जहां लड़कियों को पढ़ाते हैं और युवाओं को यूपीएससी की भी तैयारी करवाते हैं। वहीं, वेब सीरीज़ में संजय कपूर एक पॉलिटिशियन के किरदार में हैं, जबकि नीरज काबी उनके आइडियोलॉजिकल विरोधी के रूप में नज़र आएंगे। दोनों के बीच की तनातनी आने वाले पावर स्ट्रगल की ओर इशारा करती है।



सिनेमा जगत